भोपाल
गुरुवार, 12 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-3
वर्ष : 13, अंक : 221
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद



19.20 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

देहरादून। उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार सुबह 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस वर्ष 19.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। कपाट बंद होने के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सेना के बैंड की धुनों के बीच अंतिम पूजा-अर्चना संपन्न हुई। ▶▶शेष पेज 6 पर





केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों के लिए खोला खजाना, खाद की कीमतों पर ब्रेक, उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी

किसानों को खाद पर 62,370 करोड़ की सब्सिडी डीएपी का 50 किलो बैग 1,350 रुपए में ही मिलेगा

- कैबिनेट ने रबी सीजन 2026-27 के लिए नई दरों को दी मंजूरी
- मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि भी पांच साल बढ़ाई
- 20 लाख रुपए तक के कर्ज पर मिलेगा गारंटी कवर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने किसानों और छोटे कारोबारियों को राहत देने के लिए बुधवार को दो अहम फैसले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रबी सीजन 2026-27 के लिए फास्फेट और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की नई दरों को मंजूरी दी गई। इसके तहत केंद्र सरकार किसानों को करीब 62,370 करोड़ रुपए की सब्सिडी देगी। यह राशि पिछले ▶▶शेष पेज 6 पर


नरेंद्र मोदी

मुद्रा योजना में चार श्रेणियों में मिलता है कर्ज



- **शिशु:** 50 हजार रुपए तक।
- **किशोर:** 50 हजार से 5 लाख रुपए तक।
- **तरुण:** 5 लाख से 10 लाख रुपए तक।
- **तरुण प्लस:** 10 लाख से 20 लाख रुपए तक।

मुद्रा योजना की गारंटी निधि पांच साल बढ़ी

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत दिए जाने वाले कर्ज की ऋण गारंटी निधि को भी पांच साल बढ़ाकर 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके लिए 5,000 करोड़ रु. का कोष स्वीकृत किया गया है। इससे अगले पांच वर्षों में योजना के तहत 12.6 लाख करोड़ रु. के ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) ऋण देने वाली संस्थाओं को ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 10 भी

सीएम ने जताया पीएम मोदी का आभार


डॉ. मोहन यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसान हितैषी फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों के रुझानों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण ▶▶शेष पेज 6 पर

खबर संक्षेप

अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाए दाम, दूध होगा महंगा



नई दिल्ली। महंगाई के बीच आम उपभोक्ताओं को अब दूध के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। अमूल और मदर डेयरी ने 12 नवंबर से दूध के दामों में 2 से 4 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। इससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कंपनियों के मुताबिक, पशु चारे, पैकेजिंग सामग्री, ईंधन और दूध खरीदी की लागत बढ़ने के कारण कीमतों में संशोधन किया गया है। इससे दूध उत्पादकों को बेहतर भुगतान करने में मदद मिलेगी।

मॉर्निंग वॉक के दौरान बेहोश हुए धनखड़, एम्स में भर्ती



नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह टहलते समय बेहोश होकर गिर पड़े और कुछ मिनट तक अचेत रहे। सुरक्षाकर्मी उन्हें पीसीआर वाहन से घर लेकर पहुंचे। इसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच और उपचार किया। स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें एंबुलेंस से दिल्ली स्थित एम्स ले जाया गया। 75 वर्षीय धनखड़ को अस्पताल के कार्डियो-न्यूरो सेंटर में भर्ती कराया गया है।

मप्र के पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह का निधन



भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे आदित्य विजय (एवी) सिंह का बुधवार को 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे 1970 बैच के मप्र कैडर के आईएएस अधिकारी थे। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में मार्च 2002 से जनवरी 2004 तक मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कार्यकाल के दौरान वर्ष 2003 में उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी।

स्वच्छता सर्वेक्षण में मप्र के 9 शहरों को राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने दिल्ली में दिया राष्ट्रीय सम्मान

सर्वाधिक पुरस्कार पाने वाला राज्य बना मप्र छोटे-मध्यम शहरों ने बनाई राष्ट्रीय पहचान

- इंदौर एवं देपालपुर की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता में लगातार 9वीं बार राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाले इंदौर ने मेंटर और देपालपुर ने मेंटी के रूप में कार्य किया


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मप्र ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष प्रदेश के 9 शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह देश के किसी भी राज्य के लिए सम्मानित होने वाले नगरीय निकायों की सर्वाधिक संख्या है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, देवास, बुदनी और देपालपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर नगरीय विकास ▶▶शेष पेज 6 पर

इंदौर ग्वालियर जबलपुर, रीवा उज्जैन, सागर देवास, बुदनी और देपालपुर को किया सम्मानित


राष्ट्रपति मुर्मू मंत्री विजयवर्गीय और इंदौर महापौर भार्गव को पुरस्कार प्रदान करते हुए

इंदौर ने अपनी उत्कृष्टता कायम रखी

लगातार नौवें स्वच्छ सर्वेक्षण चक्र में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर इंदौर ने देश में स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता कायम रखी है। इंदौर ने 'स्वच्छ वार्ड रैंकिंग' अभियान के माध्यम से वार्ड स्तर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित की तथा 29 प्रमुख बाजारों को 'जीरो वेस्ट मार्केट' के रूप में विकसित किया। इसके ▶▶शेष पेज 6 पर

नवाचार और सतत प्रबंधन का नया मॉडल बना 'स्वच्छ शहर जोड़ी'

मप्र देश के लिए बना उदाहरण: सीएम डॉ. यादव

सीएम डॉ. मोहन यादव ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में प्रदेश के सर्वाधिक 9 शहरों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सफाई मित्रों और नागरिकों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम है। पीएम मोदी ने देश में स्वच्छता की नई चेतना जागृत की। पिछले 12 वर्षों में स्वच्छता के प्रति देशवासियों के व्यवहार और सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। मप्र स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए उदाहरण बन चुका है। ▶▶पढ़ें पेज 03 व10 भी

प्रदेश के ये शहर भी सम्मानित हुए

- ग्वालियर (स्वच्छ सिटी अवार्ड): 5.50 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का निस्तारण। 1200 टीपीडी कचरा प्रसंस्करण, 350 टीपीडी सीबीजी और 100 टीपीडी सीएंडडी वेस्ट प्लांट पर काम जारी।
- जबलपुर (स्वच्छ शहर रैंक-2, 10 लाख से अधिक जनसंख्या वर्ग): 11.5 मेगावाट वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, 150 से अधिक बैकलेन का कायाकल्प और 491 जीपीएस वाहनों से रोज 550 टन कचरे का संग्रहण।
- उज्जैन (स्वच्छ शहर रैंक-1, 3 लाख से 10 लाख जनसंख्या वर्ग): 54 वार्डों में शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण। फूलों से धूप-अगरबत्ती और पुराने कपड़ों से पेपर बैग निर्माण। सिंहस्थ-2028 के लिए जीरो वेस्ट मॉडल तैयार।
- देवास (स्वच्छ शहर रैंक-1, 50 हजार ▶▶शेष पेज 6 पर


सीआरपीएफ के जवान

सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली

आतंकियों ने 15 सेकंड में दागीं 30 गोलियां, सीआरपीएफ के तीन जवान घायल

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के आखरन-नौपुरा, कुलगाम में बुधवार को एक आतंकी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवान घायल हो गए। हमले के बाद भागने में कामयाब रहे आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान चलाया है। वहीं आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में ताबड़तोड़ गोलीबारी होती दिख रही है। बताया जा रहा है कि 15 सेकेंड में 30 राउंड फायरिंग हुई है। आतंकी हमले के बाद जवानों ने भी कई राउंड ▶▶शेष पेज 6 पर

मप्र के जवान सोमवीर सिंह भी घायल



आतंकी लतीफ बट के मॉड्यूल की साजिश

हमले के बाद आतंकी भागने में कामयाब रहे। आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान चलाया है। हालांकि, किसी आतंकी संगठन ने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी ▶▶शेष पेज 6 पर

भोपाल पहुंचे उत्तराखंड के सीएम धामी

शिवराज सिंह की मां के निधन पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


- स्व. पटवा के योगदान को भी याद किया

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशी बाई के निधन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को भोपाल पहुंचे। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के आवास पर पहुंचकर दिवंगत काशी बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ▶▶शेष पेज 6 पर

टॉयलेट के शीशे पर लिखा मैसेज

एयर इंडिया की फ्लाइट में हाईजैक की धमकी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता


- कोलकाता एयरपोर्ट पर मचा हड़कंप

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह एयर इंडिया की मुंबई जाने वाली फ्लाइट में हाईजैक की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। विमान के शौचालय के शीशे पर धमकी भरा संदेश लिखा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को अलर्ट ▶▶शेष पेज 6 पर

भाजपा सांसद ने फिर दिखाया आईना

95% घरों में कोई न कोई नशे का आदी: जनार्दन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी


- पहले किसानों टिप्पणी की थी फिर माफी मांगी

रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने दावा किया है कि देश के 95 प्रतिशत घरों में कोई न कोई सदस्य नशे का सेवन करता है। उनके इस बयान से एक बार फिर विवाद छिड़ गया है। सांसद ने कहा कि यदि किसी परिवार में पिता नशा नहीं करता तो बेटा करता है और बेटा नहीं करता तो पिता नशे का सेवन करता है। इतना ही नहीं, ▶▶शेष पेज 6 पर

असम में ट्रेन हादसे से पहले का वीडियो आया सामने

लोको पायलट ने कहा- स्पीड कंट्रोल नहीं हो रही, ब्रेक सिस्टम भी काम नहीं कर रहा

इंजन के साथ ट्रेन के 5 कोच पटरी से डिरेल 50 यात्री घायल

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

गुवाहाटी के बाहरी इलाके डिगारू रेलवे स्टेशन के पास अचानक बुधवार को सुबह-सुबह कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के इंजन समेत 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के दौरान अधिकांश यात्री नींद ▶▶शेष पेज 6 पर


ट्रेन का इंजन


हादसे के बाद का दृश्य

कानपुर में चौरीचौरा एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतरे

कानपुर। कानपुर सेंट्रल स्टेशन से निकलते ही चौरीचौरा एक्सप्रेस (15003) के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 7 से अनवरगंज से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। हादसे के बाद यात्रियों ▶▶शेष पेज 6 पर

काव्या मारन और अनिरुद्ध रविचंदर शादी के बंधन में बंधे

रजनीकांत और एमके स्टालिन ने समारोह में पहुंचकर दी बधाई

21 नवंबर को चेन्नई में होगा भव्य रिसेप्शन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन और सीईओ काव्या मारन मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। अनिरुद्ध ने इंस्टाग्राम पर काव्या के साथ तस्वीर साझा कर शादी की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मेरी जिंदगी का वो एक मौका, जो पूरी जिंदगी के लिए है।

शादी समारोह में सुपरस्टार रजनीकांत और तमिलनाडु के पूर्व सीएम एमके स्टालिन सहित फिल्म और राजनीति जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। काव्या सन टीवी नेटवर्क की कार्यकारी निदेशक भी हैं। वह सन ग्रुप के चेयरमैन कलानिधि मारन की बेटी हैं। रिसेप्शन 21 नवंबर को चेन्नई में आयोजित होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, सोनिया गांधी समेत दिग्गजों को आमंत्रित किया गया है।


शादी में पहुंचे दिग्गज

भाजपा ने भगवान राम के अपमान का आरोप लगाया इंडिया गठबंधन को बताया सनातन विरोधी

राम मंदिर पर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद के विवादित बयान से विवाद

बोले- कभी दर्शन करने नहीं जाऊंगा, अग्निपरीक्षा के बाद भी माता सीता को बच्चों के साथ वनवास भेजा

भगवान राम ने माता सीता से अग्निपरीक्षा कराई और उसमें सफल होने के बावजूद उन्हें दो छोटे बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। फिर उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कैसे कहा जा सकता है?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कीर्ति आजाद के भगवान राम और अयोध्या स्थित राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। आजाद ने साफ कहा कि वह कभी राम मंदिर दर्शन करने नहीं जाएंगे। उन्होंने भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने पर सवाल उठाते हुए माता सीता के साथ उनके व्यवहार का मुद्दा उठाया। उनके इस ▶▶शेष पेज 6 पर


कीर्ति आजाद



मां सीता को बताया आराध्य देवी

आजाद ने कहा कि वह मिथिला के रहने वाले हैं और माता सीता मिथिला की बेटी हैं। वह उन्हें अपनी मां मानते हैं और उनके सम्मान के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी आस्था मां काली में है। वह कामाख्या, कालीघाट और दिल्ली के काली मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या राम मंदिर नहीं जाने या ▶▶शेष पेज 6 पर

बाबर प्रेमियों को जनता सबक सिखाएगी: भंडारी


प्रदीप भंडारी

कीर्ति आजाद के बयान पर भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पलटवार किया। उन्होंने आरोप ▶▶शेष पेज 6 पर

भाई-बहन के पवित्र प्रेम के साथ भगवान चित्रगुप्त की भक्ति में सराबोर नजर आई पूरी राजधानी...


चित्रगुप्त मंदिर में भाईदूज मनाते भाई-बहन।


प्रोफेसर कॉलोनी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में हवन-पूजा के बाद कायस्थम के सदस्य।


चित्रगुप्त मंदिर 1100 क्वार्टर में श्रद्धालुओं के साथ पूजन करते पूर्व सांसद आलोक संजर।

कायस्थों ने भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ मनाया भाई दूज एवं यमद्वितीया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कायस्थ समाज ने बुधवार को पूरे शहर में भाई दूज और यम द्वितीया महोत्सव को श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया। जवाहर चौक, नेवरी, प्रोफेसर कॉलोनी, 1100 क्वार्टर आदि के मंदिरों में हवन-पूजन किया गया। इसके साथ ही बहनों ने भाईयों के माथे पर टीका लगाया। इसी श्रृंखला में संस्था कायस्थम मप्र ने प्रोफेसर कॉलोनी स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर में चित्रांश बंधुओं ने हवन, महाआरती और प्रसाद वितरण कर चित्रांश बंधुओं को कलम वितरित की। 2026 के सक्रिय कार्यकर्ता रहे सदस्य उमंग खरे को कायस्थमश्री अवार्ड से सम्मानित भी किया गया। उन्हें कायस्थम के उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव ने भगवान श्री चित्रगुप्त का छायाचित्र और अंगवस्त्र भेंट किया।

हवन-पूजन के बाद चित्रांश बंधुओं को भेंट की कलम


प्रोफेसर कॉलोनी स्थित मंदिर में हवन में पूर्णाहुति प्रदान करते कायस्थम के सदस्य।

चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव का उल्लेख आवश्यक

भाईदूज और यम द्वितीया पर कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि शासकीय कैलेंडर में सभी धर्म के पर्वों, महापुरुषों की जयंतियों व त्योहारों का उल्लेख है, लेकिन कायस्थ समाज के द्वारा की जाने वाली भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा, भाईदूज पर्व और यमद्वितीया महोत्सव का उल्लेख नहीं किया जाता। यह स्थिति भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकटोत्सव के दौरान भी होती है। कायस्थम ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मांग की कि शासकीय कैलेंडर में यम द्वितीया महोत्सव, भाई दूज, श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव का उल्लेख किया जाए, क्योंकि मप्र में कायस्थ परिवारों की संख्या लगभग 10 लाख और मतदाताओ की संख्या लगभग 50 लाख से ऊपर हैं। प्रदेश के लगभग सभी शहरों में भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर भी हैं। श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के इन पर्वों पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग भी पुनः दोहराते हुए कहा कि कायस्थ समाज से इस प्रकार भेदभाव किया जाना कतई उचित नहीं है, जबकि यह समाज प्रारंभ से ही सुशिक्षित, संस्कारवान, बुद्धिजीवी और प्रशासन के क्षेत्र में निपुण माना जाता रहा है, जिसने मध्यप्रदेश के विकास में सदैव अहम योगदान दिया है। भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकटोत्सव पर केवल ऐच्छिक अवकाश घोषित किया गया है, जिसे परिवर्तित कर शासकीय अवकाश घोषित किया जाना चाहिए।

चित्रांश बंधुओं ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर उठाया सवाल

कायस्थम ने भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ मनाया भाई दूज एवं यमद्वितीया पर

शासकीय कैलेंडर में भाई दूज, यम द्वितीया पर्व का उल्लेख क्यों नहीं

भोपाल। कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम ने बुधवार को भाई दूज और यम द्वितीया महोत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर में चित्रांश बंधुओं ने पूजन अर्चन, हवन, महाआरती और प्रसाद वितरण कर चित्रांश बंधुओं को कलम वितरित की। मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना और ढोल ढमाकों के साथ महाआरती कर भगवान श्री चित्रगुप्त से कायस्थ समाज के सुखी, समृद्ध, खुशहाली और विकास की कामना भी की। इस अवसर पर वर्ष 2026 के सक्रिय कार्यकर्ता रहे कार्यकारिणी सदस्य उमंग खरे को कायस्थम श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। भाईदूज और यम द्वितीया पर भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा के बाद कायस्थम ने फिर से सवाल उठाया कि शासकीय कैलेंडर में होली और दिवाली के भाई दूज, यमद्वितीया महोत्सव और श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव का जिक्र क्यों नहीं किया जाता।

चित्रांश बंधुओं को भेंट की कलम

बच्चे के गर्म पानी से पैर जलने का मामला

मारपीट मामले का आरोपी कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पारिवारिक विवाद के बाद कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राजेंद्र नगर पुलिस ने उनके खिलाफ मारपीट, अपशब्द कहने और धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। अमित हार्डिया की शिकायत पर मंगलवार दोपहर केस दर्ज किया गया था। बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि लोकेश कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे के घर पर मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें हिरासत में ले लिया। पूरा विवाद एक बच्चे के गर्म पानी से पैर जलने के बाद शुरू हुआ था। अमित के भतीजे सुमित हार्डिया के बेटे आराध्य को चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मारपीट और धमकी देने जैसे लगाए गए गंभीर आरोप

शिकायत के अनुसार, अमित के भतीजे सुमित के बेटे आराध्य के पैर गर्म पानी से जल गए थे। उसे इलाज के लिए चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान बरखा के भाई लोकेश अस्पताल पहुंचे और अमित से पूछा कि उन्होंने बरखा को बच्चे के पैर जलने के लिए जिम्मेदार क्यों ठहराया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गई। अमित ने पुलिस को दी शिकायत में लोकेश पर मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

हाईकोर्ट की दो टूक: सिस्टम में नीचे से ऊपर तक घुली है भांग

सड़क हादसे में अज्ञात वाहन को डंपर बताकर 18.70 लाख मुआवजा वसूली के मामले की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में एक सनसनीखेज फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने टिप्पणी की है कि ' शायद सिस्टम में नीचे से ऊपर तक भांग घुली है', क्योंकि शुरुआती दस्तावेजों में जिस वाहन का कोई अता-पता नहीं था, उसे बाद में सुनियोजित तरीके से एक विशेष डंपर बताकर बीमा कंपनी से 18.70 लाख रुपये का मुआवजा वसूलने का खेल खेला गया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने बीमा कंपनी की अपील स्वीकार करते हुए मोटर दुर्घटना प्राधिकरण के मुआवजा आदेश को निरस्त कर दिया । कोर्ट ने न्यू इंडिया एश्योरेंस के प्रबंध निदेशक को मामले की आंतरिक जांच कर लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सड़क हादसे में हुई थी युवक की मौत



हाईकोर्ट ने सुनियोजित साजिश माना

मामला भोपाल के लाम्बा खेड़ा बैरियर के पास 31 मई 2021 की रात हुए सड़क हादसे से जुड़ा है, जिसमें संतोष की मृत्यु हो गई थी। परिजनों के दावे पर प्राधिकरण ने 20 जुलाई 2023 को 18.70 लाख रुपए का मुआवजा मंजूर किया था। दुर्घटना के सात दिन बाद दर्ज बयान में मुख्य गवाह ओमप्रकाश उर्फ सुधीर ने स्पष्ट स्वीकार किया था कि डंपर पर अत्यधिक कीचड़ होने के कारण वह नंबर नहीं देख पाया था। इसके बावजूद बाद में एक खास डंपर को दुर्घटना में शामिल बताकर पेश किया गया, जिसे हाईकोर्ट ने सुनियोजित साजिश माना।

फाइल की जांच करने और लिफ्ट अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

हाईकोर्ट ने निचली अदालत में बीमा कंपनी की पैरवी करने वाले अधिवक्ता की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि गवाह के शुरुआती बयानों को जिरह के दौरान प्रभावी ढंग से चुनौती न देना लापरवाही या मिलीभगत की ओर इशारा करता है। अदालत ने दो टूक कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट का उद्देश्य पीड़ितों को राहत देना है, लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि न्यायालय साक्ष्यों और तथ्यों की विश्वसनीयता की जांच किए बिना आंख मूंदकर फैसले सुनाएं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी को फाइल की जांच करने और इसमें लिफ्ट अधिकारियों व वकीलों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

तीन माह में सातवें से चौथे स्थान पर पहुंचा विभाग

महिला एवं बाल विकास विभाग ने महज 94 दिनों में 84 हजार से अधिक शिकायतों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि सुशासन सेवाओं की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। विभाग ने महज 94 दिनों में 84 हजार 289 शिकायतों का निराकरण कर शिकायत निवारण व्यवस्था में प्रगति दर्ज की है। सीएम हेल्पलाइन की सितंबर 2026 की विभागीय ग्रेडिंग में 87.33 वेटेज स्कोर के साथ विभाग ने 'ए' ग्रेड प्राप्त करते हुए प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है।

प्रदेश के 55 में से 54 जिलों को 'ए' ग्रेड, विशेष अभियान में शिकायत निराकरण के लिए विभाग बना राज्य का 'बेस्ट परफॉर्मर'

विशेष अभियान में प्रदेश का 'बेस्ट परफॉर्मर' बना विभाग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 29 सितंबर तथा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक अक्टूबर को आयोजित जन विश्वास अभियान की समीक्षा बैठकों में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई थी। विभाग की ओर से 18 सितंबर से प्रारंभ विशेष अभियान के तहत 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके परिणामस्वरूप 18 सितंबर से एक अक्टूबर की अवधि में सर्वाधिक संख्या में शिकायतों का निराकरण करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने राज्य स्तर पर 'बेस्ट परफॉर्मर' के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी का मामला

ऑनलाइन ठगी केस के आरोपी युवक की जमानत खारिज, युवती की जमानत मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी कर फरियादी के 2.74 लाख रुपये हड़पने वाले आरोपी चंदन गुप्ता के जमानत आवेदन को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने सुनवाई के बाद अपराध की गंभीर प्रवृति को देखते हुए खारिज कर दिया है। न्यायालय ने सहआरोपी अनीता पाण्डेय के जमानत आवेदन को स्वीकार कर उसे जमानत पर रिहा करने के आदेश पारित किया है । आरोपी अनीता पाण्डेय की ओर से एडवोकेट खालिद हफीज और संतोष साहू ने पैरवी की थी। उन्होंने न्यायालय को बताया कि उनकी पक्षकारा निर्दोष है, उसे प्रकरण में झूठा फंसाया गया है , उसने कोई अपराध नहीं किया है, उसे सिर्फ बैंक अकाउंट में ठगी की रकम जमा किया जाने पर आरोपी बनाया गया है। सरकारी वकील ने अपराध की गंभीरता का हवाला देते हुए जमानत का विरोध करते हुए कहा कि फरियादी से धोखाधड़ी कर ऐंठी गई राशि 2.74 लाख रुपये आरोपी युवती के बैंक खाते में ही जमा कराई गई थी और बाद में निकाल ली गई थी।

फरियादी रणजीत सिंह कालरा की शिकायत पर, भोपाल के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने अनीता पांडे, अभिषेक और चंदन गुप्ता गोरखपुर उत्तरप्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने फरियादी को 1,000 बोरी सीमेंट देने का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए उनसे 2.74 लाख रुपये की ठगी करी थी।

एमबीबीएस सीट छोड़ने वाली छात्रा के मूल दस्तावेज लौटाए आईसीएमआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाई कोर्ट ने आईसीएमआर भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र को निर्देश दिए हैं कि एमडी माइक्रोबायोलाजी का पाठ्यक्रम बीच में छोड़ने वाली छात्रा के मूल शैक्षणिक दस्तावेज वापस किए जाएं। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने छात्रा को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दस्तावेज लौटाने संबंधी अंतरिम आदेश याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

हाईकोर्ट ने दी अंतरिम राहत

एडीएम प्रकाश नायक ने सुपुर्दगी में दिया वाहन और सिलेंडर

एक हफ्ते पहले सांसद ने खाद्य विभाग में जाकर लगाई थी फटकार

सांसद की फटकार के एक हफ्ते बाद सीहोर गैस एजेंसी के सिलेंडर छोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीहोर जिले की अहमदपुर इंडेन गैस एजेंसी के वाहन से परवलिया सड़क पर सिलेंडर सप्लाई करने के मामले में की गई कार्रवाई खाद्य विभाग के लिए परेशानी का सबब बन गई है। एक हफ्ते पहले सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्टोरेट स्थित खाद्य विभाग में जाकर कार्रवाई को लेकर नाराजगी जाहिर की थी, जिसके बाद आनन फानन में केस बनाकर एडीएम प्रकाश नायक के कोर्ट में पेश किया गया, जहां से एजेंसी को वाहन और 68 गैस सिलेंडर सुपुर्दगी में सौंप दिए गए हैं। इधर एडीएम का कहना है कि वाहन और सिलेंडर छोड़ने के संबंध में मैं केस देखकर ही बता पाउंगा। सिलेंडर और वाहन को सुपुर्द करने का निर्णय केस देखकर ही तय किया जा सकता है।

पंद्रह दिन पहले सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी ने अहमदपुर इंडेन गैस एजेंसी के वाहन में भरे 61 घरेलू और 7 कामर्शियल सिलेंडर जब्त किए थे, जबकि वाहन को गांधी नगर पुलिस के सुपुर्द दिया गया। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि एडीएम के आदेश पर गैस एजेंसी संचालक को वाहन और सिलेंडर सुपुर्द कर दिए गए हैं। सुनवाई के लिए नोटिस भी जारी किया गया है।

एजेंसी कर्मचारी ने पंचनामे पर नहीं किए दस्तखत

एएसओ ने परवलिया सड़क क्षेत्र से सीहोर जिले के अहमदपुर में संचालित इंडियन गैस एजेंसी से लाए गए सिलेंडर जब्त किए थे। जब्ती के दौरान एजेंसी कर्मचारी ने पंचनामे पर दस्तखत नहीं किए, जिसकी वजह से केस एडीएम कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका। एएसओ ने एजेंसी संचालक द्वारा धमकाने के मामले की शिकायत भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से की है। संचालक ने खाद्य विभाग को इंडियन ऑयल कंपनी का एक पत्र भी सौंपा है। जिसमें भोपाल की सरकारी एजेंसी को 250 सिलेंडर देने का उल्लेख किया गया है, हालांकि इसकी सूचना जिला खाद्य विभाग को नहीं दी गई थी। इधर सांसद आलोक शर्मा ने गैस एजेंसी पर गलत तरीके से कार्रवाई करने का विरोध दर्ज कराया था। उनका कहना है कि पैसे लेने के लिए कार्रवाई का दबाव बनाया जाता है।

एम्स भोपाल से बंसल हॉस्पिटल तक बना ग्रीन कॉरिडोर, महज 15 मिनट में पहुंचे अंग

मौत के बाद भी तीन जिंदगियों को रोशन कर गए 29 वर्षीय सुमित सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंगदान महादान की कहावत को चरितार्थ करते हुए भोपाल के 29 वर्षीय सुमित सोनी ने मृत्यु के बाद भी तीन लोगों को नया जीवन देने की अनूठी मिसाल पेश की। एम्स भोपाल में ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद उनके परिजनों ने दुख की घड़ी में बड़ा मानवीय निर्णय लेते हुए उनकी दोनों किडनी और लिवर दान करने की सहमति दी। परिवार के इस निस्वार्थ योगदान से तीन जरूरतमंद मरीजों को जीवन की नई उम्मीद मिली है। सुमित सोनी के पिता गणेश प्रसाद सोनी और परिवार के सदस्यों को चिकित्सकों ने उनकी स्थिति और ब्रेन-स्टेम डेथ के संबंध में उचित परामर्श दिया। इसके बाद परिजनों ने स्वेच्छा से अंगदान का निर्णय लिया।



अंगदान से बचाई तीन मरीजों की जिंदगी



सुमित सोनी के अंग बंसल अस्पताल पहुंचे।

एक किडनी और लिवर का बंसल हॉस्पिटल में प्रत्यारोपण

दान किए गए अंगों में से एक किडनी और लिवर का प्रत्यारोपण बंसल हॉस्पिटल में किया गया, जबकि दूसरी किडनी एम्स में एक जरूरतमंद मरीज को प्रत्यारोपित की गई। अंगों को सुरक्षित और निर्धारित समय में बंसल हॉस्पिटल पहुंचाने के लिए बुधवार सुबह 11:49 बजे एम्स भोपाल से बंसल हॉस्पिटल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। विशेष यातायात व्यवस्था के तहत एंबुलेंस ने महज 15 मिनट में दूरी तय कर अंगों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। इस पूरी प्रक्रिया में एम्स भोपाल और बंसल हॉस्पिटल की मेडिकल टीमों के बीच बेहतर समन्वय और तत्परता देखने को मिली। ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अंगों को बिना यातायात बाधा के निर्धारित समय में प्रत्यारोपण केंद्र तक पहुंचाया गया।

परिवार का फैसला बना तीन परिवारों की उम्मीद

सुमित सोनी के परिजनों ने असहनीय दुख के बीच अंगदान का जो साहसिक निर्णय लिया, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनका यह कदम संदेश देता है कि अंगदान के माध्यम से मृत्यु के बाद भी कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। सुमित भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके अंगों के माध्यम से तीन लोगों को नया जीवन मिला है। सुमित सोनी और उनके परिवार के इस निस्वार्थ योगदान को कोटि-कोटि नमन। सचमुच, अंगदान महादान है।

एपीपीएससीओएन में एम्स को मिले तीन पुरस्कार

भोपाल। एम्स भोपाल के फार्माकोलॉजी विभाग के रेजिडेंट और फैकल्टी सदस्यों ने एम्स मंगलगिरी आंध्र प्रदेश में आयोजित हुए आठवें एपीपीएससीओएन 2026 में भाग लिया। डॉ. चिराग अग्रवाल ने मौलिक शोध की मौखिक प्रस्तुति में प्रथम और समीक्षा पोस्टर प्रस्तुति में द्वितीय पुरस्कार जीता। डॉ. अजय शुक्ला को फैकल्टी वर्ग की पोस्टर समीक्षा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं डॉ. अहमद नजमी ने फैकल्टी वर्ग में मौलिक शोध प्रस्तुत किया और डॉ. बालकृष्णन एस ने आमंत्रित व्याख्यान दिया।



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 12 नवंबर 2026



आदमपुर खंती में सुलगता कचरा।

आदमपुर खंती में कचरे का पहाड़।

छंटाई के बाद निकलने वाले आरडीएफ का उठाव भी तय समय पर नहीं हुआ

200 करोड़ का बजट, लेकिन आदमपुर खंती में लगाई मशीनों का उपयोग न होने से 5 लाख टन कचरे का पहाड़ जस का तस

तत्कालीन आयुक्त ने भी कचरा निपटान को लेकर नियमित मॉनीटरिंग नहीं की

पुराने कचरे का निपटारा नहीं होने से भोपाल रेस से बाहर

48 करोड़ रुपए का नया ठेका भी सवालों के घेरे में आया

कचरा खंती मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की सफाई पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च करने और बड़े-बड़े दावे करने के बावजूद भोपाल की स्वच्छता व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। कभी देश में दूसरे नंबर पर रहने वाला भोपाल इस बार राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कारों की दौड़ से बाहर है। शहर में रोजाना सफाई के दावों के बीच आदमपुर खंती में करीब 5 लाख टन कचरा अब भी जमा है।

वहीं, कचरा प्रबंधन के लिए 48 करोड़ रुपए का नया ठेका भी मंजूर किया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सफाई पर करीब 200 करोड़ रुपए का बजट रखा जा रहा है, तो शहर की तस्वीर क्यों नहीं बदल रही है?



करोंद में सड़क किनारे पड़ा कचरा।

सफाई के लिए 181 करोड़ से ज्यादा का प्रावधान

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए 181.16 करोड़ रुपए का बजट रखा था। इसके अलावा कचरा प्रोसेसिंग प्लांट के संचालन और रखरखाव के लिए 20 करोड़ रुपये तथा नालों की सफाई के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इस तरह सफाई और कचरा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए करीब 204 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए। इतनी बड़ी राशि के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था और कचरे के निस्तारण में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है।

बजट खर्च हुआ तो नतीजे कहां हैं?

अब सवाल सिर्फ स्वच्छता रैंकिंग का नहीं, बल्कि जनता के पैसे के इस्तेमाल का भी है। निगम को बताना होगा कि करीब 204 करोड़ रुपए के प्रस्तावित बजट में से कितनी राशि खर्च हुई, कितना कचरा निस्तारित किया गया और आदमपुर में जमा कचरे को खत्म करने की समयसीमा क्या है। केवल बजट और ठेकों से शहर साफ नहीं होगा, इसके लिए जमीन पर काम और उसके नतीजे भी दिखाई देने चाहिए।

अब कचरे के पहाड़ के समाधान का इंतजार

आदमपुर छावनी में वर्षों से जमा करीब 5 लाख टन कचरे का अब तक पूरी तरह निस्तारण नहीं हो पाया है। यह समस्या शहर के लिए लगातार चुनौती बनी हुई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी प्रकरण चल रहा है। निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए 48 करोड़ रुपए का नया ठेका मंजूर किया है, लेकिन पुराने कचरे को हटाने की समयसीमा और उसके निस्तारण की ठोस कार्ययोजना को लेकर सवाल बने हुए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में देश में दूसरा स्थान हासिल किया था। शहर को 12,500 में से 12,067 अंक मिले थे। साथ ही 7 स्टार रेटिंग और वाटर प्लस का दर्जा भी मिला था। लेकिन इस बार राष्ट्रीय पुरस्कार में भोपाल को जगह नहीं मिली।

चार गुना बढ़ेगी निपटान की क्षमता

आदमपुर खंती में कचरा सेग्रीगेशन के लिए लगाई जाएंगी छह नई मशीन

पिछले साल देश में स्वच्छता के पायदान पर दूसरे नंबर पर आने वाला भोपाल इस बार शीर्ष से बाहर हो गया है। जिसको देखते हुए अब नगर निगम ने आदमपुर खंती के पांच लाख टन पुराने कचरे के निपटान को लेकर प्रयास तेज कर दिए हैं। जिसके तहत कचरा सेग्रीगेशन के लिए खंती में छह नई मशीनें लगाई जाएंगी। चार गुना तेजी से कचरा निपटान कराने निजी कंपनी को हिदायत दी गई है। भोपाल का स्वच्छता के पायदान से इस बार पिछड़ने की वजह आदमपुर खंती का पुराना लिगेसी वेस्ट रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण की नई और संशोधित गाइडलाइन में जिन शहरों में पुराने कचरे का पहाड़ पूरी तरह से नेस्तनाबूद नहीं किया गया था, उन्हें इस मूल्यांकन प्रक्रिया से बाहर रखने का प्रावधान किया गया था। इसी कड़े नियम के दायरे में आने की वजह से भोपाल इस सूची में स्थान नहीं बना सका।

नगर निगम के अफसरों की मॉनिटरिंग में कमी

भोपाल की आदमपुर खंती में कचरा सेग्रीगेशन और प्रोसेसिंग के लिए लगाई गई मशीनों का उपयोग न होने की वजह से वहां कचरे का बड़ा पहाड़ जमा हो गया। तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने कचरा पहाड़ को लेकर नियमित मॉनीटरिंग नहीं की, जिसकी वजह से यहां कचरे का पहाड़ जमा हो गया है। यही वजह है कि भोपाल स्वच्छता के पैरामीटर से बाहर हो गया। आदमपुर खंती में कंपोस्टिंग यूनिट और सेग्रीगेशन मशीनों का सही उपयोग न होने से कचरे का वैज्ञानिक निपटान रुक गया है।

आदमपुर खंती में कचरा छंटाई का दो मशीनों पर बोझ

वर्तमान में आदमपुर खंती में कचरा छंटाई के लिए केवल दो वज्र मशीनें ही काम कर रही हैं, जिससे निपटान की रफ्तार सुस्त है। छंटाई के बाद निकलने वाले आरडीएफ का उठाव भी तय समय पर नहीं हो रहा है।

शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था: *शहर के कई हिस्सों और कॉलोनियों में कचरे के ढेर और सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसकी वजह से कभी स्वच्छता में दूसरे स्थान पर रहने वाला भोपाल इस बार मुख्य पुरस्कारों की दौड़ से बाहर हो गया है। शहर के गली और सड़कों पर कचरा पड़ा रहता है, जिससे सड़कों पर गंदगी फैल जाती है। एक ओर जहां भोपाल को इस बार निराशा हाथ लगी है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश का ही इंदौर शहर स्वच्छता के मानचित्र पर एक बार फिर इतिहास रचने की तैयारी में है। इंदौर ने स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित की है।*

विभागों के रिक्त पदों की जानकारी भेजने के निर्देश

वर्ष 2027 में दो बार होगी राज्य सेवा परीक्षा, आज बैठक में होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के युवाओं के लिए काम की खबर है। मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रदेश में वर्ष 2027 में दो बार राज्य सेवा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर मप्र शासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से रिक्त पदों की जानकारी और भर्ती के मांगपत्र ऑनलाइन माध्यम से भेजने को कहा है। इस संबंध में 12 नवंबर को दोपहर 3 बजे मंत्रालय स्थित वल्लभ भवन में बैठक बुलाई गई है।

बैठक की अध्यक्षता सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव करेंगे। जीएडी की ओर से जारी निर्देशों में सभी विभागों को राज्य सेवा परीक्षा 2027 के लिए रिक्त पदों की जानकारी और मांगपत्र ऑनलाइन भेजने की प्रक्रिया से संबंधित वस्तुस्थिति के साथ बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है। इसके लिए विभागीय उप सचिव या संबंधित अधिकारी को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में रिक्त पदों की स्थिति, विभागों की भर्ती मांग और ऑनलाइन मांगपत्र भेजने की प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी। इसके आधार पर आगामी भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

10वीं-12वीं में पेपर के पैटर्न में बदलाव, अब आएंगे व्यावहारिक समझ पर आधारित प्रश्न

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) के संबंधित स्कूलों के कक्षा दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। एमपी बोर्ड ने दोनों कक्षाओं की सत्र 2026-27 की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के पैटर्न में बदलाव किया है। जिसके अनुसार, इस बार परीक्षा में विद्यार्थियों से विषयों की अवधारणाओं और व्यावहारिक समझ पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। माशिमं की कार्यपालिका समिति की बैठक में प्रश्नपत्रों के आंतरिक विकल्पों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नए निर्देशों के अनुसार मुख्य विषयों के प्रश्नपत्रों में दो अंकों के अति लघु उत्तरीय प्रश्नों में विकल्प नहीं दिए जाएंगे। वहीं, प्रश्नपत्रों में दो अंकों के अति लघुउत्तरीय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प की सुविधा समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा 10वीं में इस वर्ष बेस्ट आफ फाइव योजना भी लागू नहीं होगी। ऐसे में विद्यार्थियों को सभी छह विषयों में पास होना अनिवार्य होगा। हालांकि, तीन अंकों के लघुउत्तरीय और चार अंकों के दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में पहले की तरह आंतरिक विकल्प मिलते रहेंगे। वहीं, एनएसक्यूएफ विषयों में पांच अंकों के दीर्घउत्तरीय और सात अंकों के निबंधात्मक प्रश्नों में आंतरिक विकल्प की सुविधा शुरू की गई है। इधर माशिमं ने सत्र 2026-27 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सैंपल पेपर जारी कर दिए हैं, ताकि विद्यार्थी बेहतर तैयारी कर सकें। बता दें कि मप्र बोर्ड की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी।

कांग्रेस नेता ने भेजा कानूनी डिमांड नोटिस


करीना कपूर ने पहना भोपाल रियासत की बेगम का पेंडेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की एक इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता अब्बास हफीज ने करीना को लीगल डिमांड नोटिस भेजा है। दरअसल करीना ने इंस्टाग्राम पोस्ट में जो गहने पहने हैं, उनमें एक पेंडेंट और कलगी शामिल है। ये दोनों भोपाल रियासत और राजपरिवार की विरासत का हिस्सा हैं। आरोप है कि इस पर कुरान की आयतें लिखी हुई हैं।



■ इंस्टाग्राम पर शेयर फोटोज को बनाया आधार



LEGAL NOTICE

कांग्रेस के अब्बास हफीज का कहना है कि यह पेंडेंट भोपाल की शाहजहां बेगम और सुल्तान जहां बेगम ने अपनी आस्था और इबादत के लिए बनवाया था। इसे फैशन या दिखावे के लिए नहीं बनाया गया था। उन्होंने करीना कपूर को कानूनी डिमांड नोटिस देकर विवादित पोस्ट हटाने, माफी मांगने और भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की मांग की है। अब्बास का कहना है कि यह कदम किसी राजनीतिक दल या पद के लिए नहीं, बल्कि अपनी व्यक्तिगत और मुस्लिम समुदाय की आस्था के कारण उठाया है।

वन अमले ने रस्सी के सहारे पिंजरा कुए के अंदर उतारा

शिकार का पीछा कर 30 फीट गहरे कुए में गिरा तेंदुआ, रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी से 20 किमी दूर सागोनी जोरा गांव के एक कुए में तेंदुआ गिर गया। संभवतः शिकार का पीछा करते हुए वह रात में कुए में गिरा। बुधवार सुबह किसान को कुए के अंदर तेंदुआ दिखा। वन विभाग और वन विहार नेशनल पार्क की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद रेस्क्यू कर तेंदुए को बाहर निकाल लिया गया। यह गांव बैरसिया रोड पर है। जब सुबह 11 बजे जब खेत मालिक करण सिंह पहुंचे तो उन्हें कुए में तेंदुआ दिखाई दिया। इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग की टीम को दी गई। वन विहार की डिप्टी डायरेक्टर रूही हक ने बताया कि वन विहार में डॉक्टरों की टीम ने तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। वह ठीक है। उसे करीब 15 दिन तक वन विहार में ही क्वॉरेंटाइन रखा जाएगा। इसके बाद उसे जंगल में छोड़ने पर विचार होगा।



कुए में गिरा तेंदुआ।

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने दिए दिशा निर्देश

साढ़े चार वर्षीय आयुर्वेदाचार्य बीएएमएस के बाद एक वर्ष की इंटर्नशिप अनिवार्य की

अब आयुर्वेद इंटर्नशिप में फर्जी उपस्थिति पर दस लाख रुपए जुर्माने के साथ डिग्री भी होगी कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने स्पष्ट कर दिया है कि साढ़े चार वर्षीय आयुर्वेदाचार्य बीएएमएस के बाद एक वर्ष की इंटर्नशिप अनिवार्य है। यानी पूरी आयुर्वेद स्नातक डिग्री साढ़े पांच वर्ष की होगी। एक वर्ष की इंटर्नशिप के दौरान आयुर्वेद छात्रों को संबद्ध अस्पताल में पूरी ईमानदारी के साथ उपस्थिति देनी होगी।

अगर कोई छात्र अपेक्षित उपस्थिति को पूरा किए बिना या संस्थान के साथ मिली-भगत से झूठी जानकारी प्रस्तुत करता है तो ऐसे छात्र को एक वर्ष के लिए अस्थाई निलंबन के साथ पहली बार दोषी पाए जाने पर पांच लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। दूसरी बार दोषी होने पर दो वर्ष के निलंबन के साथ दस लाख का जुर्माना तथा तीसरी बार दोष सिद्ध होने पर स्नातक कार्यक्रम से उसके प्रवेश को स्थाई रूप से रद्द कर दिया जाएगा।



छात्र पर्याप्त अनुभव लें

छात्रों के साथ-साथ संस्थान को भी गंभीरता के साथ इंटर्न छात्रों की उपस्थिति कॉलेज सिस्टम में दर्ज कराना छात्रहित में बेहतर है। आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा से जुड़े अस्पतालों में छात्र पर्याप्त चिकित्सकीय अनुभव लें।

डॉ. राकेश पाण्डेय,
राष्ट्रीय प्रवक्ता, आयुष मेडिकल एसोसिएशन

बारह दिन की मिलेगी छुट्टी

छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान सालभर में 12 दिन का अवकाश मिलेगा। टीचिंग स्टॉफ, नॉन टीचिंग स्टॉफ, हॉस्पिटल स्टॉफ के समान ही इंटर्न छात्रों की उपस्थिति ही मान्य होगी। बीएएमएस के तीनों प्रॉफ उत्तीर्ण करने बाद एक वर्ष की इंटर्नशिप होगी। किन्हीं विशेष परिस्थितियों में अधिकतम तीन वर्ष के भीतर इंटर्नशिप पूरी करनी होगी।

एनसीआईएसएम के निर्देश: आयुष कॉलेजों में न हो रैगिंग, वरना की जाएगी कार्रवाई

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) नई दिल्ली के एंटी रैगिंग सेल के नोडल अधिकारी डॉ. अतुल बाबू वार्ष्णेय ने आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी व सोवा-रिग्पा मेडिकल कॉलेजों को सर्कुलर पत्र जारी करते हुए कहा कि आयुष कॉलेज व संबद्ध अस्पताल परिसर को रैगिंग मुक्त रखना होगा। इसके साथ ही यूजीसी द्वारा इस पर रोक लगाने संबंधित विनियम 2009 का पालन करना अनिवार्य है। समस्त एएसयूएस आयुष मेडिकल कॉलेज प्रमुखों को निर्देशित किया कि कॉलेजों की आधिकारिक बेवसाइट पर एंटी रैगिंग सेल, पदाधिकारियों के पदनाम, कॉन्टैक्ट नंबर्स व अन्य आवश्यक जानकारियों को दर्शाना होगा। छात्रों के साथ नियमित परामर्श सत्र, संवाद करने के साथ छात्रावासों, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, हर्बल गार्डन व अन्य जहां पर छात्र एकत्रित होते हैं वहां का निरीक्षण भी करते रहना होगा। रैगिंग को रोकने की दिशा में नियमित सेमीनार, कार्यशाला, संगोष्ठियां व अन्य रैगिंग रोकने की दिशा में कार्यक्रम आयोजित कर आयोग को जानकारी भेजते रहना होगा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने स्वागत करते हुए छात्रों की चिकित्सा शिक्षा को सुरक्षित रखने पर आभार व्यक्त किया है।

उत्तर की बर्फबारी ने गिराया रात का पारा, भोपाल में न्यूनतम 14.2 डिग्री दर्ज

भोपाल। उत्तर क्षेत्र में बर्फबारी शुरू होने के बाद प्रदेश में विंध्य और बुंदेलखंड अंचल में रात का पारा तेजी से नीचे आ रहा है, जिससे लोगों के गर्म कपड़े बाहर निकल आए हैं। शहडोल का कल्याणपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा, इस सीजन में पहली बार रात का न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के अन्य शहरों में भी रात की सर्दी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। दमोह में पारा 11.5 डिग्री, इंदौर में 12.4 डिग्री और उमरिया में 12.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। छिंदवाड़ा में 12.6 डिग्री और रायसेन में 12.8 डिग्री में भी रात में सिहरन महसूस की गई, जबकि राजधानी में न्यूनतम तापमान गिरकर 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रायसेन और बालाघाट जिले के मलाजखंड में सुबह के समय नमी का स्तर 94 प्रतिशत तक पहुंचने से हल्की धुंध रही।

अरेरा कॉलोनी और जिंसी में कार्रवाई

प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करने पर दो मकान कुर्क, जड़ा ताला



कुर्की की कार्रवाई करती नगर निगम की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम का प्रॉपर्टी, जलकर और अन्य करों को जमा नहीं करने पर नगर निगम की टीम ने बुधवार को अरेरा कालोनी और जिंसी के सेंट्रल पाइंट के बकायादारों की तालाबंदी कर प्रॉपर्टी कुर्क कर ली है।

निगम के वार्ड 42 के तहत जिंसी क्षेत्र में गोविन्दराम ज्ञानचंदानी द्वारा संपत्ति कर व अन्य करों की 10 लाख 58 हजार 588 रुपए का भुगतान न करने पर निगम अमले ने मकान को अधिग्रहण कर सील कर दिया।

इसी तरह वार्ड 45 के अरेरा कालोनी ई-1 में प्रमोद तामोट ने 94 हजार 734 रुपए का भुगतान नहीं किया था, जिसको लेकर उनका मकान कुर्क किया गया है।

सिम टेम्परारी सस्पेंड बताकर बंद हुई चालू कराई तो खाते से रकम गायब

रैपिडो चालक के मोबाइल की सिम बंद होते ही बैंक अकाउंट से निकले 54 हजार रुपए

छोला मंदिर थाना क्षेत्र के युवक के साथ हुई वारदात

जालसाज ने 12 ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से राशि निकाली

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक रैपिडो चालक की मोबाइल सिम अचानक बंद हो गई। सिम पर टेम्परारी सस्पेंड का मैसेज आने के बाद युवक ने कस्टमर केयर से संपर्क कर उसे दोबारा चालू कराया। इसके बाद जब उसने अपना बैंक खाता चेक किया तो उसमें से 54 हजार 249 रुपए से ज्यादा की रकम गायब थी। घटना छोला मंदिर थाना क्षेत्र की है। अज्ञात व्यक्ति ने 12 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से रकम निकाल ली।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी लोकेश साहू (26) निवासी शिवनगर कॉलोनी, भानपुर रैपिडो चलाता है। उसका बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता है और



वह इसी खाते से फोन-पे का इस्तेमाल करता है। खाते में करीब 54 हजार 500 रुपए जमा थे। 5 नवंबर 2026 को अचानक उसकी मोबाइल सिम बंद हो गई। सिम पर टेम्परारी सस्पेंड होने का मैसेज दिखाई दे रहा था।

लोकेश ने कस्टमर केयर के माध्यम से सिम दोबारा चालू कराई। इसके बाद बैंक खाता चेक किया तो पता चला कि खाते से लगातार ट्रांजेक्शन कर रकम निकाल ली गई है। जांच करने पर सामने आया कि अलग-अलग यूपीआई आईडी के माध्यम से कुल 12 बार में 54,249.31 रुपए निकाल लिए गए हैं।

पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर थाना भोपाल में दर्ज कराई थी। इसके बाद साइबर और हाईटेक अपराध शाखा से ई-जीरो एफआईआर छोला मंदिर थाने भेजी गई। फरियादी के बयान और प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिम बंद होने के दौरान हुए ट्रांजेक्शन और ठगी में इस्तेमाल यूपीआई आईडी की जांच की जा रही है।

मोबाइल में मेलवेयर डालकर खाते से निकाले दो लाख रुपए

बैंक एप पर आया था संदिग्ध एक्सेस का अलर्ट, फिर हुई ठगी

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। अज्ञात साइबर ठगों ने एक युवक के मोबाइल फोन को कथित तौर पर मैलवेयर के जरिए हैक कर उसके बैंक खाते से पांच बार में 2 लाख 8 हजार 500 रुपए निकाल लिए। हैरानी की बात यह है कि ठगों ने बिना ओटीपी के ही यूपीआई के माध्यम से रकम ट्रांसफर कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बाग सेवनिया निवासी जितेंद्र कुमार पंडित (28) का बैंक ऑफ इंडिया की बाग मुंगालिया शाखा में बचत खाता है। फरियादी ने शिकायत में बताया कि 3 से 6 नवंबर 2026 के बीच अज्ञात साइबर अपराधियों ने उसके मोबाइल फोन को मैलवेयर के जरिए हैक कर लिया। इस दौरान उसके बैंकिंग एप पर 'सस्पिशियस एक्सेसिबिलिटी सर्विस' का अलर्ट भी आया था। पीड़ित के अनुसार साइबर ठगों ने मोबाइल के बैंकिंग एक्सेस का दुरुपयोग करते हुए खाते से पांच बार में रकम ट्रांसफर कर ली। इसमें 3 नवंबर को 60 हजार, 4 नवंबर को 95 हजार, 5 नवंबर को 20 हजार और 20 हजार तथा 6 नवंबर को 13 हजार 500 रुपए निकाले गए। इस तरह कुल 2 लाख 8 हजार 500 रुपए की चपत लग गई। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर फरियादी ने नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद थाना बागसेवनिया पुलिस ने जीरो एफआईआर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस बैंक ट्रांजेक्शन और ऑनलाइन ठगी से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है।

ऑनलाइन ऑर्डर रिटर्न करने पर नहीं मिला रिफंड


ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान सामान वापस करने पर रिफंड नहीं मिलने की शिकायत करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने खुद को अमेजन कस्टमर केयर का कर्मचारी बताकर फरियादी को अपने जाल में फंसाया और फोन-पे पर कोड डलवाकर अलग-अलग बैंक खातों से 35 हजार 417 रुपए निकाल लिए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी दिलशाद खान निवासी सुदामा नगर ऐशबाग ने शिकायत में बताया कि उन्होंने ऑनलाइन ऑर्डर किया था। बाद में प्रोडक्ट वापस कर दिया, लेकिन उनका रिफंड नहीं आया। इस पर उन्होंने डिलीवरी ब्वॉय को फोन किया। उसने गूगल से अमेजन कस्टमर केयर का नंबर निकालकर शिकायत करने की सलाह दी। इसके बाद दिलशाद ने गूगल से मिले मोबाइल नंबर पर कॉल किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने खाते में समस्या बताते हुए दूसरा बैंक खाता देने को कहा। इसके बाद आरोपी ने वाट्सएप नंबर से संपर्क कर फोन-पे पर उसके बताए अनुसार कोड डालने के लिए कहा। फरियादी ने जैसे ही कोड डाले, उनके बैंक खातों से रुपए निकलने लगे। आरोपी ने पहली बार बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 3,458 रुपए निकाल लिए। इसके बाद आईडीबीआई बैंक के खाते से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 3,458 और 28,501 रुपए निकाल लिए। इस तरह तीन ट्रांजेक्शन में कुल 35,417 रुपए की ठगी कर ली गई। मोबाइल पर बैंक ट्रांजेक्शन के मैसेज आने के बाद फरियादी को ठगी का पता चला। उन्होंने आरोपी को दोबारा कॉल किया, लेकिन उसने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद फरियादी ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत की।

कस्टमर केयर के नाम पर 35 हजार ऐंठे

खबर संक्षेप

आज बैरसिया में बिनोली शोभायात्रा निकलेगी

बैरसिया। जैन धर्म की त्याग, तप और संयम की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बैरसिया नगर के गौरव ब्रह्मचारी विशाल भैया (छोटू भैया) एवं साथी दीक्षार्थी भैयाओं के



पावन प्रसंग पर आज गुरुवार को नगर में भव्य बिनोली शोभायात्रा निकाली जाएगी। सांसारिक सुख-सुविधाओं और मोह-माया का त्याग कर आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर विशाल भैया की आगामी 16 दिसंबर को जयपुर में भव्य मुनि दीक्षा होने जा रही है। इसी आध्यात्मिक अवसर की अनुमोदना में आयोजित बिनोली शोभायात्रा दोपहर 12:30 बजे श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय, चौपड़ बाजार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महावीर पैलेस (व्हाइट हाउस) पहुंचेगी।

विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 15 को

औबेदुल्लागंज। हुतात्मा दिवस पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला भोजपुर इस वर्ष संगठन के तत्वावधान में 15 नवंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। आयोजन का उद्देश्य रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देना और समाज में मानव सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस संबंध में बजरंग दल जिला संयोजक शिवराज धाकड़ ने बताया कि हुतात्मा दिवस उन महान कार्यकर्ताओं के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने समाज एवं धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे वीर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से संगठन ने सेवा और समर्पण का मार्ग चुना है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समस्त हिंदू समाज, युवाओं एवं समाजसेवियों से भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है।

बागसेवनिया स्थित होटल के रूम में आरोपी कर रहा था ग्राहकों का इंतजार

क्राइम ब्रांच ने होटल जलसा से तस्कर को किया गिरफ्तार, 2.51 ग्राम एमडी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बागसेवनिया स्थित जलसा होटल के कमरे में बैठकर एक युवक एमडी ड्रग बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा था।

क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर होटल के कमरा नंबर 403 में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 2.51 ग्राम एमडी जैसा पदार्थ और एक मोबाइल मिला है। जब्त पूरे मशरूका की कीमत करीब 80 हजार रुपए तक बताई गई है।

प्रॉपर्टी ब्रोकर का भी काम करता है तस्कर

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि होटल के कमरे में एक व्यक्ति



एमडी ड्रग लेकर बैठा है और ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेने के बाद पुलिस टीम होटल पहुंची। मैनेजर की मौजूदगी में कमरा खुलवाया गया, जहां मुखबिर के बताए हुलिए का युवक मिला। पूछताछ में उसने अपनी पहचान अनिल राठौर (34), निवासी ग्राम बिलकिसगंज, जिला सीहोर के रूप में बताई। वह प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करता है। तलाशी के दौरान उसके पास से पारदर्शी पन्नी में रखा 2.51 ग्राम सफेद पाउडर बरामद हुआ। आरोपी ने इसे एमडी ड्रग बताया। पुलिस ने एक सैमसंग मोबाइल भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सिगरेट के खाली पैकेट में रखा था स्मैक, 12 पुड़ियों में मिला 7.95 ग्राम ड्रग

छोला मंदिर थाना पुलिस ने शंकर नगर स्थित सीमेंट गोदाम के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 7.95 ग्राम स्मैक बरामद किया है। आरोपी सिगरेट के दो खाली पैकेट में स्मैक और उसकी छोटी-छोटी पुड़ियों में छिपाकर रखा था। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि शंकर नगर सीमेंट गोदाम के पास एक युवक स्मैक की पुड़ियां बेचने के लिए आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम हरकत में आई। टीम ने हुलिए के युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान अभिषेक मीना (23) निवासी सुंदर नगर, शिव मंदिर के पास, छोला मंदिर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर अभिषेक के पास से जींस की जेब से सिगरेट के दो खाली पैकेट के अंदर कागज की पुड़ियां मिली। 12 छोटी सफेद कागज की पुड़ियां में ब्राउन रंग का पाउडर था। मौके पर एफएसएल अधिकारी को बुलाकर पुड़ियां की जांच कराई गई। जांच में उक्त पुड़िया में स्मैक होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

चार बार पहले भी एनडीपीएस एक्ट में पकड़ी जा चुकी है

तस्करी कर रही 60 साल की महिला गिरफ्तार, 10 किलो गांजा किया जब्त

क्राइम ब्रांच ने कस्तूरबा अस्पताल गोविंदपुरा से 60 साल की महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 किलो



100 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। महिला आदतन है और उस पर पहले भी गांजा तस्करी के चार प्रकरण दर्ज है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि कस्तूरबाद अस्पताल हनुमान मंदिर के पास से एक बुजुर्ग महिला गांजा लिए है और किसी ग्राहक का इंतजार कर रही है। क्राइम ब्रांच की टीम ने तत्काल टीम भेजी। टीम ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध बुजुर्ग महिला की तलाश की। इस दौरान संदिग्ध महिला मंदिर के पास बैठी हुई नजर आई। उसके पास झोला रखा हुआ था। टीम ने महिला को हिरासत में लेकर उसके झोले की तलाशी ली। तलाशी लेने पर अंदर प्लास्टिक की पन्नी में गांजा मिला। क्राइम ब्रांच ने गांजा जब्त करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला की पहचान किरण अहिरवार (60) कैंची छोला के रूप में की गई। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में पता चला कि किरण अहिरवार उक्त गांजे की खेप ग्राहक को देने पहुंची थी। क्राइम ब्रांच ने ग्राहक का इंतजार किया, लेकिन वह नहीं पहुंचा। क्राइम ब्रांच की टीम ने बताया कि किरण के खिलाफ वर्ष 2019, 2021, 2024 और 2026 में तस्करी के मामले दर्ज हुए थे।

आईएएस एकेडमी की संचालिका को बंधक बना 1.89 करोड़ हड़पने के आरोपी की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईएएस एकेडमी दिल्ली की संचालिका को बंधक बनाकर 1.89 करोड़ रुपये वसूलने के आरोपी कुणाल यादव पिता कप्तान यादव आयु 19 वर्ष निवासी ग्राम चिरूला जिला दतिया के जमानत के आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश इरशाद अहमद के न्यायालय ने आरोपी द्वारा किए गए अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया है। न्यायालय में आरोपी के अधिवक्ता ने उसे प्रकरण में झूठा फंसाया जाना बताते हुए जमानत का लाभ दिए जाने की प्रार्थना की थी। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक संतोष शर्मा ने आरोपी द्वारा किए गए अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त किए जाने की प्रार्थना की थी। अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के पश्चात आरोपी द्वारा किए गए अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए उसके जमानत के आवेदन को निरस्त कर दिया है।

धूमधाम से मनाया भाई दूज का पर्व

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगा की सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



नगर में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उल्लास का माहौल देखने को मिला।

भाई दूज के पर्व पर बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और आरती उतारकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी रक्षा एवं सहयोग का वचन दिया। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक दिखाई दी। मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। बहनें अपने भाइयों के लिए मिठाइयां और पूजा सामग्री खरीदती नजर आईं। कई बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं, तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर आशीर्वाद लेने पहुंचे।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में मिला इलाज

आतिशबाजी से घायल हुए 10 लोगों की बचाई आंखों की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में दीपोत्सव 2026 के दौरान आतिशबाजी से आंखों में चोट लगने के कारण पहुंचे 10 मरीजों का सफल उपचार कर उनकी दृष्टि बचाने में सफलता हासिल की गई। यह मरीज 8 एवं 9 नवंबर 2026 की मध्यरात्रि के दौरान आतिशबाजी से घायल हुए थे। दीपावली के अवसर पर घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चिकित्सालय में यह व्यवस्था की गई थी। जिन घायल लोगों का उपचार हुआ हैं, उनमें परिवर्तित नाम सीहोर निवासी 26 वर्षीय उमेश की दाहिनी आंख में गंभीर चोट आई थी, जिनका समय रहते सफल ऑपरेशन किया गया। बैतूल निवासी 17 वर्षीय राधिका की दाहिनी आंख की सर्जरी कर उनकी दृष्टि सुरक्षित रखने में सफलता मिली। भोपाल के ज्ञानेंद्र 27 वर्ष, प्रीति 40 वर्ष, सुभाष 21 वर्ष एवं पाखी 16 वर्ष, शाजापुर के श्यामाप्रसाद 65 वर्ष, पलाश 36 वर्ष, सीहोर के पाल 31 वर्ष, राजगढ़ के घनश्याम 22 वर्ष, रायसेन की मुस्कान 20 वर्ष तथा देवास के नन्हेलाल 56 वर्ष शामिल हैं। इन सभी मरीजों का सफल उपचार कर उनकी दृष्टि सुरक्षित रखने में सफलता मिली।

अवधपुरी स्थित अनुपम नगर का मामला

दिवाली मनाने झांसी गया परिवार सूने मकान का चोरों ने ताला तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित अनुपम नगर फेस-टू बीडीए रोड पर सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर ली। घर से क्या चोरी हुआ है यह तो मकान मालिक के घर लौटने पर ही पता चल सकेगा। पुलिस ने पड़ोसी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों पर नकबजनी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार देवेंद्र सिंह रावत (46) अनुपम नगर फेस-02 बीडीए रोड अवधपुरी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि दोस्त पंकज पुरोहित मकान नंबर-28, अनुपम नगर फेस-टू में ताला बंद करके दीवाली मनाने के लिए पैतृक घर झांसी गए थे। उन्होंने अपने मकान की चाबी दी और कहा कि घर पर नजर रखना। 10 नवंबर को उनकी मां ने पुरोहित के मकान में ताला बंद कर दिया था। बुधवार सुबह उनकी मां लाइट बंद करने पहुंची तो मकान का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि पूरा सामान बिखरा पड़ा था। देवेंद्र सिंह ने पंकज पुरोहित को कॉल कर बताया कि मकान में चोरी हो गई है। पंकज पुरोहित ने बताया कि थाने पर शिकायत कर दो। मैं घर पहुंचकर चोरी गए सामान की जानकारी दे सकूंगा।

शाहजहांनाबाद, पीरगेट क्षेत्र में कार्रवाई में अवैध शराब मिली

कच्ची शराब पकड़ी, ढाबे से देसी शराब जब्त

बैरसिया के दशहरा मैदान और कुल्होर गांव से भी माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले के ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब का कारोबार चुनौती बनता जा रहा है। बैरसिया और आसपास के जंगलों में हाथभट्टी शराब बनाने और तस्करी के मामले लगातार सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

बुधवार से कार्रवाई शुरू कर दी हैं, जिनमें पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक (आरआइ) सहित अन्य मैदानी अधिकारियों को भी शामिल



किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को आबकारी विभाग ने विशेष अभियान में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कार्रवाई की गई। बैरसिया के दशहरा मैदान से 30 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त की गई। वहीं कुल्होर गांव के पास से 22 पाव, राठौर ढाबा कुल्होर रोड से 14 पाव और ठाकुर ढाबा लंगरपुर जोड़ से 16 पाव देसी शराब बरामद की गई। अलग-अलग मामलों में करन नाथ, भूपेंद्र सिंह और यशोदा बाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए। इधर, शहर के शाहजहांनाबाद स्थित शर्मा कॉलोनी में दुर्गेश चंडाल के घर से 62 पाव देसी प्लेन शराब और पीरगेट में मनीष कीर के घर से 100 पाव देसी मसाला शराब जब्त की गई। जिला आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी है।

बाई फूल कुंवर पटवा से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी और प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा को अर्पित की पुष्पांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बुधवार को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मप्र भाजपा के पुरोधा, पद्म विभूषण स्व. सुंदरलाल पटवा की जयंती पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने बाई फूल कुंवर पटवा से आत्मीय भेंट कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा से भी चर्चा की। स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा की जयंती पर विधानसभा भवन पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।







इन्होंने भी श्रद्धांजलि अर्पित की

सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नपा उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, हेमलता चौरसिया, भारती सेठी, दीपू परमार सहित भोजपुर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्व. पटवा ने राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया संपूर्ण जीवन

सीएम धामी ने कहा कि स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, वंचितों एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान तथा राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया। राष्ट्र के नवनिर्माण और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ उन्होंने हजारों कार्यकर्ताओं को गढ़कर एक सशक्त संगठन की नींव मजबूत की। उनका संघर्षमय जीवन, कुशल नेतृत्व, विचार एवं आदर्श सदैव हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

द्वारकादास अरोरा का निधन, केंद्रीय मंत्री एवं विधायक ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बुधवार को 94 साल की उम्र में वयोवृद्ध द्वारकादास अरोरा का निधन हो गया। स्वर्गीय द्वारका दास अरोरा औबेदुल्लागंज में जिला रायसेन के सबसे बड़े फोटोग्राफर



थे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, पूर्व मंत्री गुलाब चंद्र तामोट पूर्व मंत्री जसवंत सिंह के साथ कार्य किया। उन्होंने औबेदुल्लागंज में धार्मिक फोटो की घर-घर पहुंचने की व्यवस्था की, इसलिए वह लोकप्रिय थे। पुत्र अनिल अरोरा, सुनील अरोरा, प्रदीप अरोरा एवं गोपाल अरोरा के पिताजी स्वर्गीय द्वारका दास अरोरा के निधन पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व जनपद सदस्य शरद चंद, मीसाबंदी रामकिशोर शर्मा, डॉ. कैलाश विनय, तिलक जैन, अशोक छाबड़ा, जेपी शर्मा, अशोक कामरा, अशोक मित्तल, अशोक सेठी, सुरजीत सिंह गिल, देवेंद्र सिंह राजू, बल्लू अरोड़ा, व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, श्याम मालवीय, सुधीर कमल रवि कमल बंटी जोशी, नीरज चावला, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, पत्रकार ऋषभ जैन, दिनेश सेन, सिद्धार्थ मित्तल, विवेक मित्तल, अफजल खान, सलीम, गुड्डू, सगीर ने दुख व्यक्त किया। अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 11 बजे निज निवास से निकलेगी।

युवक से मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार बदमाश

भोपाल। चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित शैतान सिंह चौराहा और ओल्ड कैंपियन स्कूल के बीच बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत आठ हजार रुपए बताई जा रही है। चूनाभट्टी पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज बाइक सवार झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार समकित पिता मदन गोपाल (25) कोलार कॉलोनी रेस्टहाउस के पास रहता है और प्राइवेट जॉब करता है। उसने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे वह घर से पैदल मंदिर की तरफ जा रहा था। ओल्ड कैंपियन स्कूल और शैतान सिंह चौराहा के बीच बदमाशों ने मोबाइल झपट लिया।

अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति, सीधी भर्ती, विभागीय जांच और पेंशन प्रकरणों का समय-सीमा में किया जाए निराकरण

पदोन्नति, सीधी भर्ती, विभागीय जांच समय-सीमा पूरी करें, कर्मचारी कल्याण के अन्य विषयों पर भी समय सीमा में होनी चाहिए कार्रवाई

- अगले वर्ष दो पीएससी के लिए कैलेंडर निर्धारित-समय-सीमा में प्रस्ताव भेजने के निर्देश
- मुख्य सचिव बर्णवाल ने कर्मचारी कल्याण विषयों पर की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि वे शासन की मंशानुरूप निर्धारित पदोन्नति समय-सीमा



पूर्ण कर लें और कर्मचारी कल्याण के अन्य विषयों पर भी समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव बुधवार को मंत्रालय में कर्मचारी कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अनुकंपा नियुक्ति, सीधी भर्ती, विभागीय जांच और पेंशन प्रकरणों की स्थिति पर विमर्श किया गया। बैठक में विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदि उपस्थित थे।

अनुकंपा नियुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाएं

मुख्य सचिव बर्णवाल ने निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष सभी संवर्गों यथा राज्य और जिला स्तरीय पदोन्नति समिति की अब तक हुई बैठक के बाद पदोन्नति तथा सेवानिवृत्ति से रिक्त पदों की सूक्ष्मता से समीक्षा कर लें और रिक्त पदों पर सेट अप अनुसार सीधी भर्ती और अनुकंपा नियुक्ति कर लें। उन्होंने सीधी भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग को समय-सीमा में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने सर्वाधिक 904 अनुकंपा नियुक्ति की हैं। विभिन्न विभागों में अब भी 2300 से अधिक प्रकरण लंबित है।

समय-सीमा में पदोन्नति करने के निर्देश, अब तक हुई 68437 पदोन्नति

मुख्य सचिव बर्णवाल ने कहा कि गत वर्ष तक के रिक्त पदों पर पदोन्नतियां की गई। गृह तथ राजस्व विभाग ने बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि निर्देश अनुसार इस साल होने वाली पदोन्नितयों को भी प्रारम्भ करें। उन्होंने पीएससी से पिछली पदोन्नति समिति की बैठक में सभी विभागों को बेहतर समन्वय के लिए धन्यवाद दिया। आगामी पदोन्नति के लिए बैठक की तिथियां आदि निर्धारित करने में और भी समन्वय करने के लिए कहा है। बैठक में बताया गया कि अब तक 68,437 शासकीय सेवकों को पदोन्नत किया जा चुका है।

सीधी भर्ती से डेढ़ लाख पद भरे जाएंगे

मुख्य सचिव बर्णवाल ने पदोन्नति और सेवानिवृति से रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डेढ़ लाख पदों पर सीधी भर्ती की कार्रवई मप्र लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल द्वारा की जाना है। निर्धारित मापदंड अनुसार सभी विभाग रोड मैप बनाकर भर्तीया समय-सीमा में सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि पीएससी को 6588 पद पर और कर्मचारी चयन मंडल को 17299 पद पर सीधी भर्ती के प्रस्ताव भेजे गए है। मुख्य सचिव ने अनुशासनात्मक कार्रवाई अंतर्गत विभागीय जांच की भी समीक्षा की और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समय-सीमा में विभागीय जांच पूर्ण की जाए।

नियमित और विशेष पीएससी के लिए कैलेंडर निर्धारित

बर्णवाल ने वर्ष 27 में दो राज्य सेवा परीक्षा आयोजित किय जाने के संबंध में भी मप्र लोक सेवा आयोग और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा की। सीएम ने नियमित पीएससी के अलावा विशेष राज्य सेवा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पीएससी के सचिव ने बताया कि परीक्षा 2027 के लिए इस माह के अंतिम सप्ताह तक रिक्तियों संबंधित विज्ञापन, प्रकाशन किया जाएगा। जनवरी 2027 में प्रारम्भिक परीक्षा, जून में मुख्य परीक्षा एवं नवम्बर 2027 में साक्षात्कार आयोजित किए जाने की योजना है।

खबर संक्षेप

सीएम ने पूर्व मुख्य सचिव के निधन पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव सिंह ने प्रशासनिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की सामर्थ्य देने की प्रार्थना की है। इसी तरह मप्र कॉडर के प्रशासनिक अधिकारियों व आईएएस एसोसिएशन ने भी सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

ऋण गारंटी निधि की तिथि बढ़ने से छोटे उद्योगों की आर्थिक प्रगति बढ़ेगी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सूक्ष्म इकाइयों के लिए ऋण गारंटी निधि को 31 मार्च 2031 तक जारी रखने का निर्णय प्रशंसनीय है। इसी तरह 5 हजार करोड़ रुपए के कोष को मंजूरी देने के निर्णय से भी छोटे उद्योगों की आर्थिक प्रगति बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के उद्योग हितैषी इस निर्णय के लिए आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि इस निर्णय से अगले पांच वर्ष में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 126 लाख करोड़ के ऋण उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। साथ ही वार्षिक गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करने से छोटे उद्यमियों को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

राज्यपाल भी पहुंचेंगे, सीएम डॉ. मोहन गांवों में ग्रामीणों से करेंगे संवाद

बिरसा मुंडा जयंती पर मुख्यमंत्री 15 को धार में करेंगे रोड-शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना में स्वामित्व अधिकार पंजीयन का कराएंगे निष्पादन, धार को देंगे विकास कार्यों की सौगात

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवंबर को धार पहुंचेंगे भगवान बिरसा मुंडा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार जिले में रोड शो भी करेंगे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच जायेंगे और उनसे संवाद कर शासकीय योजनाओं के लाभ प्रदाय का फ़ीडबैक भी लेंगे। मुख्यमंत्री धार जिले में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत पात्र पट्टेधारियों के प्लॉट और मकान की रजिस्ट्री का अपने समक्ष निष्पादन भी कराएंगे।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती (राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस) के अवसर पर राज्य सरकार 14, 15 एवं 16 नवंबर को त्रिदिवसीय जयंती समारोह मनाने जा रही है। इसके तहत राज्यपाल पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में 14 नवंबर को जबलपुर, 15 को धार एवं जोबट (जिला आलीराजपुर) और 16 नवंबर को खंडवा जिले में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन होने जा रहा है। धार जिले में 15 नवंबर को होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम में जुड़कर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।



प्रतीकात्मक चित्र

- धार और आलीराजपुर जिले के लगभग 1.26 लाख किसान होंगे लाभान्वित
- धार जिले की 85 ग्राम पंचायतों में लगेंगी कृषि चौपाल और कृषि पाठशालाएं

47 हजार हेक्टे. भूमि होगी सिंचित

डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से धार जिले के 84 और अलीराजपुर के 42 गांवों की लगभग 47 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को रबी मौसम में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे लगभग 1 लाख 26 हजार किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना के जरिए 166.51 मिलियन घनमीटर जल उद्वहन कर 47000 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। संचालन के लिए 58.87 मेगावाट विद्युत मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड की ओर से कुक्षी तहसील क्षेत्र में स्थित 220 केवी अति उच्च दाब सुसारी सब-स्टेशन तथा जोबट स्थित 132 केवी सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

धार में होगा विशेष कार्यक्रम

साथ ही धार जिलेवासियों को करोड़ों की लागत के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। भगवान बिरसा मुंडा जयंती को और भी विशेष बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 नवम्बर को ही 'डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट' का लोकार्पण कर धार और आलीराजपुर जिले के किसानों को खेतों में सिंचाई के लिये नर्मदा जल का अनुपम उपहार देंगे।

एक सिंचाई परियोजना बदलेगी दो जिलों की तकदीर और तस्वीर

मप्र के जनजातीय अंचलों में विकास की नई इबारत लिखने और किसानों के खेतों में टेल एंड तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की दिशा में राज्य सरकार का एक और महत्वपूर्ण प्रयास अब धरातल पर उतरने जा रहा है। सीएम 15 को जनजातीय बहुल धार जिले के पुलिस ग्राउंड डही में होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन में नव निर्मित 'डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना' का लोकार्पण करेंगे। मां नर्मदा के जल से खेतों को सिंचित करने वाली यह परियोजना धार और आलीराजपुर 2 जिलों के कुल 126 गांवों के किसानों के लिए खेती-किसानी की समृद्धि और नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी।

आज से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकेंगे, संशोधन भी होंगे

भोपाल। मप्र में विवाह के बाद यदि आपका निवास स्थान बदल गया है या आपका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो आपके पास अपना विवरण अपडेट कराने का सुनहरा अवसर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। सारिका घारू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश में 12 नवंबर 2026 से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जा रही है, जिसके बाद नागरिक 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रबी सीजन 2026-27 के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी देने पर आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों के रुझानों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों को डीएपी सहित पीएंडके श्रेणी के 28 प्रकार के उर्वरक रियायती दरों पर उपलब्ध हो जाएंगे।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी जानकारी

उज्जैन में सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी लाइन के 5 टावर होंगे शिफ्ट



- सिंहस्थ-28 के मद्देनजर पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा और रखरखाव को सुगम बनाने एमपी ट्रांसको की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक सिंहस्थ-28 आयोजन के दौरान उज्जैन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से महत्वपूर्ण विद्युत पारेषण लाइन के मार्ग में बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी उज्जैन-रताड़िया ट्रांसमिशन लाइन के पांच टावरों को शिफ्ट करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र के लगभग 1026 मीटर लंबाई और 686 मीटर चौड़ाई वाले हिस्से में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के पांच टावर स्थित हैं। यह क्षेत्र पानी में डूबा रहने के कारण इन टावरों और लाइन का नियमित रखरखाव करने में कठिनाइयां आती हैं। इसे देखते हुए एमपी ट्रांसको की ओर से पांचों टावरों को उपयुक्त वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। इससे लाइन के रखरखाव और मेंटेनेंस कार्य अधिक सुगमता से किए जा सकेंगे तथा पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सिंहस्थ मेला क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है लाइन

तोमर ने कहा कि सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन के दौरान उज्जैन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए एमपी ट्रांसको द्वारा पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा, रखरखाव और विश्वसनीयता से जुड़े आवश्यक कार्य समय रहते किए जा रहे हैं, ताकि आयोजन के दौरान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे। यह 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन 220 केवी सबस्टेशन शंकरपुरा, उज्जैन से 132 केवी सबस्टेशन रताड़िया को जोड़ती है। रताड़िया सबस्टेशन सिंहस्थ मेला क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उज्जैन शहर, सिंहस्थ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति की दृष्टि से अहम इस लाइन का निर्माण वर्ष 1992 में किया गया था, जबकि सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण वर्ष 2013-14 में हुआ था।

शुक्ला ने खरीदी सोनिया गांधी की पुस्तक बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव की 12 प्रतियां

- गांधीवादी विचारकों, नौजवानों और धर्मगुरुओं को समर्पित करने की पहल

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की हाल ही में लॉन्च हुई बहुचर्चित आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' को वैरायटी बुक हाउस से एक दर्जन बुक खरीदकर, गांधीवादी विचारकों, नौजवानों और धर्मगुरुओं को समर्पित करने की पहल की शुरुआत की। शुक्ला ने कहा कि यह पुस्तक केवल एक



राजनीतिक जीवन का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह प्रेम, त्याग, समर्पण और भारत की संस्कृति से गहरे जुड़ाव की एक प्रेरणादायक दास्तान है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, बुद्धिजीवियों, नौजवानों और गांधीवादी विचारकों को भी यह पुस्तक मुफ्त में भेंट करेंगे।

कथित ऑडियो वायरल, गरमाई सियासत

एक भाजपा विधायक ने दी महिला एसडीएम को जूते से मारने की धमकी!

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच टकराव का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। एक महिला अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) को कथित तौर पर 'जूते से मारने' की धमकी देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

यह विवादित ऑडियो भाजपा विधायक से जोड़कर प्रसारित किया जा रहा है, जिसको लेकर सियासी गलियारों में भारी घमासान मच गया है। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर एक स्थानीय विवाद, अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई और जब्ती की प्रक्रिया को लेकर बातचीत हो रही है। बातचीत के दौरान जनप्रतिनिधि प्रशासनिक कार्रवाई पर भड़कते हुए महिला अधिकारी के खिलाफ बेहद आक्रामक और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते सुनाई देते हैं। ऑडियो में स्पष्ट रूप से चेतावनी भरे लहजे में महिला एसडीएम को जूते से पीटने की बात कही गई है।

ऑडियो सार्वजनिक होने के बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य सरकार और भाजपा नेतृत्व पर कड़ा हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों की प्रशासनिक अधिकारियों पर दबंगई बढ़ गई है।

पीसीसी में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान बोले वरिष्ठ नेता चौहान

सांसद पद से इस्तीफा लेकर भाजपा से निष्कासन की मांग

किसानों का अपमान करने वाले भाजपा सांसद मिश्रा के खिलाफ दर्ज हो एफआईआरः चौहान

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा अन्नदाता किसानों को नशेड़ी, गांजा पीने वाला और चिलम फूंकने वाला बताकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी बेहद शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण और देश के करोड़ों किसानों का अपमान है। किसान कांग्रेस इस अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

यह केवल किसानों का नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और अन्नदाता की मेहनत का अपमान है। यह बात मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।



पीसीसी में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान वरिष्ठ नेता चौहान।

उन्होंने मांग की कि इसके लिए जनार्दन मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए और सांसद पद से इस्तीफा लेकर उन्हें भाजपा से निष्कासित किया जाए।

ठोस कार्रवाई न हुई तो आंदोलन करेंगे तेज

चौहान ने कहा कि किसान कांग्रेस प्रदेशभर में सांसद जनार्दन मिश्रा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। तहसील स्तर पर पुतला दहन कर भाजपा के इस किसान विरोधी रवैये के खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई और भाजपा नेतृत्व ने उनके विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की, तो किसान कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन को और व्यापक करेगी।

1920 मेगावाट की पूरी क्षमता पर लगातार 6 घंटे बिजली उत्पादन किया जा सकेगा

परियोजना पर 11500 करोड़ रुपए होगा निवेश

गांधीसागर देश की सबसे बड़ी पम्पिंग हाइड्रो स्टोरेज परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नीमच जिले के गांधी सागर में ग्रीनको ग्रुप की ओर से 1920 मेगावाट भंडारण क्षमता वाली 'गांधीसागर' पम्पड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना विकसित की जा रही है। इस परियोजना पर 11500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा परियोजना के पूर्ण होने पर 1920 मेगावाट पूर्ण क्षमता पर लगातार 6 घंटे विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा। यह परियोजना नीमच जिले की रामपुरा तहसील स्थित खेमला ब्लॉक के गांव में स्थापित की जा रही है। प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीनिवास ने बताया कि परियोजना का निर्माण लगभग 414 हेक्टेयर भूमि पर किया जा रहा है। उक्त परियोजना देश में निर्माणाधीन सबसे बड़ी स्वतंत्र 'पम्पड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना' है। इस परियोजना में दो जलाशय शामिल हैं। निचला जलाशयः मौजूदा गांधीसागर जलाशय (कुल क्षमता लगभग 270 टीएमसी / 7643.70 एमसीएम) है। दिसंबर में टर्बाइनों के पहले सेट का संचालन शुरू होगा। जून 2027 से पूरी परियोजना का वाणिज्यिक संचालन (कमर्शियल ऑपरेशंस) पूर्ण रूप से शुरू करने का लक्ष्य है।



कार्यप्रणाली (पंपिंग और टरबाइन मोड)

पंपिंग मोड (ऊर्जा भंडारण): दिन या रात के समय ग्रिड से मिलने वाली अतिरिक्त सौर या पवन ऊर्जा से दो दिशाओं में (आगे-पीछे) चलने वाली मोटरों के ज़रिए पानी को निचले जलाशय से ऊपरी जलाशय में पंप करके संग्रहित किया जाएगा। टरबाइन मोड (बिजली उत्पादन) अधिक मांग वाले व्यस्त समय (पीक ऑवर्स) में ऊपरी जलाशय से पानी निचले जलाशय में छोड़ा जाता है, जिससे वही मोटरें उल्टी दिशा में घूमकर टरबाइन के रूप में आपूर्ति योग्य नवीकरणीय बिजली पैदा की जाएगी।

ग्रीनको की ओर से निर्मित नया जलाशय

परियोजना में गांधीसागर जलाशय से केवल 2.4 टीएमसी (67.66 एमसीएम) पानी का गैर-उपभोक्ता (नॉन-कंज़म्प्टिव) पुनः उपयोग किया जाएगा, यानी पानी की खपत नहीं होगी, बल्कि उसे चक्र के रूप में बार-बार इस्तेमाल किया जाएगा। निर्माण चरण में लगभग 4 हजार लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया गया है। साथ ही संचालन एवं रखरखाव चरण में साइट पर लगभग 200 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा। परियोजना में मध्यप्रदेश के योग्य स्थानीय उम्मीदवारों को अधिकतम रोजगार अवसर देने की स्पष्ट प्रतिबद्धता शामिल है।

उत्पादन अवधि व तकनीकी विनिर्देश

यह परियोजना 1920 मेगावाट की पूरी क्षमता पर लगातार 6 घंटे तक बिजली उत्पादन कर सकती है। टरबाइन मोड में इसका रेटेड हेड लगभग 122 मीटर है। परियोजना की राउंड ट्रिप एफीशिएंसी यानी संग्रहित ऊर्जा को वापस देने की क्षमता लगभग 80% रहने का अनुमान है। टरबाइन कॉन्फ़िगरेशन व वार्षिक उत्पादनः इसमें कुल 9 टरबाइन लगाए जा रहे हैं, इनसे कुल वार्षिक ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,580 मिलियन यूनिट होगी। ग्रिड कनेक्टिविटी और ट्रांसमिशन, पंपिंग और उत्पादित बिजली की निकासी के लिए यह परियोजना लगभग 60 किमी दूर मप्र के मंदसौर जिले में स्थित 765/400 केवी सब स्टेशन से जुड़ी है।

बिजली खरीद और वित्तीय लाभ (डिस्कॉम को फायदा)

पीक आवर्स के दौरान उत्पन्न बिजली को एनटीपीसी, एसईसीआई और मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) को दीर्घकालिक पीपीए के माध्यम से बेचा जाएगा। यह बाजार के अस्थिर और महंगे पीक-टैरिफ की तुलना में काफी किफायती है, जिससे डिस्कॉम्स को भारी वित्तीय बचत होगी। अतिरिक्त सौर और पवन ऊर्जा को संग्रहित करके यह नवीकरणीय ऊर्जा को बर्बाद होने से रोकने में मदद करता है। ग्रिड को लचीली, समयबद्ध और मांग आधारित हरित ऊर्जा प्रदान कर देश के डी-कार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को गति देता है।

वन्यजीव संरक्षण और ईको-सिस्टम

चीता प्रोजेक्ट- कूनो के बाद गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य को चीतों के दूसरे प्राकृतिकवास के रूप में विकसित किया गया है। जैव-विविधता की सुरक्षाः यह क्षेत्र सर्वाधिक गिद्धों की आबादी और चंबल नदी के मगरमच्छों के सुरक्षित प्रजनन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इसीतरह हिंगलाजगढ़ किला परमार कालीन स्थापत्य कला और मूर्तियों की समृद्धि को सहेजने के लिए जीर्णोद्धार कार्य किए जा रहे हैं। चतुर्भुज नाथ नाला (शैलचित्र) में विश्व-विख्यात प्रागैतिहासिक रॉक आर्ट (भित्ति चित्रों) की सुरक्षा और पुरातात्विक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

पेज एक का शेष...

19.20 लाख श्रद्धालुओं ....

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और तीर्थ पुरोहितों का आभार जताया। अब बाबा केदार की उत्सव डोली को शीतकालीन प्रवास के लिए उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर ले जाया जाएगा। श्रद्धालु यहां अगले छह महीने बाबा के दर्शन कर सकेंगे।

किसानों को खाद ...

रबी सीजन 2025-26 की तुलना में लगभग 24,418 करोड़ रुपए अधिक है। सरकार के फैसले से डीएपी (डाय-अमोनियम फास्फेट) की 50 किलो की बोरी की कीमत 1,350 रुपए ही बनी रहेगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और उनके कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद सरकार ने सब्सिडी के जरिए किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ने देने का फैसला किया है। नई सब्सिडी दरें एक अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक लागू रहेंगी। इनके तहत डीएपी और एनपीकेएस सहित पीएंडके उर्वरकों के सभी ग्रेड पर सब्सिडी दी जाएगी। सरकार उर्वरक निर्माताओं और आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती दरों पर 28 ग्रेड के उर्वरक उपलब्ध करा रही है। पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना एक अप्रैल 2010 से संचालित है।

गारंटी शुल्क भी घटाया: सरकार ने ऋण गारंटी शुल्क को सालाना एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दिया है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए छोटे कारोबारियों को कर्ज देना कम खर्चीला होगा। योजना के तहत पात्र सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख रुपए तक के ऋण पर गारंटी कवर मिलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनधन योजना के खाताधारकों को बैंकों की ओर से दी जाने वाली 10 हजार रुपए तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा भी इसके दायरे में रहेगी। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को दिए जाने वाले 10 लाख से 20 लाख रुपए तक के पोर्टफोलियो ऋण भी इसमें शामिल किए गए हैं। हालांकि, एसएचजी के लिए गारंटी शुल्क की मौजूदा दरें लागू रहेंगी। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले ऋणों पर लागू होगी।

मुद्रा योजना की ...

कर्ज नहीं चुकाने की स्थिति में गारंटी कवर उपलब्ध कराती है। सितंबर 2026 तक इस योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं। इनकी कुल राशि 43.34 लाख करोड़ रुपए है।

सीएम ने जताया ...

निर्णय लिया है। इससे डीएपी सहित पीएंडके श्रेणी के 28 प्रकार के उर्वरक किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सब्सिडी के इस फैसले से किसानों को खाद की लागत कम करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया है।

सर्वाधिक पुरस्कार पाने ...

एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे, मिशन संचालक शिशिर गेमावत सहित नगर निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में मप्र की सफलता का दायरा केवल बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटे एवं मध्यम शहरों ने भी राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 'स्वच्छ शहर जोड़ी' (मेंटर-मेंटी) मॉडल नवाचार की एक मिसाल बनकर उभरा है। इंदौर (मेंटर) एवं देपालपुर (मेंटी) की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता में लगातार 9 वीं बार राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाले इंदौर ने मेंटर और देपालपुर ने मेंटी के रूप में कार्य किया। बता दें कि मेंटर वह शहर होता है, जिसने स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया हो और जिसके पास सफाई व्यवस्था को लेकर अच्छे अनुभव और सफल मॉडल हों। वहीं मेंटी वह शहर होता है, जिसे स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के लिए किसी अनुभवी शहर से मार्गदर्शन मिलता है। इंदौर की देखरेख में देपालपुर ने 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, चार श्रेणियों में स्रोत पृथक्करण और लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक उपचार कर भूमि को पुनः उपयोग योग्य बनाने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रक्रिया से बहुमूल्य भूमि को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त कराया गया है।

स्वच्छ रिवर फ्रंट शहर की श्रेणी में रीवा ने मारी बाजी: रीवा ने स्वच्छ रिवर फ्रंट श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया है। शहर में 24×7 कमांड एंड कंट्रोल रूम और रियल-टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग स्थापित की गई है। बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के लागू किया गया 'ट्विन-बिन मार्केट मॉडल' तथा 6 मेगावाट क्षमता की वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजना रीवा की प्रमुख तकनीकी उपलब्धियां हैं।

इंदौर ने अपनी...

अलावा 15 आरआरआर केंद्र, आईओटी आधारित टॉयलेट मॉनिटरिंग, बायो-सीएनजी संयंत्र की क्षमता विस्तार और ग्रीन वेस्ट पेलेट प्लांट जैसे नवाचारों से शहर ने स्वच्छता प्रबंधन के नए मानक स्थापित किए हैं।

छोटे नगरीय निकायों के लिए क्षमता हस्तांतरण का अनुकरणीय उदाहरण: इंदौर नगर निगम की देखरेख में देपालपुर ने छोटे नगरीय निकायों के लिए क्षमता हस्तांतरण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। निकाय ने शत-प्रतिशत घर-घर कचरा संग्रहण, चार प्रकार के स्रोत पृथक्करण को धरातल पर उतारा और लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक उपचार कर बहुमूल्य भूमि को अतिक्रमण एवं प्रदूषण से मुक्त कराया।

प्रदेश के ये...

- से 3 लाख जनसंख्या वर्ग): लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय सम्मान। बैकलेन सुधार, आरआरआर केंद्रों, पुराने कचरे के निस्तारण और उपचारित जल के पुनः उपयोग में उत्कृष्ट प्रदर्शन।
- सागर (स्वच्छ शहर रैंक-3, 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वर्ग): ऐतिहासिक झील में गिरने वाले 47 नालों को टैप कर सीवेज सिस्टम से जोड़ा। लोककला और नुक्कड़ नाटकों से स्वच्छता जागरूकता।
- बुढ़नी (स्वच्छ शहर रैंक-3, 20 हजार से कम जनसंख्या वर्ग): लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सम्मान। घर-घर कचरा पृथक्करण, पुराने कचरे का निस्तारण और नागरिक सहभागिता से स्वच्छता में मिसाल।

आतंकियों ने 15 ...

फायरिंग की है। हालांकि, किसी आतंकी संगठन ने तत्काल इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन माना जा रहा है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा का हिट स्क्वाड कहे जाने वाले द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के आतंकी लतीफ बट के माडयूल ने किया है। जानकारी के अनुसार, कुलगाम के आखरन नौपुरा में बुधवार की दोपहर को सीआरपीएफ के जवानों ने एक नाका लगाया हुआ था। नाका पार्टी वहां से गुजरने वाले वाहनों व लोगों की जांच पड़ताल कर रही थी। लगभग 2:15 बजे के करीब मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक नाके के पास पहुंचे और उन्होंने सीआरपीएफ जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घायल सीआरपीएफ जवानों में असम के सीटी/जीडी द्वय राकेश दास, पश्चिम बंगाल के संतोष चंदू और मध्य प्रदेश के एचसी/जीडी सोमवीर सिंह शामिल हैं। डाक्टरों के अनुसार, एक जवान की टांग में, दूसरे की बाजू में और तीसरे की पीठ में गोली लगी है। जवान संतोष चंदू की हालत गंभीर बताई जा रही है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि मीर बाजार के पास अखरान स्थित चौकी पर बाइक सवार आतंकवादियों ने गोलीबारी की। पहले 15 सेकंड में 30 गोलियां दागी गईं। अगले एक मिनट के भीतर ही एक दर्जन और गोलियों की आवाज सुनाई देती है, साथ ही कैमरे के सामने छर्रे या छोटे पत्थर गिरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

एलजी मनोज सिन्हा भी कुलगाम में थे: सीआरपीएफ के बयान के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 2.15 बजे की है। घायल कर्मियों को इलाज के लिए अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी कुलगाम में ही थे, लेकिन हमले वाली जगह के पास नहीं थे।

आतंकी लतीफ बट ...

नहीं ली है। माना जा रहा है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा का हिट स्क्वाड कहे जाने वाले 'द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ' के आतंकी लतीफ बट के मॉडयूल ने किया है।

शिवराज सिंह की...

धामी ने शिवराज सिंह चौहान और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मां का स्नेह, आशीर्वाद और उनके दिए संस्कार जीवन की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। धामी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सीएम धामी ने भोपाल में सुंदरलाल पटवा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान उन्होंने पटवा की धर्मपत्नी से भी आत्मीय मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्व. सुंदरलाल पटवा के योगदान को स्मरण किया।

एयर इंडिया की ...

किया। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं और विमान को आइसोलेशन बे में ले जाकर तलाशी अभियान शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया का विमान मुंबई के लिए उड़ान भरने की तैयारी में था। इसी दौरान चालक दल की नजर शौचालय के शीशे पर लिखे हाईजैक की धमकी वाले संदेश पर पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया और सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल लागू किए गए। सूचना मिलने के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और एयरपोर्ट के विशेष सुरक्षा अधिकारियों ने विमान की सघन तलाशी शुरू की। विमान के अंदर किसी संदिग्ध वस्तु की मौजूदगी का पता लगाने के लिए सभी हिस्सों की जांच की जा रही है। वहीं, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां धमकी भरा संदेश लिखने वाले की पहचान करने में जुटी हैं। इसके लिए विमान में सवार यात्रियों की सूची और एयरपोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल धमकी के स्रोत और उसकी गंभीरता का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

95% घरों में ...

कुछ जगहों पर बच्चियां भी नशे की गिरफ्त में हैं। सांसद का यह बयान ऐसे समय आया है, जब वह किसानों पर की गई टिप्पणी को लेकर पहले ही चर्चा में रहे हैं। उन्होंने पूर्व में कहा था कि किसान तीन महीने मेहनत करते हैं और बाकी नौ महीने ताश, राजश्री, बोतल और चौंगी में समय बिताते हैं। इस टिप्पणी पर काफी विरोध हुआ था। इसके बाद उन्होंने माफी भी मांगी ली थी। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति निश्चित रूप से सामाजिक चिंता का विषय है, लेकिन देश के 95 प्रतिशत परिवारों में नशे के सेवन का दावा भी सवालों के घेरे में है। सांसद ने अपने इस आंकड़े के समर्थन में किसी सर्वेक्षण या आधिकारिक रिपोर्ट का हवाला नहीं दिया है। ऐसे में उनके दावे की प्रमाणिकता पर सवाल उठ रहे हैं। उनके बयान ने नशे की समस्या के साथ-साथ आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर भी नई बहस छेड़ दी है।

लोको पायलट ने ...

में थे और कई यात्री सीट से नीचे गिर गए, तो कुछ के सिर टकराए और कई लड़खड़ाकर गिरे। इस हादसे में करीब 50 यात्री घायल हुए हैं। हादसे से चंद सेकेंड पहले का लोको पायलट का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में लोको पायलट ये कहते हुए सुना जा रहा है कि सिग्नल रेड हैं, ट्रेन को रोकना है लेकिन ट्रेन की स्पीड कंट्रोल नहीं हो रही है। ब्रेक सिस्टम काम नहीं कर रहा है। लोको पायलट ट्रेन को रोकने की पूरी कोशिश करता है लेकिन ब्रेक फेल होने की वजह से ट्रेन पटरी पर लगे बैरिकेड्स से टकरा गई। दरअसल, ये रेल हादसा बुधवार को गुवाहाटी के बाहरी इलाके डिगारू के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार, कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस ट्रेन मिजोरम से कोलकाता की ओर जा रही थी। हादसे के बाद मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। फिलहाल ट्रैक को साफ करने के लिए रिकवरी ट्रेन को मौके पर भेजा गया है। साथ ही रेलवे के बड़े अधिकारी भी मौके पर हैं। ट्रेन की स्पीड कम होने की वजह से हादसे में जान-माल का ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। दूसरी ओर पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ने इस हादसे को लेकर आधिकारिक बयान जारी किया है। रेलवे ने बताया- 11 नवंबर को करीब 6 बजकर 54 मिनट पर कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस को असम के दिगारू रेलवे स्टेशन पर किसी दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए रोका जा रहा था, तब लोको पायलट ट्रेन की गति को नियंत्रित नहीं कर सके। इसके कारण ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें इंजन और 5 कोच पटरी से उतर गए। सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

कानपुर में ....

में अफरा-तफरी मच गई। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और डिब्बों को पटरी पर चढ़ाने का काम जारी है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बोले- कभी दर्शन...

बयान पर भाजपा ने टीएमसी और विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा है। कीर्ति आजाद ने कहा कि देश में 3200 करोड़ देवी-देवता हैं, ऐसे में क्या केवल राम ही भगवान हैं? उन्होंने कहा, मैं कभी राम मंदिर नहीं जाऊंगा। भगवान राम ने माता सीता से अग्निपरीक्षा कराई और उसमें सफल होने के बावजूद उन्हें दो छोटे बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। फिर उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कैसे कहा जा सकता है?

मां सीता को बताया ...

भगवान राम की पूजा नहीं करने से कोई हिंदू नहीं रह जाता? उनके मुताबिक, भाजपा केवल राम के नाम पर राजनीति करती है और कृष्ण सहित दूसरे देवी-देवताओं को महत्व नहीं देती।

बाबर प्रेमियों को...

लगाया कि टीएमसी सांसद ने भगवान राम का अपमान किया है। भंडारी ने सोशल मीडिया पर कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष सनातन के प्रति विरोध का भाव रखता है। राहुल गांधी, ममता बनर्जी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन को बदनाम कर रहे हैं। भंडारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बंगाल की तरह ही उत्तर प्रदेश की जनता भी बाबर प्रेमियों को सबक सिखाएगी। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की तरह उत्तर प्रदेश की जनता भी 2027 के विधानसभा चुनाव में विपक्ष को जवाब देगी।

घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

दिल्ली से महाकाल मंदिर आए श्रद्धालुओं से मारपीट,उन्हीं के खिलाफ एफआईआर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान मंगलवार तड़के दिल्ली से आए चार श्रद्धालुओं और मंदिर के



सुरक्षाकर्मियों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। इसके बाद मंदिर समिति की कोर सिक्योरिटी कंपनी ने उन्हीं चार श्रद्धालुओं के खिलाफ महाकाल थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कोर सिक्योरिटी कंपनी के एएसओ पवन शर्मा के अनुसार, भस्म आरती के दौरान चलित दर्शन की लाइन त्रिवेणी द्वार के अंदर लगाई गई थी। इसी बीच अन्नक्षेत्र के सामने फूल-प्रसाद विक्रेताओं ने बैरिकेड खोल दिया, जिससे व्यवस्था बिगड़ गई। बैरिकेड दोबारा बंद करने के दौरान कुछ श्रद्धालु निर्धारित लाइन तोड़कर अंदर पहुंच गए, जबकि उनके साथ आए कुछ लोग बाहर रह गए। इसी बात को लेकर समझाइश देने के दौरान विवाद और मारपीट हुई। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने दिल्ली निवासी जतिन गोयल, अनुज गोयल, अमर गोयल और सत्यम के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सायमा पता 49, फखरुद्दीन अहमद मस्जिद के पास पुतलीघर ईसाईयों के कब्रिस्तान के पास भोपाल विवाह से पूर्व मेरा नाम सायमा गाजी (Saima Gazi) था विवाह के उपरांत अभी मेरा नाम सायमा (Sayma) पति श्री अंसार है भविष्य में मुझे केवल सायमा (Sayma) पति श्री अंसार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा, नारियलखेड़ा, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 73 मण्डल द्वारा श्री पुरूषोत्तम साहू आत्मज श्री चतुर्भज साहू के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 14/06/2001 को पंजीकृत किया गया है। श्री पुरूषोत्तम साहू का स्वर्गवास दिनांक 15/05/2007 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नि व 2 पुत्र (1) श्रीमती कृष्णा साहू पत्नि स्व. श्री पुरूषोत्तम साहू (2) श्री वीरेन्द्र साहू आत्मज स्व. श्री पुरूषोत्तम साहू (3) श्री दीपश साहू आत्मज स्व. श्री पुरूषोत्तम साहू द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नामों से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रॉपर्टी आई.डी. नं. C102060016
आवेदन क्रमांक 13326 आवेदन 24/09/2026
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1, महाराणा प्रताप नगर भोपाल
क्रमांक 2411/राजस्व / भौविप्रा / 26
भोपाल, दिनांक 06/11/2026

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की 36 एम.आई.जी. इन्द्रपुरी योजना में स्थित प्रकोष्ठ क्रमांक एम.आई.जी 16 सेक्टर बी के श्री भागचंद खटवानी के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री भागचंद खटवानी आ. श्री हीरानंद खटवानी का स्वर्गवास दिनांक:-21/08/2007 एवं उनकी पत्नी श्रीमती सुशीला खटवानी का भी स्वर्गवास दिनांक 27/09/2020 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्री नरेश खटवानी आ. स्व श्री भागचंद खटवानी द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया हैं। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल | Veronika Khushi Heights Main Road Abbas Nagar Bhopal



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

शब्द पहेली - 6404

■	1		2		3	■	4		5	6
7		■		■	8			■	9	
	■	10				■	11	12	■	
13				■	14	15	■	16	17	
	■		■	18			■	■		■
19	20				■	21		22		23
■		■	■	24	25		■		■	
26		27	■	28		■	29			
	■	30	31	■	32				■	
33	34	■	35			■		■	36	
37				■	38					■

बाएँ से दाएँ
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

ऊपर से नीचे
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

शब्द पहेली- 6403 का हल

स	द	च	रि	त्र	■	■	ब	ह	रा	■
मा	मा	■	या	■	अ	द	द	■	ह	क
ज	■	■	स	ज	दा	■	न	■	■	हा
वा	र	दा	त	■	■	श	■	प	नी	र
दी	■	मि	■	ह	म	रा	ज	■	र	■
■	रा	नी	■	रा	■	फ	■	धी	ज	■
■	ह	■	श	र	ब	त	■	ह	■	म
क	त	रा	■	त	■	■	आ	इ	च	न
हा	■	■	चिं	■	म	लि	न	■	■	भा
नी	र	■	त	न	य	■	ब	■	श	व
■	थ	का	न	■	■	म	न	मो	ह	न

सूडोकु नवताल - 6414

कठिनतम

			4		6			
					2	7		
	6	8				9		
5	3							6
				6				
7							9	2
		9				8	5	
		2	1					
			3		4			

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6413 का हल

2	9	7	1	3	6	4	8	5
3	1	6	5	8	4	2	9	7
5	4	8	7	9	2	6	3	1
9	2	1	4	7	3	8	5	6
7	8	3	6	1	5	9	2	4
4	6	5	9	2	8	1	7	3
1	7	4	2	5	9	3	6	8
6	3	2	8	4	7	5	1	9
8	5	9	3	6	1	7	4	2

खबर संक्षेप

डाबर ने लांच किया 'ट्रिपल एक्शन ऑन' अभियान

नई दिल्ली। डाबर इंडिया लिमिटेड ने डाबर च्यवनप्राश के लिए नया अभियान 'ट्रिपल एक्शन ऑन। रखे अंदर से स्ट्रॉन्ग।' लांच किया है। इस अभियान के जरिए कंपनी ने अपने आयुर्वेदिक फॉर्मूले और शरीर, अंगों व कोशिकाओं के तीन स्तरों पर सुरक्षा की अवधारणा को सामने रखा है। डाबर इंडिया के निदेशक श्रीराम पद्मनाभन ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य च्यवनप्राश को केवल सर्दियों में इस्तेमाल होने वाले उत्पाद की छवि से बाहर निकालकर रोजमर्रा की स्वास्थ्य दिनचर्या का हिस्सा बनाना है।

पिरामल ने 12 ग्रामीण ऋण शाखाओं का विस्तार किया

भोपाल। मध्य प्रदेश में पिरामल फाइनेंस ने अपने कारोबार का विस्तार करते हुए 12 ग्रामीण ऋण शाखाओं का संचालन अपने हाथ में ले लिया है। ये शाखाएं अब तक कमल फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही थीं। इस बदलाव के बाद सभी शाखाओं का संचालन सीधे पिरामल फाइनेंस करेगी। कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों, स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे कारोबारियों को बेहतर एवं निर्बाध वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप ऋण सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने, मजबूत संबंध बनाने पर जोर दिया जाएगा।

अमेजन पे की 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स' सेल आज से

मुंबई। अमेजन पे ने अपनी फ्लैगशिप सेल 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स 2026' की घोषणा की है। 12 से 26 नवंबर तक चलने वाली इस सेल में ग्राहकों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट बुकिंग पर 30 प्रतिशत और होटल बुकिंग पर 65 फीसदी तक की छूट मिलेगी। दिल्ली से बैंकॉक का हवाई किराया 12,299 रुपए, मुंबई से दुबई 13,999 रुपए और मुंबई से गोवा 3,099 रुपए से शुरू होगा। वहीं, होटल बुकिंग में 5-स्टार प्रॉपर्टी पर भी आकर्षक ऑफर मिलेंगे।

केएफसी ने पेश की नई कोरियन डंक्ड रेंज

नई दिल्ली। केएफसी इंडिया ने चिकन पसंद करने वालों के लिए अपनी नई 'कोरियन डंक्ड रेंज' पेश की है। इसमें कंपनी के खास कुरकुरे चिकन को कोरियाई स्वाद के साथ नए अंदाज में तैयार किया गया है। इस नई रेंज में क्लासिक जिंगर बर्गर, चिकन के टुकड़े, रसीले चिकन विंग्स और मसालेदार कुरकुरा चिकन शामिल हैं। यह रेंज 10 नवंबर 2026 से देशभर के 1,400 से अधिक केएफसी रेस्तरां में उपलब्ध होगी। ग्राहक इसे बैठकर खाने, पैक कराकर ले जाने और केएफसी की वेबसाइट, मोबाइल एप से मंगा सकेंगे।

बर्जर पेंट्स का मुनाफा 217.1 करोड़ रुपए हुआ

कोलकाता। बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 217.1 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। कंपनी के एमडी एवं सीईओ अभिजीत रॉय ने कहा कि पिछले वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 206.4 करोड़ रुपए था। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड परिचालन राजस्व 13.2 प्रतिशत बढ़कर 3,200.4 करोड़ रुपए रहा। वहीं, अन्य आय को छोड़कर एबिटडा 5.2 प्रतिशत बढ़कर 370.7 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

रोहित ने साझा किया दिलचस्प किस्सा

मुंबई। भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने एक कार्यक्रम में पत्नी रितिका सजदेह के साथ अपनी प्रेम कहानी का दिलचस्प किस्सा साझा किया। 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' में उन्होंने बताया कि दोनों की पहली मुलाकात 2008 में एक विज्ञापन शूट के दौरान हुई थी। उस समय रितिका एक खिलाड़ी की प्रबंधक थीं। रोहित अपने प्रबंधक के समय पर नहीं पहुंचने से नाराज होकर कमरे में बैठे थे। तभी रितिका ने उनसे मदद की पेशकश की।

ऊंची बोलियों ने किसानों और व्यापारियों में भरा उत्साह

भोपाल मंडी में कांटा पूजन के साथ नए कारोबारी साल का आगाज, बीते साल से 2 हजार ऊंचा बिका सोयाबीन

मुहूर्त सौदों में बरसे भाव, सोयाबीन 7401 रुपए तो धान 5151 रुपए क्विंटल के भाव पर नीलाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दीपावली की छुट्टियां खत्म होते ही करोंद कृषि उपज मंडी में नए कारोबारी साल का आगाज उत्साह और ऊंचे भावों के साथ हुआ। पांच दिवसीय दीपोत्सव अवकाश के बाद बुधवार को व्यापारियों ने विधि-विधान से कांटा पूजन किया और मुहूर्त सौदों में किसानों की उपज खरीदने के लिए जमकर बोलियां लगाईं। मुहूर्त नीलामी में सोयाबीन 7401 रुपए और धान 5151 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। ऊंचे भावों ने नए व्यापारिक सत्र की शुरुआत को खास बना दिया। मुहूर्त सौदों में गेहूं 3011 रुपए और मक्का 2901 रुपए और चना 7200 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। इस बार सोयाबीन को सबसे ऊंची बोली मिली। किसानों की उपज के आकर्षक भाव मिलने से मंडी में उत्साह का माहौल रहा।

सोयाबीन 300 बोरी और धान की 60 ट्राली आवक

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि इस बार मुहूर्त सौदों में कृषि उपज के भाव अच्छे रहे, हालांकि मंडी में आवक अपेक्षाकृत कम रही। मक्का की करीब 250 बोरी, गेहूं की 300 बोरी, सोयाबीन की 300 बोरी और धान की 50 से 60 ट्रालियां मंडी पहुंचीं।


प्रतिष्ठान पर गेहूं व्यापारी संजीव जैन कांटा पूजन करते हुए

व्यापारी बोले: कारोबारी साल की शुरुआत अच्छे भावों से होना शुभ संकेत

कार्यक्रम में व्यापारियों ने मुहूर्त सौदों में उपज के ऊंचे भाव मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद नए कारोबारी साल की शुरुआत अच्छे भावों से होना शुभ संकेत है। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिला है और मंडी में व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। व्यापारियों ने आगामी दिनों में मंडी में आवक बढ़ने और कारोबार में तेजी आने की संभावना जताई।


मंडी प्रागंण के शेड पर कृषि उपज की बोली लगाते व्यापारी

विधि-विधान से हुआ कांटा पूजन, व्यापार में उन्नति की कामना

व्यापारिक सीजन की शुभ शुरुआत के अवसर पर मेसर्स राजीव कुमार भैयालाल साहू के प्रतिष्ठान पर विधि-विधान और श्रद्धा के साथ कांटा पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर राकेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूजन समारोह में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिष्ठान की उन्नति, व्यापार में निरंतर तरक्की और परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। धार्मिक परंपराओं के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम में नए व्यापारिक सीजन के सफल और मंगलमय रहने की कामना की गई।



आजाद मार्केट में अनाज व्यापारी कांटा पूजन करते हुए

दीपावली मिलन समारोह में व्यापारियों ने बांटी खुशियां

मुहूर्त सौदों के बाद एसोसिएशन भवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए नए कारोबारी साल में सुख-समृद्धि और बेहतर व्यापार की कामना की।


समारोह में दीपोत्सव की बधाई देते मंत्री विश्वास सारंग

कार्यक्रम में भोपाल मंडी सचिव नरेश परमार, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली, चेंबर के संयोजित सदस्य प्रमोद जैन हिमांशु, रोहित जैन, राजेश जैन,निहालचंद मोटवानी, विजय आहूजा, एसोसिएशन पदाधिकारी महेन्द्र कुमार डागा चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, सुतेज जैन (लक्की), विनोद सकलेचा, दिलीप भूरानी, स्वदेश मंगल, राजीव जैन, प्रकाश भागचंदानी, सुधीर कुमार माहेश्वरी, रामबाबू अग्रवाल, नारायण दास मनवानी, रमेश लखानी, हरीश कुमार साहू, राजेश खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, प्रीतेश अग्रवाल, सुनील मोटवानी सहित बड़ी संख्या में अनाज व्यापारी उपस्थित रहे।

नए नियमों से हजारों निर्माताओं को फायदा मिलने की उम्मीद

छोटे उद्योगों को राहत: अब जीएसटी में फंसा पैसा लौटाएगी सरकार, 90 फीसदी रिफंड तुरंत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

छोटे उद्योगों की सबसे बड़ी परेशानी यानी जीएसटी में फंसी पूंजी से अब काफी हद तक राहत मिलने वाली है। जीएसटी रिफंड के नए फार्मूले से उलटी कर व्यवस्था के तहत काम करने वाले छोटे और मध्यम उद्योगों को अब पहले से ज्यादा टैक्स वापस मिल सकेगा।

खास बात यह है कि अब केवल कच्चे माल पर चुकाया गया कर ही नहीं, बल्कि उत्पादन संबंधी सेवाओं और मशीनों पर जमा जीएसटी भी रिफंड के दायरे में आएगा। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के सचिव धीरज अग्रवाल ने बताया कि 57वीं जीएसटी परिषद की सिफारिश पर रिफंड व्यवस्था में यह अहम बदलाव किया गया है। इसका सीधा फायदा उन निर्माताओं को मिलेगा, जिनका पैसा हर महीने इनपुट टैक्स क्रेडिट के रूप में अटका रहता है।

पुरानी खरीद पर नहीं मिलेगा नए नियमों का लाभ

धीरज अग्रवाल ने साफ किया कि नए प्रावधान पिछली तारीख से लागू नहीं होंगे। 1 नवंबर 2026 से पहले ली गई सेवाओं और 1 अप्रैल 2027 से पहले खरीदी गई मशीनों पर इस नई व्यवस्था का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल सेवाओं पर ज्यादा जीएसटी चुकाने से कोई कारोबारी रिफंड का हकदार नहीं बन जाएगा। इसके लिए कच्चे माल और तैयार उत्पाद की कर दरों में उलटफेर होना अनिवार्य है।



अप्रैल 2027 से मशीनों पर जमा टैक्स की भी वापसी

मशीनरी खरीदने वाले उद्योगों के लिए भी राहत का प्रावधान किया गया है। 1 अप्रैल 2027 से मशीनों और अन्य पूंजीगत सामान पर चुकाए गए जीएसटी को भी रिफंड में शामिल किया जाएगा। हालांकि यह रकम एकमुश्त नहीं मिलेगी, बल्कि 60 महीनों में बांटकर वापस की जाएगी। रिफंड व्यवस्था में दूसरा बड़ा बदलाव छोटे उद्योगों के लिए और भी अहम है। अब उलटी कर व्यवस्था वाले पात्र दावों में भी 90 प्रतिशत राशि अस्थायी रूप से तुरंत जारी की जा सकेगी। शेष 10 प्रतिशत रकम जांच पूरी होने के बाद मिलेगी। हालांकि तत्काल रिफंड भी प्रणाली की जोखिम जांच के बाद ही जारी होगा। जिन निर्माताओं का कर रिकॉर्ड साफ होगा, उन्हें इसका लाभ तेजी से मिलने की उम्मीद है।

कच्चा माल महंगा, तैयार माल सस्ता... बीच में फंसती है उद्योगों की पूंजी

दरअसल, उलटी कर व्यवस्था की स्थिति तब बनती है, जब कच्चे माल पर जीएसटी की दर तैयार माल की बिक्री पर लगने वाली दर से ज्यादा होती है। ऐसे में निर्माता जितना कर खरीद पर चुकाता है, बिक्री के समय उतना कर वसूल नहीं कर पाता। नतीजतन उसका टैक्स क्रेडिट जमा होता जाता है और कारोबार की बड़ी पूंजी सरकारी खाते में फंस जाती है।अब तक रिफंड में मुख्य रूप से कच्चे माल पर चुकाए गए कर को ही शामिल किया जाता था। सेवाओं और मशीनरी पर दिए गए जीएसटी का लाभ नहीं मिल पाता था। नए फार्मूले ने इसी कमी को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नए प्रावधान के तहत 1 नवंबर 2026 से माल परिवहन, जॉब वर्क, बिजली, मरम्मत और अन्य उत्पादन संबंधी सेवाओं पर चुकाया गया जीएसटी भी रिफंड में शामिल होगा। यानी उद्योगों को अब सेवाओं पर जमा कर के रूप में फंसी रकम वापस पाने का रास्ता मिलेगा।

कंपनी ने 1,15,000 रुपए रखी कीमत

हीरो मोटोकॉर्प का एक्सट्रीम 125आर स्टील्थ एडिशन लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हीरो मोटोकॉर्प ने स्पोर्टी 125 सीसी मोटरसाइकिल श्रेणी में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए नई एक्सट्रीम 125आर स्टील्थ एडिशन लॉन्च की है। नए संस्करण में 4.2 इंच का रंगीन डिजिटल उपकरण पटल, ब्लूटूथ संपर्क सुविधा और श्रेणी में पहली बार टायर में हवा के दबाव की निगरानी करने वाली प्रणाली जैसे आधुनिक फीचर दिए गए हैं। कंपनी ने इसकी कीमत 1,15,000 रुपए (पूरे देश में शोरूम से पहले की कीमत) रखी है। यह मोटरसाइकिल मोती जैसी चमक वाले लाल रंग के आकर्षक अंशों के साथ खास मध्यरात्रि काले रंग में उपलब्ध होगी।

नई एक्सट्रीम 125आर स्टील्थ एडिशन में दिया गया 4.2 इंच का डिजिटल उपकरण पटल चालक को रास्ते की जानकारी, संपर्क और यात्रा से जुड़ी सूचनाएं उपलब्ध कराता है। ब्लूटूथ के माध्यम से इसमें मोड़-दर-मोड़ रास्ता बताने, फोन कॉल और संदेशों की सूचना तथा संगीत नियंत्रण की सुविधा मिलती है। इसके अलावा, इसमें रंगीन मिश्रधातु के पहिए दिए गए हैं, जो मोटरसाइकिल को आकर्षक और दमदार रूप देते हैं। कंपनी के अनुसार, एक्सट्रीम 125आर अपनी श्रेणी में टायर दबाव निगरानी प्रणाली देने वाली पहली मोटरसाइकिल है। यह प्रणाली टायर में हवा के दबाव की वास्तविक समय में जानकारी और चेतावनी देती है।

मोटरसाइकिल में दोहरे चैनल वाली एंटी लॉक ब्रेकिंग प्रणाली भी दी गई है, जो बेहतर ब्रेक लगाने में मदद करती है। लांच के अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प की भारतीय कारोबार इकाई के मुख्य व्यवसाय अधिकारी आशुतोष वर्मा ने कहा कि युवा ग्राहक अब ऐसी मोटरसाइकिल चाहते हैं।

बिजनेस न्यूज

दीपक एडवरटाइजिंग के 30 साल पूरे एआई और युवा सोच के साथ नई उड़ान

इंदौर। दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी ने नवंबर 2026 में अपनी स्थापना के 30 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर एजेंसी ने नए विजन की घोषणा करते हुए अपना मंत्र दिया है '30 साल का अनुभव, युवा एजेंसी जैसा जोश'। एजेंसी अब आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और युवा सोच के साथ अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी। एजेंसी के प्रबंध निदेशक दीपक जेठा ने बताया कि आने वाले समय में विज्ञापन निर्माण, सामग्री तैयार करने और प्रचार माध्यमों की योजना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल बढ़ाया जाएगा। आंकड़ों और तकनीक के जरिए ग्राहकों के विज्ञापन बजट का बेहतर उपयोग कर प्रभावी परिणाम देने पर भी जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग की बढ़ती मांग को देखते हुए विशेष 'क्रिएटर्स अम्ब्रेला' विभाग शुरू किया जाएगा। इसके माध्यम से ब्रांड्स को उपयुक्त प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निर्माताओं का संगठित नेटवर्क उपलब्ध कराया जाएगा। जेठा ने कहा कि तीन दशक पहले छोटे से सपने के साथ शुरू हुई एजेंसी आज मध्य प्रदेश में अपनी पहचान बना चुकी है। नया मंत्र है 'अनुभव में वरिष्ठ, सोच में युवा'। एजेंसी का लक्ष्य ग्राहकों को केवल विज्ञापन नहीं, बल्कि कारोबार की वृद्धि में सहयोग देना है। नई सेवाएं फिलहाल मौजूदा ग्राहकों को मिलेंगी, जबकि 2027 से नए ग्राहक भी इनका लाभ उठा सकेंगे।

ब्राइट की बीएसई-एनएसई मेन बोर्ड पर एंट्री, विकास के नए दौर में कंपनी

मुंबई। आउटडोर विज्ञापन उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाने वाली ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड ने बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य बोर्ड पर सूचीबद्ध होकर कारोबार के विस्तार की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने इसे अपनी तीन वर्षों से अधिक की शेयर बाजार यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए विकास के नए अध्याय की शुरुआत बताया है। कंपनी ने 24 मार्च 2023 को बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होकर भारत की पहली सूचीबद्ध आउटडोर मीडिया कंपनी बनने का गौरव हासिल किया था। अब मुख्य बोर्ड पर स्थानांतरण से उसे निवेशकों और पूंजी बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने का अवसर मिलेगा। ब्राइट आउटडोर मीडिया वर्तमान में विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर 1,350 से अधिक होर्डिंग्स और 50 से ज्यादा बड़े डिजिटल एलईडी विज्ञापन बोर्ड संचालित करती है। कंपनी ने रेलवे, मेट्रो, सरकारी परियोजनाओं और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से जुड़े विज्ञापन क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाई है। कंपनी की भविष्य की रणनीति में डिजिटल विज्ञापन, नए शहरों में विस्तार और एकीकृत प्रचार सेवाओं पर विशेष जोर रहेगा। कंपनी के सीएमडी डॉ. योगेश लखानी ने कहा कि बीएसई और एनएसई के मुख्य बोर्ड पर सूचीबद्ध होना पूरी टीम, ग्राहकों, निवेशकों और सहयोगियों के विश्वास का परिणाम है।



बाल साहित्य से बच्चों की सोच और समझ को मिल रही नई दिशा

भोपाल। मुस्कान संस्था और टाटा ट्रस्ट्स के पराग कार्यक्रम की पहल से कंजर, पारधी और गोंड समुदायों के बच्चों में पढ़ने, सोचने और सवाल करने की क्षमता विकसित की जा रही है। इस पहल के तहत 10 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए सामुदायिक पुस्तकालयों में पढ़ने और चर्चा के समूह संचालित किए जा रहे हैं। टाटा ट्रस्ट्स की अमृता पटवर्धन के अनुसार आईबीबीवाई-यामादा फंड के सहयोग से चल रही इस पहल में बच्चों को बाल साहित्य के माध्यम से आदिवासी पहचान, लैंगिक समानता, भेदभाव, युद्ध, शांति और संविधान जैसे विषयों से परिचित कराया जा रहा है। प्रशिक्षित पुस्तकालय संचालक बच्चों को अनुभव साझा कर प्रोत्साहित किया हैं। संस्था के अध्यक्ष ब्रजेश वर्मा ने बताया कि बच्चों में आत्मविश्वास, लेखन क्षमता और सामाजिक मुद्दों को समझने की क्षमता बढ़ी है।

2,000 रुपए से ज्यादा के भुगतान पर दुकानदारों को देना पड़ सकता है शुल्क

त्योहार खत्म : जेब पर पड़ेगी दोहरी मार, यूपीआई पर चार्ज की मार, कच्चा तेल 90 डॉलर से नीचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारों की रौनक खत्म होते ही अब आम लोगों और कारोबारियों की नजरें आर्थिक मोर्चे पर होने वाले बदलावों पर टिक गई हैं। एक तरफ यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने की तैयारी चर्चा में है, तो दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, सोना और चांदी महंगे होने से कीमती धातुओं के खरीदारों को झटका लगा है। भाईदूज के साथ त्योहारों का सीजन खत्म हो गया है।

अब यूपीआई भुगतान को लेकर नए शुल्क की चर्चा तेज है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर दुकानदारों को 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) चुकाना पड़ सकता है। पहले इसे 15 अक्टूबर से लागू करने की तैयारी थी, लेकिन त्योहारों के कारण टाल दिया गया। नई व्यवस्था लागू होने की आधिकारिक तारीख अभी स्पष्ट नहीं है।



अंतरराष्ट्रीय बाजार से दूसरी बड़ी खबर कच्चे तेल को लेकर आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर आगे सैन्य हमले नहीं करने के संकेतों के बाद तेल बाजार में नरमी देखने को मिली है। ब्रेंट क्रूड अगस्त के बाद पहली बार 90 डॉलर प्रति बैरल के नीचे पहुंच गया। मंगलवार को इसमें 3.1 प्रतिशत और उससे एक दिन पहले करीब 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

सोना-चांदी महंगे खरीदारों को झटका

जहां कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से राहत के संकेत हैं, वहीं सोना 968 रुपए और चांदी 3,132 रुपए महंगी हो गई है। इससे कीमती धातुओं में निवेश और आभूषण खरीदने की तैयारी कर रहे लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। यानी त्योहारों के बाद बाजार में तस्वीर मिली-जुली है। यूपीआई शुल्क की आशंका कारोबारियों की चिंता बढ़ा रही है, कच्चे तेल की गिरावट राहत दे रही है और सोना-चांदी की तेजी खरीदारों की परेशानी बढ़ा रही है।

गेहूं नीलामी में बड़ा झटका, 298 रुपए क्विंटल तक टूटे भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की हुई गेहूं की ई-नीलामी में कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश में गेहूं के भाव 298 रुपए प्रति क्विंटल तक टूट गए, जबकि देश के अन्य प्रमुख उत्पादक राज्यों में भी 59 से 344 रुपए प्रति क्विंटल तक की कमी आई है। इसे गेहूं की बिक्री के लिए उपलब्ध मात्रा लगभग दोगुनी किए जाने और प्रोसेसर्स की बढ़ी भागीदारी को इस गिरावट की बड़ी वजह माना जा रहा है।

मध्यप्रदेश में गेहूं की कीमतों में 298 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश में गेहूं का बड़ा उत्पादन और आटा मिलिंग उद्योग की मजबूत मौजूदगी देखते हुए इसे बाजार के लिहाज से अहम माना जा रहा है। एफसीआई की ओर से अधिक मात्रा में गेहूं उपलब्ध कराने से प्रोसेसर्स को खरीद के ज्यादा अवसर मिले। इसका असर आने वाले दिनों में मंडियों और आटा मिलों की खरीद पर भी पड़ सकता है। एफसीआई के नीलामी पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, गुजरात को छोड़कर अन्य राज्यों में कुल 1.91 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए रखा गया था। इसमें सफल बोलीदाताओं ने करीब 1.78 लाख टन गेहूं उठाने की इच्छा जताई। सरकार ने इस सप्ताह कुल 1.99 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए उपलब्ध कराया था, जबकि पिछले सप्ताह यह मात्रा महज 1.01 लाख टन थी। इसमें गुजरात के लिए 8 हजार टन गेहूं भी शामिल था। हालांकि, शाम तक गुजरात की नीलामी का विवरण उपलब्ध नहीं हो पाया था। इस सप्ताह गेहूं का कुल उठाव घटकर करीब 93 प्रतिशत रह गया, जबकि पिछली नीलामी में यह आंकड़ा लगभग 98 प्रतिशत था। नीलामी में शामिल एक प्रोसेसर के मुताबिक, इस सप्ताह प्रोसेसर्स की भागीदारी में उल्लेखनीय इजाफा हुआ।

चिंतन

आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता जरूरी

कश्मीर घाटी में आतंकवाद एक बार फिर चुनौती दे रहा है। इसका चेहरा तेजी से बदल रहा है। अब दुश्मन केवल सीमा पार से घुसपैठ कर हमला नहीं करता, बल्कि देश के भीतर स्लीपर सेल भी तैयार करता है, स्थानीय मददगारों के जरिये साजिशों को अंजाम देता है और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से सुरक्षा तंत्र को चुनौती देता है। साइबर नेटवर्क, एआई और मानवरहित हथियारों ने आतंकवाद के खतरे को और जटिल बना दिया है। सवाल है कि जब आतंक के तौर-तरीके इतने बदल रहे हैं तो हमारी सुरक्षा रणनीति कितनी बदली है? कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमला और एलओसी पर पाकिस्तान की एंटी-ड्रोन तैनाती इसी बदलती चुनौती के संकेत हैं। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता बरतनी होगी। हाल ही की घटना में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर बाइक सवार हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी इस बात का संकेत है कि आतंकियों के मंसूबे अभी कमजोर नहीं पड़े हैं। महज 15 सेकेंड में करीब 30 राउंड फायरिंग कर तीन जवानों को घायल करने के बाद हमलावरों का फरार हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार अपनी सैन्य तैयारियों को नए सिरे से धार देने में जुटा है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने एलओसी के सामने 50 से अधिक विशेष एंटी-ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। नवंबर में ही 20 नई यूनिट शामिल किए जाने की सूचना है। इनका उद्देश्य भारतीय ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन की निगरानी करना तथा उन्हें निष्क्रिय करना है। पाकिस्तान की इस तैयारी को केवल रक्षात्मक कदम मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुलगाम की घटना और एलओसी के पार पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों को अलग-अलग घटनाक्रम मानकर देखने के बजाय व्यापक सुरक्षा परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2024 से अब तक 548 आतंकी घटनाएं होना और इनमें 45 जवानों का शहीद होना बताता है कि चुनौती कितनी गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इस दौरान 138 आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन आतंकवाद का नेटवर्क केवल आतंकियों को खत्म करने से समाप्त नहीं होता। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी सैन्य रणनीति में ड्रोन युद्ध को प्राथमिकता दी है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर की रणनीति में ड्रोन को रक्षा और हमले, दोनों की पहली पंक्ति का हिस्सा बनाया जा रहा है। इसके लिए चीन और तुर्किये से आधुनिक तकनीक हासिल करने के साथ एआई और निगरानी प्रणालियों पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे हालात में भारत को अपनी सुरक्षा रणनीति भी लगातार आधुनिक बनानी होगी। सीमा पर चौकसी, एंटी-ड्रोन प्रणाली, आधुनिक निगरानी उपकरण और खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। साथ ही, कुलगाम जैसे संवेदनशील इलाकों में तैनात जवानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों का मनोबल और आम नागरिकों का विश्वास बनाए रखना होगा। पाकिस्तान की बदलती सैन्य रणनीति और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को देखते हुए किसी भी स्तर पर आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ केवल जवाबी कार्रवाई नहीं, बल्कि ऐसी चौकस और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था चाहिए, जो दुश्मन के मंसूबों को हमला होने से पहले ही नाकाम कर दे। यही जवानों की सुरक्षा और देश की संप्रभुता की सबसे बड़ी गारंटी है।



आर्थिकी

प्रमोद भार्गव

दवा कारोबार में अनैतिकता पर अंकुश

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502.31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुतः कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अततः यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

दवाओं की कीमतें घटाने का यह फैसला स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के तहत गठित की गई विशेषज्ञ समिति की 17 अक्टूबर 2026 को आई सिफारिश के बाद लिया है। डीजीएचएस के बयान के अनुसार अब तक 76 दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1225 सूत्रीकरण (फॉर्मूलेशन) के लिए नए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जमा किए हैं। 1225 में से 1031 फॉर्मूलेशन की कीमतों में भारी कटौती की गई है। करीब 600 ब्रांड की दवाओं की कीमत में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। सबसे ज्यादा कटौती 96.45 प्रतिशत की गई है। वस्तुतः अब कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई असरकारी दवाओं की कीमतों में भारी कमी स्पष्ट दिख रही है। आरपीजी लाइफ साइंसेज की स्तन कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली कैप्सूल 'पैल्बोप्रो' (पैल्बोसिक्लिब 125 मिलीग्राम) की कीमत 40,421.33 रुपये से घटकर मात्र 2720 रुपये रह गई है। इसी तरह अरविंकेयर फार्मा की प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली टेबलेट एबीरोन (एबिराटेरॉन एसीटेट 250 मिलीग्राम) का मूल्य 41,250 रुपये से घटकर 3218.23 रुपये निर्धारित कर दिया है। यह भारी अंतर सभी दवाओं पर दिखाई दे रहा। सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर की दवाओं की एमआरपी और सरकारी खरीद मूल्य के बीच बड़े अंतर को अजूबा करार दिया था। यह अंतर 10 गुना से भी ज्यादा था। 2700 रुपये की खुदरा बिक्री वाली कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 रुपये अंकित होने पर इसे न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पहले तो 'दिन-दहाड़े' डकैती कहा और फिर 29 सितंबर 2026 को की गई सुनवाई में इस भारी अंतर को दो टूक शब्दों में 'कत्लेआम' यानी 'सामूहिक-संहार' तक कहने में संकोच नहीं किया था। दवा कारोबारी, निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद करने वाले जिम्मेदारों के लिए इससे तीखी टिप्पणी, दूसरी कोई हो नहीं सकती ? अदालत ने यह सवाल भी खड़ा किया था। कि आखिर 'इतना पैसा कहां जा रहा है और फायदा किसे हो रहा है? 'यह टिप्पणी सीधे-सीधे दवा उत्पादक, निजी अस्पतालों के मालिक एवं चिकित्सक तथा सरकारी खरीद में लिप्त जिम्मेदारों का अमानवीय चेहरा सामने लाती है। 137 दवाओं की दरें निर्धारित हो जाने से साफ हो गया है कि बड़ा घालमेल दवा उद्योग में चल रहा है। इस घालमेल पर अंकुश लगाने की दृष्टि से ही न्यायालय द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा



कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों, तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की हुई है। समिति को कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा का दायित्व दिया गया था। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा शामिल है। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की भी एक याचिका लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर फॉर्मूलेशन और नियमन के लिए दिशा-निर्देश भी तय कर दिए जाएं ताकि मौजूदा व्यवस्था में जो बड़ी असामानता है, वह दूर हो सके? इसके अंतर्गत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रविधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट अभी आनी है। सस्ती हुई 137 दवाओं में जो अंतर देखने में आया है, उससे साफ है कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर धन कमाने की हवस के चलते बाहर की जा रही हैं। सस्ती हुई दवाओं के अंतर ने तय कर दिया है कि दवा महंगी होने का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। नियमों के मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। यहां तक की नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। दरअसल, वर्तमान में दवा कारोबार मुनाफे की हवस की गिरफ्त में तो है ही, निजी चिकित्सालय उद्योग रोगी पैदा करने और रोगी बनाए रखने का काम भी कर रहे हैं। इसलिए चिकित्सकों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे रोगी की सेवा के बनिस्वत दवा कारोबार की सेवा में लिप्त हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि चिकित्सक ज्ञान तो निश्चित रूप से उच्च चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त करते हैं, लेकिन चिकित्सक बनने के बाद उनके इस ज्ञान का अपहरण दवा उद्योग कर लेते हैं। अतएव ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से ? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व निमोनिया दिवस


बाल मुकुन्द ओझा



दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं, रहें अलर्ट

विश्व निमोनिया दिवस हर साल 12 नवम्बर को लोगों को निमोनिया जैसी गंभीर सांस संबंधी बीमारी के प्रति जागरूक करना, इसके लक्षणों को पहचानने, समय पर इलाज कराने और बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने के लिए मनाया जाता है। इस साल, 2026 में, विश्व निमोनिया दिवस की थीम निमोनिया नियंत्रण का एक नया युग रखी गई है। यह थीम निमोनिया से होने वाली उन मौतों को कम करने में टीकों, जांच के साधनों और इलाज के तरीकों में हुई प्रगति के महत्व को उजागर करती है, जिन्हें रोका जा सकता है। यह जीवन बचाने वाले इन उपायों तक समान पहुंच की वकालत करती है, खासकर उन बच्चों और वंचित समुदायों के लिए जो अधिक जोखिम में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 5 साल से कम उम्र के 14 लाख बच्चों की मौत निमोनिया के कारण होती है। यह दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की कुल मौतों का 18 प्रतिशत है। यूनिसेफ के अनुसार, हर 39 सेकंड में एक बच्चे की मौत निमोनिया से होती है।


अनुमान है कि 50 साल से अधिक उम्र के वयस्कों में निमोनिया से होने वाली 16 लाख मौतें, वायु प्रदूषण और धूम्रपान के कारण होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, निमोनिया आज भी बच्चों में संक्रामक बीमारी से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण है। इस अवसर पर दुनियाभर में निमोनिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। खासतौर पर बच्चों में निमोनिया की रोकथाम को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि पांच साल से कम उम्र के बच्चे इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। द लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की लगभग 14 से 26 फीसदी मौतें निमोनिया के कारण होती हैं। देश में इस आयु वर्ग के लगभग 14.9 फीसदी बच्चों की मौत का कारण निमोनिया है। कुछ आंकड़ों में यह अनुपात 18 फीसदी तक पाया गया है। यह आंकड़े वास्तव में चिंताजनक हैं। भारत में मौसम बदलते ही बीमारियों का खतरा मंडराने लगता है। इनमें निमोनिया प्रमुख है। अस्पतालों में लम्बी लम्बी कतारें लग जाती है। इस समय गर्मी के विदाई का वक्त है। सर्दी की आहट के साथ ही बच्चे से बुजुर्ग तक को अपनी सेहत की चिंता सताने लगती है। इस समय मौसम भी अजब-गजब है। कहीं पंखे चल रहे हैं तो कहीं एयर कंडीशनर भी। लोगों ने गर्म कपडे.निकाल लिए है। पंखा आदि चलाकर कम्बल का उपयोग करते देखा जा सकता है। दिवाली पर प्रदूषण की मार भी लोग झेल रहे है। इसी बीच सर्दियों का मौसम शुरू होते ही सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश और बुखार जैसी अनचाही बीमारियां बढ़ने लगी हैं। सर्द मौसम में निमोनिया का खतरा भी चिंता का विषय बन जाता है। निमोनिया फेफड़ों में होने वाला संक्रमण है, जिसके कारण फेफड़ों की छोटी वायु थैलियों में सूजन आ सकती है और उनमें तरल पदार्थ या मवाद भर सकता है। इससे मरीज को सांस लेने में परेशानी होने लगती है।



खासतौर पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इस बीमारी से अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक निमोनिया से निपटने के लिए केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीकाकरण, शुरुआती पहचान, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की उपलब्धता भी जरूरी है। निमोनिया कोई छोटी-मोटी बीमारी नहीं है। निमोनिया फेफड़ों में असाधारण तौर पर सूजन आने के कारण होता है। इसमें फेफड़ों में पानी भी भर जाता है। आमतौर पर निमोनिया कई कारणों से होता है जिनमें प्रमुख हैं बैक्टीरिया, वायरस, फंगी या अन्य कुछ परजीवी। इनके अलावा कुछ रसायनों और फेफड़ों पर लगी चोट के कारण भी निमोनिया होता है। बैक्टीरिया जनित निमोनिया दो से चार सप्ताह में ठीक हो सकता है। इसके विपरीत वायरल जनित निमोनिया ठीक होने में अधिक समय लेता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो




संकलित

दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

जब मन अशांत हो, अपने इष्टदेव का जप करें



संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

सटाका



आज की पाती


एथेनॉल की खूबियों के बावजूद चिंताएं बरकरार

देश में पेट्रोल के विकल्प के रूप में एथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक और कदम उठाया है, जबकि देश में एथेनॉल को लेकर पूर्व में हंगामा भी बहुत हुआ था। लिहाजा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने के लिए मोटर वाहन नियमों में बदलाव की अधिसूचना जारी की है। यह फैसला भारत की ऊर्जा जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, इस नई व्यवस्था को केवल हरित क्रांति के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ वाहनधारकों की आर्थिक स्थिति, वाहनों की तकनीकी क्षमता, ईंधन की उपलब्धता और रखरखाव से जुड़ी चुनौतियों को भी समझना जरूरी है। - *रामिकशन, रोहतक*

करंट अफेयर

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण बेलफास्ट में विशेष कार्यक्रम

'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास में ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों के 60 से अधिक संगीतकारों ने एक विशेष संगीत कार्यक्रम पेश किया। बेलफास्ट स्थित टोकाटा म्यूजिकल्स प्रोडक्शंस के सहयोग से तैयार राष्ट्रगीत की यह संगीत प्रस्तुति पिछले सप्ताह ऑनलाइन जारी की गई। भारतीय वाणिज्य महादूतावास ने बताया कि इसमें शामिल संगीतकारों का भारत, उसकी संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिकता और संगीत विरासत से व्यक्तिगत जुड़ाव है। ब्रिटेन के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास देश के नए वाणिज्य दूतावासों में से एक है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल मार्च में इसका उद्घाटन किया था। बेलफास्ट में भारत की महावाणिज्यदूत किरण खत्री ने कहा, 'बेलफास्ट में भारत के पहले महावाणिज्य दूतावास की स्थापना भारत और उत्तरी आयरलैंड के संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह उत्तरी आयरलैंड के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने और संस्कृति, शिक्षा, व्यापार तथा लोगों के बीच संपर्क के माध्यम से मजबूत संबंध बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' इस परियोजना में संगीतकारों ने 'वंदे मातरम' के सम्मान में स्वेच्छा से अपना समय दिया।



ऑफ बीट

वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है

दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का



असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी – बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है : भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

ट्रेंड

शतरंज में शतक



भारत ने शतरंज में शतक लगा दिया है! 00वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवात्री को बधाई! यह वाकई एक शानदार उपलब्धि है। यह हमारे खिलाड़ियों की जबरदस्त प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

उत्पादन का रिकॉर्ड



भारत ने उत्पादन के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। चावल के उत्पादन में हम दुनिया में पहले नंबर पर आ गए हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक देश भी बन गया है। आज, देश में रिकॉर्ड 377 मीट्रिक टन अनाज और 378 मीट्रिक टन फल व सब्जियों का उत्पादन हो रहा है।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

अत्यंत दुःखद



पाली में एक दुकान में लगी आग के धुएं से दम घुटने के कारण कांग्रेस पार्षद उषा पुनामिया, उनके पति प्रकाश पुनामिया और उनके बड़े भाई गौतम के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-**अशोक गहलोत,** सीएम, राजस्थान

नई रामायण



नई रामायण देखी। इसमें न तो कोई दिव्यता दिखी और न ही भक्ति का भाव। कई महत्वपूर्ण दृश्य गायब हैं, और कई दृश्यों के संवादों में वह गरिमा नहीं है जो ऐसी फिल्म में होनी चाहिए। रावण का काफी महिमामंडन किया गया है।
- **सुनील लहरी,** अभिनेता

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।


कुछ इस तरह के कंपार्टमेंट में कलाकार बारी बारी से अपनी प्रस्तुति देंगे।

33 रोशन खिड़कियों से गूंजेगा मांगणियारों का लोक और सूफी संगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजस्थान की मिट्टी की सौंधी खुशबू, लोकधुनों की मिठास और सूफियाना सुरों की गहराई... कुछ ऐसा ही अनूठा संगीत अनुभव भोपाल के दर्शकों को मिलने जा रहा है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि की नई पहल 'विश्वरंग एक्सपीरियंस' के तहत 29 नवंबर को रवींद्र भवन में विश्वप्रसिद्ध संगीतमय प्रस्तुति 'द मांगणियार सेडक्शन' का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक एवं लेखक रॉयस्टन एबेल के निर्देशन में राजस्थान के मांगणियार समुदाय के 40 कलाकार अपनी कला का जादू बिखेरेंगे।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि की अनूठी पहल

विश्वरंग एक्सपीरियंस में पहली बार भोपाल आएगी 'द मांगणियार सेडक्शन', 29 नवंबर को रवींद्र भवन में 40 कलाकार देंगे प्रस्तुति

33 जगमगाते कंपार्टमेंट्स में देंगे कलाकार अपनी प्रस्तुति

इस प्रस्तुति की खासियत इसका अनूठा मंच संयोजन है। मंच पर बने 33 जगमगाते कंपार्टमेंट्स में कलाकार बारी-बारी से अपनी प्रस्तुति देंगे। जैसे-जैसे रोशनी जगमगाएगी, वैसे-वैसे लोक और सूफी संगीत के सुर मंच पर गूंजते जाएंगे। कमायचा, खड़ताल, ढोलक और मोरचंग जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत इस अनुभव को और खास बनाएगी।

भारतीय लोक परंपराओं को दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास

विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे के अनुसार, विश्वरंग एक्सपीरियंस के जरिए भारतीय लोक परंपराओं को आधुनिक मंचीय प्रयोगों के साथ दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह प्रस्तुति संगीत, रंगमंच और रोशनी के अनूठे संगम के साथ भोपाल के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक नया अनुभव जोड़ेगी।

खबर संक्षेप

हिंदी भवन में 'दीपोत्सव' का आयोजन आज

भोपाल। मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर हर साल मनाये जाने वालो 'दीपोत्सव' गुरुवार, 12 नवम्बर को शाम 5.30 बजे से हिन्दी भवन में होने जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न अंचलों के गीत-संगीत की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र लेखक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी होंगे। कार्यक्रम में निमाड़ी, बुंदेली, भोजपुरी, मालवी बोली के लोकगीतों की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही कथक, गिद्दा आदि नृत्य पेश किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन अक्षरा की संपादक जया केतकी करेंगी।

अतुल 'सा रे गा मा पा 2026' के टॉप-10 में

भोपाल। प्रदेश के शाजापुर मूल के 25 वर्षीय सूफी एवं लोक गायक अतुल राव इन दिनों लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा- 2026' के टॉप-10 प्रतियोगियों में अपनी जगह बना चुके हैं। वर्तमान में जयपुर, राजस्थान में रह रहे अतुल बचपन में ही संगीत के सपनों को साकार करने के लिए जयपुर आ गए थे। बीते एक दशक से अधिक समय से वे अपनी गायिकी और मंचीय प्रस्तुतियों के जरिए अलग पहचान बनाने में जुटे हैं, जबकि उनका परिवार आज भी मप्र में ही रहता है।



किसी ने सुनाए बचपन में सुतली बम फोड़ने के किस्से तो किसी के लिए परिवार संग ताश खेलना रहा यादगार लम्हा

किस्सों, यादों और ठहाकों के बीच सजी दीपावली की महफिल...



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली सिर्फ दीपों और रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि बचपन की शरारतों, परिवार संग बिताए पलों और अनगिनत यादों का भी उत्सव है। इन्हीं यादों को फिर से जीने और एक-दूसरे के साथ साझा करने के लिए बुधवार को भोपाल स्टोरी टेलर्स की ओर से स्टोरी टेलर ऑफिस में दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने दिवाली से जुड़े अपने दिलचस्प किस्से, अनुभव और भावनाएं साझा कीं। किसी की यादों में सुतली बम की धमाकेदार शरारतें थीं तो किसी के लिए परिवार के साथ देर रात तक ताश खेलना त्योहार का सबसे खूबसूरत हिस्सा रहा।



सुतली बम से तगाड़ी को उड़ाने का था गुनून

वक्ता पुष्पेंद्र ने अपने बचपन की याद साझा करते हुए बताया कि उन्हें सुतली बम फोड़ने का बेहद शौक था। पिता पटाखों से होने वाले प्रदूषण के कारण इन्हें खरीदने से बचते थे, लेकिन बच्चों की जिद पर कभी-कभार पटाखे मिल ही जाते थे। वे कुछ सुतली बम बचाकर रखते और जमीन में गड्ढा खोदकर उसमें बम रखकर ऊपर तगाड़ी रख देते थे। बम फूटने पर तगाड़ी को हवा में उड़ते देखना उनके लिए सबसे रोमांचक अनुभव होता था।

रात चार बजे तक खेली तीन पत्ती

वक्ता मोहित ने बताया कि बचपन में दिवाली का उत्साह कई दिन पहले से शुरू हो जाता था। दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ने की रौनक अब पहले जैसी नहीं रही, क्योंकि कई पुराने दोस्त शहर से बाहर बस गए हैं। वहीं मनोज भटनागर ने दिवाली को परिवार के एक साथ जुटने का खास अवसर बताया। उन्होंने साझा किया कि उनके भाई अलग-अलग शहरों में रहते हैं और दिवाली ही ऐसा मौका होता है, जब पूरा परिवार एक साथ बैठता है। इस दौरान तीन पत्ती खेलने की परंपरा भी है। इस बार भी परिवार ने रात चार बजे तक ताश खेला, जिसमें वे खुद 50 रुपए हार गए और उनके भाई 150 रुपए जीत गए।

बदलती जिम्मेदारियों के साथ बदली दिवाली की परिभाषा

कार्यक्रम में शामिल युवा प्रतिभागी ने बताया कि बचपन में दिवाली उनके लिए सिर्फ मस्ती, दोस्तों के साथ खेलना और पटाखे फोड़ना थी। लेकिन जब एक बार उनकी बहन दिवाली पर घर नहीं आ सकीं, तब उन्हें एहसास हुआ कि परिवार के लोग किस तरह सबके लिए त्योहार को खास बनाते हैं। अब उनके लिए दिवाली का असली अर्थ परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर पूरे दिन खुशियां बांटना है।



बाल सुलभ जिज्ञासाओं को शब्द देती हैं कविताएं...



बाल कविता संग्रह 'आओ, आगे बढ़ते जाएं' का हिंदी भवन में लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बच्चों का मन जिज्ञासाओं, कल्पनाओं और सपनों की रंगीन दुनिया होता है। उनकी इसी दुनिया को जब कविता के सहज और रोचक शब्द मिलते हैं तो साहित्य मनोरंजन के साथ संस्कारों का माध्यम भी बन जाता है। बाल मन की जिज्ञासाओं को शांत करने और उन्हें जीवन के बेहतर मूल्यों से जोड़ने का ऐसा ही प्रयास रचनाकार दीप्ति मिश्रा के बाल कविता संग्रह 'आओ, आगे बढ़ते जाएं' में देखने को मिलता है। करवट कला परिषद की ओर से इस संग्रह का लोकार्पण हिंदी भवन में किया गया।

वर्तमान ही नहीं, बल्कि देश का भविष्य हैं बच्चे



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ बाल साहित्यकार महेश सक्सेना ने कहा कि बच्चे हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि देश का भविष्य भी हैं। बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने के लिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य पढ़ने के अवसर देने चाहिए।

राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना भाव होते विकसित



मुख्य अतिथि वरिष्ठ बाल साहित्यकार इंदिरा त्रिवेदी ने कहा कि बाल साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से बच्चों के भविष्य को स्वर्णिम बनाने के साथ उनमें राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना भाव भी विकसित करते हैं।

स्थानीय खेल समाचार

19 को भारत और मलेशिया के बीच होंगे मुकाबले; दर्शको के लिए सभी मुकाबलों में फ्री एंट्री

मंत्री सारंग ने किया एशियन वूमेंस हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी के आधिकारिक लोगो और ट्रॉफी का अनावरण

6 देशों के 150 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का करेंगे प्रदर्शन

166 देशों में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क एवं हॉटस्टार पर प्रतियोगिता का होगा लाइव प्रसारण

सीएम और केंद्रीय खेल मंत्री करेंगे प्रतियोगिता व अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के प्रथम फेस का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में एशियन वूमेंस हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी भोपाल-2026 के आधिकारिक लोगो और ट्रॉफी अनावरण के साथ ट्रॉफी टूर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मप्र के लिए यह गौरव और प्रतिष्ठा का विषय है कि प्रदेश की राजधानी भोपाल पहली बार इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रही है।

19 से 28 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बरखेड़ा नाथू, भोपाल में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। लगभग 5 हजार दर्शकों की क्षमता वाले अत्याधुनिक हॉकी स्टेडियम में दर्शकों के लिए एंट्री फ्री रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रथम चरण का लोकार्पण करेंगे।

प्रतियोगिता में एशिया की 6 शीर्ष महिला हॉकी टीमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड की लगभग 150 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

166 देशों में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क एवं हॉटस्टार पर प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण होगा, जिससे भोपाल और मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान एवं खेल पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा।

19 नवंबर को भारत और मलेशिया के बीच होगा मुकाबला



प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय महिला हॉकी टीम भी मैदान में उतरेगी। शुभारंभ दिवस पर कुल तीन मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। पहला मुकाबला चीन और थाईलैंड के बीच दोपहर 1 बजे, दूसरा मुकाबला जापान और कोरिया के बीच दोपहर 3:15 बजे तथा तीसरा और दिन का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला मेजबान भारत और मलेशिया के बीच शाम 7 बजे खेला जाएगा। स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क एवं हॉटस्टार पर प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण होगा।

प्रदेश के सभी संभागों तक पहुंचेगा ट्रॉफी टूर



मंत्री सारंग ने बताया कि प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 11 नवंबर से 17 नवंबर तक ट्रॉफी टूर का आयोजन किया गया है, जो भोपाल से प्रारंभ होकर प्रदेश के सभी संभागों तक पहुंचेगा। क्रमशः भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, शहडोल, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में ट्रॉफी टूर किया जाएगा। सभी संभागों में मंत्रीगण, सांसदगण एवं विधायकगण द्वारा ट्रॉफी का स्वागत किया जाएगा।

7वीं आसियान शतरंज चैंपियनशिप फिलीपींस में जीता खिताब

अनुज श्रीवात्री बने भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के कटनी निवासी 22 वर्षीय अनुज श्रीवात्री ने फिलीपींस में आयोजित 7वीं आसियान शतरंज चैंपियनशिप जीतकर देश के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। दरअसल, फिलीपींस में शतरंज प्रतियोगिता जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बने हैं अनुज श्रीवात्री। भारतीय शतरंज के इतिहास में दिवाली का दिन उपलब्धि के नाम दर्ज हो गया।

अनुज की इस कामयाबी के साथ भारतीय शतरंज ने एक ऐसा मुकाम छू लिया, जिसका सफर वर्ष 1988 में विश्वनाथन आनंद के पहले ग्रैंडमास्टर बनने के साथ शुरू हुआ था। अनुज ने यह उपलब्धि फिलीपींस के सिनाकाबन में आयोजित '7वीं आसियान प्लस इंडिविजुअल ओपन शतरंज चैंपियनशिप' जीतकर हासिल की। हालांकि, 2अनुज के लिए खिताब तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं रहा। टूर्नामेंट में उनकी शुरुआत निराशाजनक रही और उन्हें पहली ही बाजी में हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने शानदार की और दमदार प्रदर्शन किया और संभावित आठ में से सात अंक हासिल कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। वियतनाम के गुयेन डुक होआ सात अंकों के साथ अनुज से आधा अंक पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मेजबान फिलीपींस के नूरी अलेखिन छह अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे।

विश्वनाथन आनंद ने भी की सराहना



इस उपलब्धि पर पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भी अनुज की सराहना की। आनंद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'दीवाली की शुभकामनाएं, 100 का शानदार शतक, भारत को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए अनुज श्रीवात्री को बधाई। मजेदार बात यह है कि आज ही मैं सोच रहा था कि दिसंबर 2027 में मेरे ग्रैंडमास्टर टाइटल को 40 साल पूरे हो जाएंगे, और सचमुच ऐसा ही हो गया।' एआईसीएफ अध्यक्ष नितिन नारंग ने भी अनुज की इस ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'भारत के लिए 100वें ग्रैंडमास्टर! भारत ने एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

कॉमनवेल्थ कराटे में मप्र का शानदार प्रदर्शन

गार्गी ने जीते 2 कांस्य पदक तो अमेय ने जीता एक कांस्य पदक





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

स्कॉटलैंड में आयोजित 12वीं कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की कराटे अकादमी, भोपाल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। कराटे अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी गर्गी सिंह परिहार ने दो कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं अकादमी के खिलाड़ी अमेय कटारे ने भी बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देते हुए एक कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। कोच दीपक सिंह एवं कोच कुलदीप सिंह के कुशल मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित कर रहे हैं।

धमिका काई चैंपियंस कप सीजन 1

एलएनसीटी में मार्शल आर्ट्स में रजत का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धमिका काई चैंपियंस कप सीजन 1 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप का एक प्रमुख आकर्षण कुमिते प्रतियोगिता रही, जिसमें रजत कश्यप ने 26,000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि अपने नाम की।

प्रतियोगिता के अतिथियों में ग्रेड-ए रेफरी तथा धम्मिका काई शितो-यू इंटरनेशनल के अध्यक्ष हांशी राजनेश चौधरी , निदेशक, खेल विभाग, एलएनसीटी ग्रुप पंकज कुमार जैन भी उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में आईएसएसटी, पुणे के स्वयंसेवकों का भी योगदान रहा। स्वयंसेवकों में सिद्धांत सिंह गुरूंग, अनुष्का घाडगे, सर्वेश गावडे, नेत्रा भूते और गिरिजा पाध्ये शामिल थे। विभिन्न राज्यों से आई टीमों की भागीदारी, भारतीय सेना की टीम की उपस्थिति और कुमिते में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने इस आयोजन के पहले सीजन को एक यादगार खेल आयोजन बना दिया।



स्वच्छ सर्वेक्षण की घोषणा, मेंटर शहरों की सूची में अहमदाबाद शीर्ष पर

नवी मुंबई देश का सबसे साफ शहर बना, सूरत और विजयवाड़ा ने भी मारी बाजी, रुद्रपुर को मिला सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर का तमगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे साफ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर चुना गया। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई को भी अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया। इस बार मेंटर शहरों की सूची में अहमदाबद शीर्ष पायदान पर रहा।

अब 10वें संस्करण में इसका दायरा बढ़कर 4,751 से अधिक शहरों तक पहुंच गया है। इस बार शहरों की सफाई व्यवस्था का आकलन करते समय नागरिकों की राय को भी अधिक महत्व दिया गया। नदी किनारों, समुद्री तटों और दूसरे जल स्रोतों को भी सर्वेक्षण में व्यापक रूप से शामिल किया गया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए

सफाई और स्वच्छता के प्रयासों को मिला सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है।

शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा

राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहे। इस श्रेणी में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा गया।स्वच्छ शहर लीग के तहत भी शहरों के प्रदर्शन का आकलन सफाई और कचरे के सही प्रबंधन जैसे मानकों पर किया जाता है।

हिमालयी शहरों की श्रेणी में जम्मू और शोपियां आगे रहे

हिमालयी शहरों की श्रेणी में उत्तराखंड के रुद्रपुर ने पहला स्थान हासिल किया। जम्मू दूसरे और जम्मू-कश्मीर का शोपियां तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत अहमदाबाद को पहला मेंटर शहर चुना गया, जबकि गुजरात के साणंद को उसका मेंटी शहर माना गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की प्रमुख श्रेणियों के विजेता

- राष्ट्रीय स्वच्छ शहरः नवी मुंबई, सूरत, विजयवाड़ा।
- स्वच्छ नदी तटीय शहरः रीवा, बिलासपुर, वाराणसी।
- स्वच्छ समुद्री तटीय शहरः पुरी, अलप्पुझा, रत्नागिरी।
- स्वच्छ हिमालयी शहरः रुद्रपुर, जम्मू, शोपियां।
- मेंटर शहरः अहमदाबाद पहले और इंदौर दूसरे स्थान पर।

खबर संक्षेप

अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, 4 की मौत

नोएडा। गंगा एक्सप्रेस-वे पर सांडी थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार सवार दंपती और उनके 2बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मदद के लिए देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। यूपीडा के वाहन को पलट दिया।सौरभ उपाध्याय साफ्टवेयर कंपनी चलाते थे।



3 राज्यों में शुरू होंगी सांध्यकालीन अदालतें

नई दिल्ली। अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और अदालती बोझ कम करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 3राज्यों दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में सांध्यकालीन अदालतें शुरू करने का फैसला किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इसकी जानकारी दी है।सरकार इस साल के अंत तक दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में 'इवनिंग कोर्ट' शुरू करेगी।



भारत ने वीजा सिस्टम बदला, अब सिर्फ 9 श्रेणी

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने भारत के वीजा सिस्टम में बदलाव किया है। अब वीजा की मुख्य श्रेणी 13 से घटाकर 9 और उप श्रेणी 49 से घटाकर 23 कर दी गई हैं। टूरिस्ट वीजा का नाम बदलकर विजिटर वीजा कर दिया गया है। इसके अलावा वीजा आवेदन फॉर्म में भरे जाने वाले कॉलम भी 65-70% कम कर दिए गए हैं। नई व्यवस्था दिसंबर 2026 तक लागू हो जाएगी।



पूर्व सांसद व सीबीआई अफसर भाजपा में गए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नेताओं के दल बदलने का सिलसिला तेज हो गया है। बुधवार को सपा को पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बड़ा झटका लगा। बस्ती से बीएसपी के पूर्व सांसद अरविंद कुमार चौधरी और बांदा के रहने वाले पूर्व सीबीआई अधिकारी व सपा नेता अनिल यादव समेत कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।



डिवाइडर से टकराई बाइक, 2 युवकों की मौत

आगरा। किले के सामने मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 2युवकों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान 16 वर्ष के नैतिक पुत्र भोला सिंह निवासी सुल्तानपुरा कैंट और विशाल पुत्र मनोज निवासी मंटोला के रूप में हुई है। बाइक सवार तीसरा साथी प्रेम पुत्र धर्म निवासी मंटोला गंभीर घायल हो गया।



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई योजनाओं को दी मंजूरी

8.449 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनेगा, 5 एलिवेटेड स्टेशन भी होंगे, यात्रा होगी सुगम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत एक्वा लाइन कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक 8.449 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिसमें 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इस कॉरिडोर के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई 71.878 किलोमीटर हो जाएगी।इस परियोजना से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर होगी। इससे शहर के उन इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जहां फिलहाल सार्वजनिक परिवहन की सीधी कनेक्टिविटी सीमित है। इसके अलावा, नोएडा सेक्टर-61 में ब्लू लाइन मेट्रो के साथ इंटरचेंज की सुविधा भी मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी का होगा विस्तार



जाम से मिलेगी मुक्ति

इस विस्तार से क्लियो काउंटी और ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-1 एवं गौर सिटी-2 जैसी आवासीय सोसाइटियों के निवासियों को भी मेट्रो सुविधा का लाभ मिलेगा। इससे रोजगार, कारोबार, शिक्षा और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए आवागमन करने वाले लोगों का सफर आसान होने की उम्मीद है।परियोजना से सड़कों पर वाहनों का दबाव और यातायात जाम कम करने में मदद मिलेगी।

प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों को मिलेगा लाभ

कॉरिडोर से कई प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों, आईटी एवं औद्योगिक कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इनमें गौर सिटी मॉल, एचएंडएस मॉल, ब्लू सफायर मॉल, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 का व्यावसायिक क्षेत्र, नोएडा सेक्टर-51 स्थित आईकेईए और सेक्टर-73 का एंथुरियम मॉल शामिल हैं। नोएडा सेक्टर-60 स्थित टेक महिंद्रा और टीसीएल टेक के कार्यालय, सेक्टर-73 स्थित ऑयल इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड तथा गोल्डन आई कार्यालय एवं व्यावसायिक परिसर को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। शैक्षणिक संस्थानों में दिल्ली पब्लिक स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं में कैलाश अस्पताल, सेक्टर-70 का रामा अस्पताल, सेक्टर-51 का क्लाउडनाइन अस्पताल तथा सेक्टर-62 का रामा अस्पताल शामिल हैं।

'युगे युगीन संग्रहालय

दिल्ली के नॉर्थ-साउथ ब्लॉक में बनेगा 3,230 करोड़ मंजूर

कैबिनेट ने दिल्ली के ऐतिहासिक नॉर्थ और साउथ ब्लॉक परिसर में 'युगे युगीन भारत संग्रहालय' विकसित करने की मंजूरी दे दी है। परियोजना के लिए 3,230 करोड़ की अनुमानित लागत को स्वीकृति दी गई।यह संग्रहालय भारत की सभ्यतागत विरासत, सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक निरंतरता को प्रदर्शित करेगा। इसे नॉर्थ और साउथ ब्लॉक की ऐतिहासिक इमारतों के मौजूदा स्वरूप का संरक्षण करते हुए विकसित किया जाएगा।

दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना

संग्रहालय लगभग 1,78,509 वर्ग मीटर के प्रस्तावित निर्मित क्षेत्र में विकसित होगा। इसमें आधुनिक संग्रहालय तकनीक, इमर्सिव अनुभव और सुविधाएं तैयार की जाएंगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना है। इसमें भारत की सभ्यतागत यात्रा को अलग-अलग विषयों पर आधारित गैलरी, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

स्टैंड-अप इंडिया योजना

2031 तक जारी रखा जाएगा, 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष स्वीकृत

स्टैंड-अप इंडिया योजना को 31 मार्च 2031 तक जारी रहेगी। इसका उद्देश्य महिलाओके बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना है। अगले 5वर्षों में कम से कम 2.5 लाख नए उद्यमियों को वित्तीय सहायता देने का लक्ष्य रखा गया है।सरकार ने योजना के लिए 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष को भी मंजूरी दी है। अप्रैल 2016 में शुरू हुई इस योजना के माध्यम से अब तक 2.75 लाख से अधिक महिला, एससी और एसटी उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिली।

एक करोड़ तक मिल सकेगा ऋण

योजना के तहत महिलाएं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमी ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण ले सकेंगे। इसके अंतर्गत 10 लाख से अधिक और एक करोड़ तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह ऋण टर्म लोन या वर्किंग कैपिटल और टर्म लोन के संयुक्त रूप में दिया जा सकता है। राशि परियोजना लागत के 85 प्रतिशत तक हो सकती है।

ऋण पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज

योजना के तहत ऋण राशि पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज उपलब्ध होगा। इसके लिए मानक गारंटी शुल्क 0.50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। महिला और वंचित समुदायों में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

सम्मेलन के समापन पर राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी प्रवासियों को सम्मानित

कोलकाता में होगा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

19वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 7 से 9 जनवरी 2027 को पश्चिम-बंगाल के कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और इसके समापन सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। उनके द्वारा प्रवासियों को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान से भी नवाजा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की वेबसाइट pbdindia.gov.in को बुधवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और पश्चिम-बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में संयुक्त रूप से लांच किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा कोलकाता सरकार के सहयोग से किया जाएगा। इसकी थीम, 'जड़ों की ओर वापसीः भारत के साथ प्रवासी समुदाय के जुड़ाव को फिर से मजबूत बनाना है'। प्रवासी भारतीय दिवस का 18 वां संस्करण 2025 में भुवनेश्वर में 8 से 10 जनवरी तक किया गया था।

विदेश मंत्री जयशंकर और कोलकाता के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने संयुक्त रूप से लांच की सम्मेलन की वेबसाइट

गांधी जी की भारत वापसी का प्रतीक


प्रवासी भारतीय दिवस को दरअसल 9 जनवरी को इसलिए मनाया जाता है। क्योंकि 1915 में इसी तारीख पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी दक्षिण-अफ्रीका से भारत वापस लौटे थे। उनकी स्वदेश वापसी की स्मृति में यह दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिवस केंद्र सरकार के प्रमुख वार्षिक आयोजनों की सूची में शुमार है। क्योंकि इसकी मदद से उसे दुनिया के अलग-अलग देशों में बसे हुए प्रवासी भारतीयों के समुदाय के साथ सीधे जुड़ने का अवसर मिलता है। वेबसाइट के जरिए प्रवासियों को आयोजन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देने के अलावा इसमें भागीदारी की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी। उनके लिए पंजीकरण आयोजन स्थल तक पहुंचने, रुकने की व्यवस्था के प्रबंधन की भी जानकारी ली जा सकेगी।

लद्दाख के सीईओ का आदेश

चुनाव से पहले लेह, कारगिल में धरने-प्रदर्शनों पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) राहुल शर्मा ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान लेह और कारगिल की नगरपालिका सीमाओं के भीतर राजनीतिक धरने, विरोध-प्रदर्शन, रैलियों और ऐसी अन्य सामूहिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। बुधवार को आधिकारिक जानकारी दी गई। लद्दाख में पंचायत और नगर निकाय चुनाव 11 नवंबर को होने हैं, जबकि 8 लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों के चुनाव 4 दिसंबर को निर्धारित हैं। सीईओ ने कहा कि 23 अक्टूबर से लागू आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी है। जम्मू-कश्मीर नगर निकाय और नगर निकाय चुनाव के तहत आदेश में ऐसी गतिविधियों पर रोक रहेगी, जिनसे मतदाताओं के डरने, सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी माहौल खराब होने की आशंका हो।



उपराष्ट्रपति कॉलेज के प्लैटिनम जुबली में बोले

छात्र प्रौद्योगिकी अपनाएं, ज्ञानार्जन करें और नशीले पदार्थों से दूर रहें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में स्वतंत्रता सेनानी वीओ चिदंबरम पिल्लई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और संस्थान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक द्वार का उद्घाटन किया। वे अपनी पुरानी कक्षा में भी गए और 1975–78 बैच के अपने सहपाठियों से बातचीत में कॉलेज के दिनों को आत्मीयता से स्मरण किया। राधाकृष्णन ने स्मरण किया कॉलेज, शिक्षकों और शिक्षियतों ने उनके नजरिये को आकार देकर उन्हें बड़े दायित्वों के लिए तैयार किया। छात्र विरासत सहेजते हुए नई प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक अनुसंधान और उभरते विषयों को अपनाएं जिससे समाज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। उन्होंने युवाओं से आत्म-अनुशासन विकसित करने, नशीले पदार्थों और अन्य हानि पहुंचाने वाली आदतों से दूर रहने का आह्वान किया।



किसान, मजदूर, कारपेंटर और मोची हुए शामिल

भाई दूज पर राहुल का अनूठा आयोजन, मेहनतकश और हुनरमंद परिवारों के साथ मनाया त्योहार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समाज के मेहनतकश और हुनरमंद तबकों के साथ भाई दूज का त्योहार मनाया। उन्होंने देश के विभिन्न पेशों से जुड़े ऐसे लोगों को कांग्रेस मुख्यालय स्थित इंदिरा भवन में सपरिवार आमंत्रित किया है, जिनसे पिछले कुछ वर्षों के दौरान अलग-अलग अवसरों पर उनकी मुलाकात और संवाद होता रहा है। राहुल के इस आयोजन में बढ़ई, मैकेनिक, नाई, मोची, रेलवे कुली, किसान, खेतिहर मजदूर, सब्जी विक्रेता, छोटे कारोबारी, डिलीवरी वर्कर्स, निर्माण श्रमिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पेशों से जुड़े लोग शामिल हुए। राहुल ने सभी मेहमानों को परिवार, परिजनों, रिश्तेदारों के साथ आने का न्योता दिया था।



सोनिया गांधी के संस्मरण पर भाजपा ने किया तीखा हमला

प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर बन गईं 'सुपर पीएम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के नए संस्मरण को लेकर भाजपा ने उन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के उनके फैसले को त्याग बताने के दावे पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कि सोनियाने प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर 'सुपर पीएम' बनने का रास्ता चुना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पद नहीं संभाला, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनकर कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा हासिल किया। पार्टी ने आपातकाल और राजीव गांधी से जुड़े दावों को भी चुनौती दी है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सोनिया के संस्मरण 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' पर प्रतिक्रिया दी।

भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने कसा तंज और फैसले को 'सुपर त्याग' बताया



सोनिया का संस्मरण 'झूठ का पुलिंदा': राव के पोते

देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के अध्यक्ष रहे पीवी नरसिंह राव के पोते एनवी सुभाष ने सोनिया गांधी के संस्मरण ' को 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि किताब में आपातकाल सहित गांधी परिवार के सत्ता में रहने के दौरान हुई ऐतिहासिक गलतियां मौजूद हैं। सुभाष ने आरोप लगाया कि उन्होंने देश के प्रति राव के योगदान को जानबूझकर नजरअंदाज किया है। इस अनदेखी से उन्हें 'कोई हैरानी नहीं' हुई।

सोनिया के दावे पर हजारे भी बिफरे

इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं, देश के बारे में सोचें



वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मेरे लिए सिर्फ समाज और देश मायने रखते हैं। इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं है। देश के बारे में सोचिए।

किताब में 55 गलतियां

उनकी इस आत्मकथा में कई ऐतिहासिक घटनाओं, राजनीतिक घटनाक्रमों और संवैधानिक व्यवस्थाओं को लेकर फैक्ट की गलतियां सामने आई हैं। किताब में 55 फैक्ट्स और संदर्भ संबंधी गलतियों की पहचान की गई है। किताब में लिखा गया है लोकसभा के सदस्य निर्वाचित होते हैं और राज्यसभा के सदस्यों को मनोनीत किया जाता है। संघ की स्थापना का वर्ष 1921 बताया है। राजनीतिक सचिव रहे अहमद पटेल की मृत्यु का वर्ष भी गलत लिखा है।

एनयूएसआई नेता अनस पर छात्रा का आरोप

ज्ञानेश के खिलाफ प्रोटेस्ट के बदले 500 रुपए ऑफर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने एनएसयूआई नेता अनस खान को लेकर बड़ा दावा किया है। छात्रा का आरोप है कि अनस ने राहुल गांधी के मार्च में शामिल होने कॉलेज के छात्रों को 200 से 500 रुपए देने का ऑफर दिया था। यह मार्च मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ था। छात्रों को मुफ्त खाना, आने-जाने की सुविधा और दूसरी चीजें देने की भी बात कही गई थी।



100 छात्रों को मार्च में शामिल करने का दावा

छात्रा के अनुसार अनस कॉलेज के करीब 100 छात्रों को इस मार्च में शामिल करने की कोशिश कर रहा था। इसके लिए कॉलेज के एक ग्रुप में मैसेज भेजा गया था। इसमें करीब 1000 छात्र जुड़े हुए हैं। छात्रा का दावा है नए छात्रों को भी इस ग्रुप में जोड़ा जाता है। छात्रों को मुफ्त खाना, सफर और रिफ्रेशमेंट देने की बात कही गई थी। कुछ छात्रों को फ्री रैपिडो राइड और जोमैटो ऑफर देने का भी दावा किया गया है।

पूर्व पीएम हसीना की वापसी के ऐलान पर बांग्लादेश में तनाव

ढाका और छह अन्य जिलों में कम से कम 28 जगह देसी बम धमाकों की घटनाएं हुईं। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि इन घटनाओं के पीछे शेख हसीना की पार्टी के समर्थक हैं

21 जिलों में हिंसा, 24 घंटे में 22 वाहन फूंके, ट्रेन का कोच जलाया, कई सरकारी संस्थान हुए बंद

एजेंसी ▶▶ ढाका

पूर्व पीएम शेख हसीना की वापसी के ऐलान के बाद बांग्लादेश में हिंसा फिर भड़क गई है। सोमवार रात से मंगलवार शाम तक देश के कम से कम 21 जिलों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। बसों और ट्रेन के कोच में आग लगाई गई। सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों के गेट भी बंद कर दिए गए। बांग्लादेश पुलिस और ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 11 जिलों में 22 वाहनों को आग लगाई गई।


पथराव करते प्रदर्शनकारी

बस में आग लगने से ड्राइवर की मौत

सोमवार देर रात फरीदपुर शहर के गोलाचामट इलाके में न्यू बस टर्मिनल पर खड़ी एक बस में आग लगा दी गई। पुलिस के मुताबिक, बाइक पर तीन लोग आए थे। इनमें से एक ने बस पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। घटना के समय बस ड्राइवर मोहम्मद कलाचन अंदर सो रहा था।



यात्री बसों में लगाई आग

फार्मगेट मेट्रो स्टेशन के ठीक नीचे खड़ी बस को आग के हवाले कर दिया गया। आग पेट्रोल बम फेंक कर लगाई गई। मीरपुर-11 में पोस्ट ऑफिस और मेट्रो रेल लाइन के पास बस में आग लगा दी गई। पल्लवी इलाके में सड़क किनारे खड़ी दो बसों को फूंक दिया गया। चट्टोग्राम के पहाड़तली इलाके के सागरिका और कलूरघाट में दो यात्री बसों को आग लगा दी गई। बरगुना के बेतागी में नगर निगम के ट्रक और मानिकगंज बस स्टैंड पर एक बस को फूंक दिया गया। नाओगांव में अल बराका परिवहन की दो बसें भी आग की चपेट में आ गईं। किशोरगंज के बाजितपुर में कॉलेज की बस जला दी गई। ढाका के पास सावर और धामराई में अलग-अलग घटनाओं में दो वाहनों को निशाना बनाया गया। मंगलवार सुबह गोपालगंज के टुंगीपाड़ा में तनाव बढ़ गया। सुबह करीब 9:30 बजे प्रतिबंधित छात्र लीग के कार्यकर्ताओं ने गोहारडांगा चौरंगी चौराहे पर सामान जलाकर सड़क जाम कर दी।

ब्रिटेन के छह सांसदों की अपील

शेख हसीना को न दी जाए मौत की सजा स्वतंत्र जांच और निष्पक्ष सुनवाई की मांग

लंदन। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को मौत की सजा दिए जाने के मामले में ब्रिटेन के छह सांसदों ने विदेश मंत्री एड मिलिबैंड से हस्तक्षेप की अपील की है। सांसदों ने ब्रिटेन सरकार से बांग्लादेश के साथ कूटनीतिक स्तर पर बातचीत करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि हसीना के स्वदेश लौटने पर उन्हें फांसी न दी जाए। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) को पिछले महीने भेजे गए पत्र में सांसदों ने बांग्लादेश के सक्षम अधिकारियों से लिखित आश्वासन लेने की मांग की है।



इन सांसदों ने लिखी चिट्ठी

इस अपील पर कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी के जिम शैनन और स्कॉटिश नेशनल पार्टी के सीमस लोगन ने हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा स्कॉटिश संसद के तीन सदस्य मार्टिन डे, पॉल मैकलनन और एलन ब्राउन भी इस अपील में शामिल हैं। यूरोपीय संसद के पूर्व सदस्य डॉ. चार्ल्स टैनॉक ने भी पत्र का समर्थन किया है। सांसदों ने कहा कि उनकी मुख्य चिंता यह है कि आपराधिक न्याय व्यवस्था का इस्तेमाल राजनीतिक संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि शेख हसीना के खिलाफ गंभीर आरोपों की स्वतंत्र जांच और निष्पक्ष सुनवाई होनी चाहिए। इन आरोपों को राजनीतिक बदले या विरोधियों को राजनीति से बाहर करने का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।

पैसे देकर लोगों से हमले कराए जाने का शक

पुलिस ने इन हमलों के पीछे शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और उससे जुड़े संगठनों के लोगों का हाथ होने का शक जताया है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी शुरुआती दौर में है। अख्तर हुसैन ने बताया कि जांच में ऐसे संकेत मिले हैं कि कुछ लोगों को पैसे देकर हमले करने के लिए तैयार किया गया था।

खबर संक्षेप

मंत्री जितेंद्र सिंह तीन दिवसीय इटली दौरे पर

नई दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पीएम कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर इटली के लिए रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य यूरोप के साथ भारत के वैज्ञानिक जुड़ाव को मजबूत करना तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को आगे बढ़ाना है। इस यात्रा के दौरान उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठकें की जाएंगी।



डिप्टी पीएम डार के पोते पर दुष्कर्म का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में उपपीएम और विदेश मंत्री इशाक डार के पोते रजा डार समेत आठ लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लाहौर की एक अदालत ने दो विदेशी महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म और उन्हें बंधक बनाने के मामले में सभी आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस मामले में पुलिस पहले इशाक डार के पोते और उसके चार दोस्तों को क्लीन चिट दे चुकी थी। पुलिस ने इसके बजाए तीन अन्य कर्मचारियों को आरोपी बनाया था।



बम की धमकी से इटली में 300 स्कूल खाली कराए

मिलान। इटली में बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सैकड़ों स्कूलों को खाली कराया गया। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि स्कूलों के लिए किसी 'ठोस खतरे' का कोई संकेत नहीं था और धमकियां 'अलार्म और चिंता पैदा करने' के उद्देश्य से प्रतीत होती हैं। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है। उन्होंने मंत्रियों की बैठक भी बुलाई। वहीं, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड के स्कूलों को भी इसी तरह की धमकियां मिलीं, लेकिन वहां किसी भी स्कूल को खाली नहीं कराया गया।



अमेरिका का दावा, न्यूयॉर्क की जेल से ब्रिटिश एयरबेस पर रची थी हमले की साजिश

3 आतंकियों के खिलाफ आरोप तय, ईरानी सेना और आतंकी संगठन हिजबुल्लाह से रहे हैं संबंध

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिकी प्राधिकारियों ने यूरोप एवं अमेरिका में यहूदी समुदायों और ब्रिटेन के सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर करीब 20 आतंकवादी हमले करने की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मैनहट्टन की संघीय अदालत में सार्वजनिक किए गए अभियोग पत्र में ईरान और इराक की दोहरी नागरिकता रखने वाले मोहम्मद बाकिर साद दाऊद अल-सादी, ईरानी नागरिक मोहसिन मोहाजेरी और इराकी नागरिक मोहम्मद अली अल-हसानी के खिलाफ आरोपों का विवरण दिया गया है। दावा है कि तीनों के ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और इराक के संगठन कताइब हिजबुल्लाह से संबंध थे।

आरोपी सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए


मोहम्मद बाकेर अल-सादी (बाएं) और ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी

एयरबेस के पास मिली थीं 3 संदिग्ध गाड़ियां

न्यूयॉर्क में अमेरिकी अटॉर्नी जेमी मैकडोनाल्ड ने एक बयान में कहा कि मई में गिरफ्तार किए जाने के बावजूद अल-सादी सितंबर में ब्रिटेन के फेयरफोर्ड स्थित रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) अड्डे पर आतंकवादी हमले की कोशिश से पहले तक अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रचता रहा। इस सैन्य अड्डे पर अमेरिकी बमवर्षक विमान और सैनिक तैनात थे। न्यूयॉर्क में आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद अल-सादी ने ब्रिटेन के हवाई अड्डे पर हमले की योजना बना रहे ईरानी एजेंटों तक गुप्त संदेश पहुंचाए थे। अभियोजकों के अनुसार, अल-सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से फोन तथा वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए और उन्हें हवाई अड्डे पर बम हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया। 27 सितंबर को एयरफोर्स के फेयरफोर्ड एयरबेस के पास तीन संदिग्ध वैन मिली थीं।

हत्या की साजिश से बेसेंट ने छोड़ा घर

ईरान से जान का खतरा होने के बाद अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने वॉशिंगटन डीसी के पास स्थित अपना घर छोड़ दिया है। वह अब एक सैन्य अड्डे पर रह रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हाल के हफ्तों में निष्कर्ष निकाला कि मौजूदा और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के खिलाफ ईरान की साजिशें पहले से ज्यादा गंभीर स्तर पर पहुंच गई हैं। यह आकलन कुछ हद तक बेसेंट को मिली धमकियों से जुड़ी खुफिया जानकारी पर आधारित है।



पाक ने अमेरिकी विमान को नहीं उतरने दिया

पाकिस्तान ने मंगलवार को अमेरिका के एक डिपोर्टेशन विमान को अपने यहां उतरने की इजाजत नहीं दी। इस विमान में कम से कम 9 ईरानी नागरिक सवार थे, जिन्हें पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा जाना था। पाकिस्तान के अचानक इनकार के बाद विमान को बीच रास्ते से ही अमेरिका लौटना पड़ा। मंगलवार दोपहर तक सभी ईरानी नागरिकों को विमान से उतारकर एरिजोना के इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में वापस भेज दिया गया।

ईरान ने परमाणु गतिविधियां शुरू की तो करेंगे कार्रवाई



अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अगर ईरान अपने क्षतिग्रस्त परमाणु स्थलों पर फिर से गतिविधियां शुरू करता है तो ट्रंप प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम का यह मतलब नहीं है कि अमेरिका ईरान पर नजर रखना बंद कर देगा। हेगसेथ ने कहा कि हम उन परमाणु ठिकानों पर निगरानी और नजर बनाए रखने में सक्षम हैं।

ईरान में महिलाओं के लिए वार ट्रेनिंग कैंप खुला



अमेरिकी हमलों की आशंका के बीच ईरान ने अपना पहला पूर्ण महिला सैन्य प्रशिक्षण शिविर खोल दिया है। ईरान के लिए अपने जीवन का बलिदान देने की इच्छुक महिलाएं तेहरान के आजादी स्क्वायर पर सैन्य अभ्यास में जुटी हुई हैं। अमेरिका के साथ तनाव के बीच, ईरान ने तेहरान में महिला आर्मी तैयार कर ली है।

ईरान ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी दिखाई



ईरान की आईआरजीसी ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो जारी किया है। इसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उन्हें लॉन्च करने वाले सिस्टम भी रखे दिखाई दिए। इसके उद्घाटन में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही और आईआरजीसी के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल माजिद मौसवी शामिल हुए थे।

ड्रग पॉलिसी वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक

सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी रोकने भारत-यूएस ने बढ़ाया 'सहयोग'


भारत-अमेरिका के बीच हुई बैठक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का पता लगाने और सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों को अवैध आपूर्ति श्रृंखलाओं तक पहुंचने से रोकने के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने दोनों देशों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी बयान में यह जानकारी दी।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण नीति कार्यालय (ओएनडीसीपी) के अनुसार, 2 और 3 नवंबर को नई दिल्ली में भारत-अमेरिका ड्रग पॉलिसी एग्जीक्यूटिव वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक हुई। इसमें खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, समन्वित कानून प्रवर्तन अभियानों और दवा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने तस्करी के उभरते खतरों और मादक पदार्थों की मांग कम करने के उपायों पर भी चर्चा की।

सप्लाई नेटवर्क को करेंगे ध्वस्त

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों देश सहयोग के वादों से आगे बढ़कर व्यावहारिक कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध रासायनिक पदार्थों की आपूर्ति रोकने, वाणिज्यिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने और इनका दुरुपयोग करने वाले तस्करी गिरोहों को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अनुराग गर्ग ने भारत के 'विजन रोडमैप 2026-2029' की जानकारी दी। इसमें केवल मादक पदार्थों की खेप पकड़ने के बजाए पूरे आपराधिक नेटवर्क की जांच पर जोर दिया गया है। इसके तहत गिरोहों के वित्तपोषकों, आपूर्तिकर्ताओं, मददगारों और परिवहन नेटवर्क को निशाना बनाने के साथ वित्तीय जांच, नशा रोकथाम और पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जाएगा। बैठक में भारत की दो प्रवर्तन पहलों 'ऑपरेशन मेडमैक्स' और 'ऑपरेशन वाइप' पर भी चर्चा हुई।

'ऑपरेशन मेडमैक्स' की दी जानकारी

जुलाई 2025 में चलाए गए 'ऑपरेशन मेडमैक्स' में एनसीबी और अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) की संयुक्त खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया गया था। इस अभियान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रित दवाओं की बिक्री करने वाले एक गिरोह का पता चला। एनसीबी के अनुसार, यह नेटवर्क एशिया, उत्तरी अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय था। जांच की शुरुआत भारत में 3.7 किलो ट्रामाडोल टैबलेट की जब्ती से हुई थी। जांचकर्ताओं के मुताबिक, गिरोह ऑनलाइन बिजनेस-टू-बिजनेस प्लेटफॉर्म, डिजिटल भुगतान और अंतरराष्ट्रीय बिचौलियों के माध्यम से वैध दस्तावेजों के बिना दवाओं का वितरण कर रहा था।

भारत-कनाडा के बीच सीईपीए पर चर्चा तेज

आर्थिक साझेदारी होगी मजबूत बाजार तक बढ़ेगी सबकी पहुंच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा ने अपने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने, बाजार तक पहुंच बढ़ाने और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ नाश्ते पर बैठक की। इस दौरान भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत को तेज करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई।


मनिंदर सिद्धू और पीयूष गोयल

भारतीय सांस्कृतिक विरासत की घर वापसी

तीन प्राचीन कलाकृतियां और मूर्तियां ऑस्ट्रेलिया ने सौंपी

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

नेशनल गैलरी ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्राचीन भारतीय कलाकृतियां कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग को सौंप दी हैं। यह हस्तांतरण जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक लीडर्स समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के बीच हुए वादे के तहत किया गया है। इन कलाकृतियों में देवी भद्रकाली के कांसे का त्रिशूल, नंदी की ग्रेनाइट प्रतिमा और छह सिर वाले कार्तिकेय की बेसाल्ट पत्थर मूर्ति शामिल है। भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को वापस लाने के जो प्रयास कर रहा है, उसमें यह एक बड़ा कदम है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' में कहा कि जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक 'लीडर्स समिट' के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और एंथनी अल्बनीज के बीच प्राचीन कलाकृतियों को लौटाने पर सहमति बनी थी।


कैनबरा में सौंपी गई कलाकृतियां

रोजगार के अवसर सृजित होंगे

आईएनएस बेतवा पोत की बढ़ेगी ताकत

मरम्मत एवं पुनर्संचालन के लिए रक्षा मंत्रालय ने किया 500 करोड़ का करार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस बेतवा की सामान्य मरम्मत एवं पुनर्संचालन के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 498.58 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध पर 11 नवंबर, 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध के तहत भारतीय नौसेना के ब्रह्मपुत्र श्रेणी के युद्धपोत आईएनएस बेतवा की प्रणोदन प्रणाली में व्यापक बदलाव किया जाएगा।


रक्षा सचिव राजेश सिंह की उपस्थिति में एमओयू

'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मिलेगी गति

इस परियोजना में 50 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी होने की उम्मीद है। साथ ही, भारतीय जहाज निर्माण उद्योग और उससे जुड़े सहायक क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे।

भाप की जगह लगेगा डीजल इंजन

इसके अंतर्गत पोत की मौजूदा भाप आधारित प्रणोदन प्रणाली को डीजल इंजन आधारित प्रणोदन प्रणाली से प्रतिस्थापित किया जाएगा। इस मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य में आधुनिक हथियार प्रणाली की स्थापना के माध्यम से पोत की युद्धक क्षमताओं को बढ़ाना भी शामिल होगा, जिससे इसकी परिचालन क्षमता और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी।

फारस की खाड़ी में जहाज पर हमला

1 भारतीय समेत 4 क्रू मेंबर घायल, 18 लोग थे सवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि 10 नवंबर को फारस की खाड़ी से गुजरते समय 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहे लाइबेरिया के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर किसी प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इस हमले में चालक दल के 4 सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। उसे मामूली चोटें आई हैं आगे की मेडिकल जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है। सोनोवाल ने बताया कि 10 नवंबर को, 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहा लाइबेरिया के झंडे वाला वीएलसीसी 'एमटी फुजैराह एनर्जी' नाम का जहाज अल रुवाइस से दुबई जाते समय फारस की खाड़ी में एक हमले का शिकार हो गया। सोनोवाल ने कहा कि चालक दल के बाकी 18 सदस्य, जिनमें अन्य 5 भारतीय नाविक भी शामिल थे, सभी सुरक्षित हैं। हम लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं।


सर्बानंद सोनोवाल

अलगाववादी समूहों की संभावित संलिप्तता का अंदेशा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन स्थित 50 प्रवासी भारतीय और सामुदायिक संगठनों ने लंदन में हुए प्रदर्शनों को लेकर गंभीरता के साथ चिंता जताते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक खुला पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कथित राजनीतिक, चरमपंथी खालिस्तान समर्थकों, पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़े अलगाववादी समूहों की संभावित संलिप्तता का अंदेशा जताते हुए उनकी भूमिका तथा उनके व अन्य पक्षों के बीच गैर-कानूनी समन्वय की व्यापक रूप से निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

प्रदर्शनों की आड़ में खालिस्तान समर्थकों, पाकिस्तानी-बांग्लादेशी संगठनों के बीच सांठगांठ की हो जांच

लंदन में हुई भारत विरोधी गतिविधियों से खिन्न प्रवासी भारतीय, राष्ट्रपति मुर्मू को लिखा पत्र



हिंसा फैलाने की ढाल नहीं बन सकते प्रदर्शन

पत्र में लंदन में हालिया समय में हुए दो प्रदर्शनों का विशेष तौर पर उल्लेख किया गया है। जिसमें पिछले महीने 16 अक्टूबर को भारतीय उच्चायोग के बाहर किया गया वामपंथी दलों के छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का प्रदर्शन और उसके ठीक अगले दिन यानी 17 अक्टूबर को पार्लियामेंट स्क्वॉयर के बाहर हुआ दूसरा प्रदर्शन शामिल है। जिसे यूट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी ने संबोधित किया था।

चार दर्जन से अधिक संगठनों ने लिखा पत्र

राष्ट्रपति को पत्र लिखने वालों में ब्रिटेन के जिन चार दर्जन से अधिक प्रवासी भारतीय संगठनों की भागीदारी है। उनमें हिंदू कम्युनिटी आर्गेनाइजेशन ग्रुप, इंडियन डायसपोरा इन द यूके (आईडीयूके), फ्रेंड्स ऑफ इंडिया सोसाइटी इंटरनेशनल (एफआईएसआई) और इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईएनएसए) सहित अन्य संगठन मुख्य रूप से शामिल हैं।

संगठनों को है राष्ट्रीय जिम्मेदारी का भान

संगठनों ने अपने पत्र में यह स्पष्ट किया है कि उनका यह प्रयास राष्ट्रीय जिम्मेदारी को भलीभांति समझते हुए किया गया है। वह यह मानते हैं कि लोकतंत्र में किसी भी स्थान पर शांतिपूर्वक एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार सभी के पास है। लेकिन इस आजादी का बेजा इस्तेमाल जबरन हिंसा फैलाने, आमजन को भड़काने, धमकी देने, जानबूझकर गलत-भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए एक ढाल के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि इन प्रदर्शनों का सिलसिला, इनमें शामिल संगठन और उनके द्वारा दिए जा रहे संदेश गंभीर जांच-पड़ताल की मांग करते हैं, खासकर तब जब विदेशों में राजनीतिक लामबंदी का इस्तेमाल भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों या देश के निर्वाचित नेतृत्व की वैधता पर सवाल उठाने अथवा देश के प्रति शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए किए जाने का खतरा हो।

haribhoomi.com

सेहत

हरिभूमि 12

भोपाल, गुरुवार

12 नवंबर 2026

वर्ल्ड डायबिटीज डे
14 नवंबर, स्पेशल

अगर आपको डायबिटीज है तो इसके कुछ लक्षण आपके हाथ और पैर में भी दिख सकते हैं। इन लक्षणों के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए। इससे आपको इसकी पहचान करने में हेल्प मिलेगी।

हाथ-पैर में भी दिखते हैं डायबिटीज के लक्षण

प्रिकॉशन
रजनी अरोड़ा



हालांकि डायबिटीज को कई लक्षणों से पहचाना जा सकता है। लेकिन कुछ लक्षण ऐसे भी हैं, जो पेशेंट के हाथ-पैर में दिखाई पड़ते हैं। इनके बारे में आपको सजग रहना चाहिए।

पैरों में डायबिटिक लक्षणः डायबिटीज में पैर सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। शरीर में पैर, दिल से सबसे दूर होते हैं, वहां की नसें सबसे लंबी और बारीक होती हैं। गाढ़ा खून और ग्लाइकेशन बारीक नलियों को क्षतिग्रस्त करते हैं, जिससे पैरों तक ऑक्सीजन और पोषण कम पहुंचता है और घाव भरना मुश्किल हो जाता है। शुगर, नसों की सुरक्षा परत (मायलिन शीथ) को कमजोर कर देती है, जिससे दिमाग तक संदेश ठीक से नहीं पहुंचते और डायबिटिक न्यूरोपैथी की स्थिति आ जाती है। इससे कई लक्षण दिख सकते हैं।

झुनझुनी महसूस होनाः ऐसा लगना जैसे तलवों या अंगुलियों पर चींटियां चल रही हों। शुरुआत में यह लक्षण आता-जाता रहता है, इसलिए लोग इसे थकान, बैठने से पैर सोना या विटामिन की कमी समझकर टाल देते हैं। यह नसों के क्षतिग्रस्त होने का सबसे शुरुआती संकेत है।



सुई जैसी चुभनः तलवों में जलन, सुई जैसी चुभन या अचानक बिजली के झटके जैसा एहसास। यह अकसर रात में बढ़ जाता है। जब नसें खराब होने लगती हैं।

चादर के वजन से भी दर्दः रात को पैरों पर हल्की चादर रखने से भी दर्द या जलन हो, तो यह संकेत बताता है कि नसें प्रभावित हैं।

सुन्नपनः पैरों में छूने का एहसास कम हो जाना, जैसे मोजे पहने हों या जमीन महसूस न हो। यह सबसे खतरनाक अवस्थाओं में से है, क्योंकि जब दर्द महसूस नहीं होता, तो चोट, कंकड़, जूते की रगड़ या छाले का पता ही नहीं चलता। छोटी चोट बड़ा घाव बन सकती है।

घाव का ठीक न होनाः पैर का कोई कट या छाला 10-12 दिन बाद भी न भरे, लाल रहे या उससे पानी निकले, तो यह खतरे की घंटी है। ज्यादा शुगर, श्वेत रक्त कोशिकाओं को सुस्त कर देती है और बैक्टीरिया को पनपने का मौका देती है। सुन्नपन के साथ यह मिलकर पैर के अल्सर का कारण बन सकता है, जो गंभीर मामलों में संक्रमण फैलने और अंग काटने तक का रिस्क हो सकता है।

सूखी त्वचा-फटी एड़ियांः नसों के खराब होने से पसीना आना कम हो जाता है, जिससे पैरों की त्वचा बहुत रूखी हो जाती है और एड़ियां गहरी फटने लगती हैं।

त्वचा के रंग में बदलावः पैरों और टखनों पर त्वचा का पतला, चमकदार या भूरा-काला पड़ना, पैरों के बाल झड़ना और पैर ठंडे रहना खून के कम बहाव के संकेत हो सकते हैं।

हाथों में डायबिटिक लक्षणः डायबिटीज होने के कुछ लक्षण हाथों में भी दिखते हैं। अंगुलियों के जोड़ों की त्वचा बाकी हाथ से ज्यादा काली, मोटी, मखमली या खुरदरी दिख सकती है, तो यह टैनिंग या गंदगी नहीं, इंसुलिन रेजिस्टेंस का संकेत है। इंसुलिन ज्यादा होने पर वह त्वचा की कोशिकाओं को तेजी से बढ़ने का सिग्नल देता है। ऐसे निशान गर्दन, बगल और जांघों में भी दिख सकते हैं।

त्वचा पर टैग्स बननाः गर्दन, पलकों, बगल और अंगुलियों के आस-पास त्वचा की छोटी-छोटी लटकन जैसी संरचनाएं बनने को स्किन टैग्स कहते हैं। इनकी संख्या तेजी से बढ़ना इंसुलिन रेजिस्टेंस से जुड़ा हो सकता है।

बढ़ी डायबिटीज के संकेतः दोनों हथेलियां प्रार्थना की मुद्रा में जोड़ने पर अगर अंगुलियों या हथेलियों के बीच खासकर छोटी अंगुली के पास गैप दिखे, तो इसे नजरअंदाज न करें। इसे डायबिटिक हैंड सिंड्रोम भी कहते हैं।

अंगुलियों का अकड़नाः सुबह उठने पर मुट्ठी बनाने या अंगुलियां सीधी करने में परेशानी होना, अंगुली का मुड़कर अटक जाने को ट्रिगर फिंगर कहते हैं। यह भी डायबिटीज का लक्षण हो सकता है। *

(डायबिटीज एक्सपर्ट-डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)

डायबिटीज से बचाव के लिए बनें सजग-रहें सुरक्षित

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
ऑर्टिमिज हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बदलती जीवनशैली, खान-पान की गलत आदतों और एक्सरसाइज या शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण हाल के वर्षों में देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसी समस्या से बचाव के लिए आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, डायबिटिक पेशेंट्स क्या सावधानी बरतें और इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं, इन सभी के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।



भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों की गंभीरता का अंदाजा वर्ष 2025 में जारी डायबिटीज एटलस की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। इसके अनुसार भारत में 20 से 79 वर्ष की आयु के लगभग 9 करोड़ लोग इस समस्या से पीड़ित थे। इसके अलावा लगभग 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में थे। प्री-डायबिटीज वह शारीरिक अवस्था है, जिसमें जब ब्लड में शुगर लेवल सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन वह डायबिटीज की स्थिति तक नहीं पहुंचता। ऐसे लोगो में भविष्य में डायबिटीज होने की आशंका बनी रहती है। इन आंकड़ों की गंभीरता को समझते हुए अगर स्वस्थ लोग भी शुरू से ही अपनी सेहत के प्रति सजगता बरतें तो आसानी से डायबिटीज की समस्या से बचाव संभव हो पाएगा।

क्यों बढ़ रही है समस्या

पिछले दो से तीन दशकों में लोगों की जीवनशैली पूरी तरह बदल गई है। पहले लोग रोजमर्रा के सारे काम-काज खुद करते थे, शारीरिक श्रम उनकी दिनचर्या में शामिल था, इसलिए हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहते थे। लेकिन समय के साथ सभी कार्यों के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल होने लगा, इससे पहले की तुलना में जिंदगी ज्यादा आरामदेह हो गई और लोगों के समय की बचत होने लगी, लेकिन कुछ वर्षों के बाद लोगों की सेहत पर इसका बुरा असर नजर आने लगा। लगातार लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठकर काम करना, मिठाइयों, कोल्ड ड्रिंक्स और जंक फूड का अधिक मात्रा में सेवन करना, छोटी दूरी तक जाने के लिए भी पैदल के बजाय वाहन का इस्तेमाल करना, एक्सरसाइज न करना, सीढ़ियों के बजाय लिफ्ट का इस्तेमाल, ऐसी आदतों के कारण व्यक्ति जो भी खाता है, उससे बनने वाली कैलोरी बर्न होने के बजाय शरीर में जमा होने लगती है, जिससे पेट के आस-पास चर्बी एकत्र हो जाती है और व्यक्ति का वजन बढ़ने लगता है। ऐसी जीवनशैली इंसुलिन रेजिस्टेंस के खतरे को बढ़ा देती है। इसके अलावा देर रात तक मोबाइल पर रील्स देखने की आदत से होने वाली अनिद्रा की समस्या, अति व्यस्त दिनचर्या के कारण पैदा होने वाला तनाव और इस बीमारी की फैमिली हिस्ट्री यानी आनुवंशिकता जैसे कारणों से आजकल हर आयुवर्ग के लोगों में इस बीमारी के लक्षण नजर आने लगे हैं और इसके मरीजों की तादाद तेजी से बढ़ने लगी है।

कैसे पहचानें लक्षणों को

बार-बार गला सूखना, प्यास लगना, रात में टॉयलेट जाने के लिए कई बार नींद खुलना, ज्यादा भूख लगना, बेवजह थकान और सुस्ती महसूस होना, दृष्टि में धुंधलापन, पैरों में झनझनाहट, ज्यादा भूख लगना, बिना डाइटिंग या एक्सरसाइज के वजन का लगातार घटना जैसे लक्षण दिखाई दें तो आपको सचेत हो जाना चाहिए। कई बार शुरुआती दौर में डायबिटीज टाइप-2 के कोई लक्षण नजर नहीं आते। इसलिए अगर कोई समस्या न हो तो भी हर तीन-चार महीने के अंतराल में शुगर लेवल की जांच कर लेनी चाहिए। अगर सुबह खाली पेट शुगर लेवल 130 से ज्यादा और खाने के 2 घंटे के बाद 180 से अधिक हो तो यह इस बात का संकेत है कि व्यक्ति को डायबिटीज की समस्या है। इसी तरह अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी (हर तीन महीने के अंतराल पर की जाने वाली वाली शुगर लेवल की जांच) 5.7 से 6.4 के बीच हो तो उसे प्री-डायबिटिक की श्रेणी में रखा जाता है, यानी यदि समय रहते खान-पान और दिनचर्या में सुधार नहीं लाया गया तो ऐसे व्यक्ति को यह बीमारी बहुत आसानी से अपनी गिरफ्त में ले सकती है। अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी 6.5 से अधिक हो तो उसे डायबिटिक माना जाता है। ऐसी स्थिति में नियमित रूप से एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से जांच कराने के साथ उसके सभी निर्देशों का पालन करना जरूरी हो जाता है।

डायबिटिक पेशेंट्स रखें ध्यान

डायबिटीज के मरीजों को अपने भोजन में मिलेट्स यानी ज्वार, बाजरा, रागी, सावां और कंगनी जैसे मोटे अनाजों को प्रमुखता से शामिल करना चाहिए। सिट्रस यानी संतरा, मौसंबी, नीबू और चकोतरा जैसे खट्टे फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। ऐसे मरीजों को जूस पीने के बजाय सीधे फलों का सेवन करना चाहिए क्योंकि फलों का जूस तेजी से शुगर लेवल को बढ़ा देता है। हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों, स्प्राउट्स, सत्तू, बादाम, अखरोट और अलसी, कद्दू, खरबूजे, सूरजमुखी के बीजों का सेवन भी फायदेमंद होता है। आम, लीची, केला और चीकू जैसे फलों से दूर रहें। एक ही बार में ज्यादा खाने के बजाय हर 2 घंटे के अंतराल पर थोड़-थोड़ा खाएं। मल्टी ग्रेन आटे की रोटियां और ब्राउन राइस का सेवन करें। चावल उबालने के बाद उसका मांड निकालकर फेंक दें। नियमित रूप से योग, एक्सरसाइज के अलावा रोजाना सुबह-शाम आधे घंटे तक वॉक जरूर करें। संतुलित डाइट और शारीरिक गतिविधियों से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से दवा की खुराक में कोई बदलाव न लाएं। ऐसे मरीजों में कई बार अचानक शुगर लेवल घट जाता है, ऐसी स्थिति से उबरने के लिए मरीज को अपने पास टॉफी रखनी चाहिए।।



कई अंगों पर पड़ता है दुष्प्रभाव

- पैरों की नसों में सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द, कई बार एड़ियां बुरी तरह फटने लगती हैं।
- ऐसे मरीजों के हार्ट की धमनियों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमा होता है, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है।
- आंखों का रेटिना प्रभावित होता है और इससे अचानक आंखों की दृष्टि कम होने लगती है।
- किडनी की कार्यक्षमता कमजोर पड़ने जाती है, इससे किडनी से प्रोटीन का लीकेज होने लगता है और गंभीर स्थिति में किडनी फेल्योर की भी समस्या हो सकती है।
- गला सूखने और मसूड़ों में संक्रमण की भी आशंका बनी रहती है।
- त्वचा पर अनावश्यक रूखापन या सिरोसिस जैसे लक्षण दिखते हैं।
- अगर त्वचा पर कोई भी खरोंच या चोट लग जाए तो उससे बनने वाले घाव को भरने में ज्यादा समय लगता है। इसलिए ऐसे किसी भी लक्षण को मामूली समझकर अनदेखा न करें। अगर इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए तो बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

स्वस्थ व्यक्ति ऐसे करें बचाव

अगर आपका शुगर लेवल सामान्य है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप असंतुलित खान-पान और अनियमित दिनचर्या अपनाएं। भविष्य में ऐसी समस्या से बचाव के लिए अभी से ही आपकी कोशिश यही होनी चाहिए कि आप अपनी डाइट में चीनी का इस्तेमाल कम से कम करें। घी, तेल, चीनी, मैदा और जंक फूड से दूर रहें। सादा और संतुलित खान-पान अपनाएं। आपकी डाइट में फाइबर, विटमिंस और प्रोटीन की मात्रा अधिक होनी चाहिए। इसके लिए ज्वार, बाजरा और रागी जैसे सभी मोटे आनाजों को अपनी डाइट में प्रमुखता से शामिल करें। हरी सब्जियों और मौसमी फलों का सेवन करें। *

प्रस्तुतिः विनीता



बच्चों में बढ़ता खतरा

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि आजकल बच्चों में भी डायबिटीज के लक्षण नजर आने लगे हैं। पहले कुछ बच्चों में डायबिटीज टाइप-1 के लक्षण नजर आते थे, लेकिन आजकल खान-पान की गलत आदतों और लापरवाही भरी जीवनशैली के कारण बच्चे वेफर्स, चॉकलेट, केक-पेस्ट्री, पिज्जा, बर्गर और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसी चीजों का सेवन बहुत ज्यादा करते हैं। पार्क में जाकर आउटडोर खेलने-कूदने के बजाय शाम के वक्त घंटों मोबाइल के साथ वक्त बिताते हैं। खान-पान की गलत आदतों और फिजिकल एक्टिविटीज की कमी के कारण आजकल शहरों में रहने वाले अधिकतर बच्चे ओबेसिटी के शिकार हो रहे हैं और इसी वजह से उनमें जुवेनाइल डायबिटीज की समस्या बढ़ रही है। बच्चों को ऐसी समस्या से बचाने के लिए शुरू से ही अपने परिवार में स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करें। लंच या डिनर से पहले अगर उन्हें हल्की भूख लगे तो उस दौरान मंचिंग के लिए उन्हें चॉकलेट, वेफर्स जैसी चीजें देने के बजाय मौसमी फल, ड्राय फ्रूट्स और रोस्टेड मखाने जैसी चीजें खिलाएं।

सजेशन
शिखर चंद जैन

मन को एकाग्र रखे माइंडफुलनेस

हमारा शरीर अकसर वहीं होता है, जहां हम मौजूद होते हैं, लेकिन हमारा मन, कई बार बीते कल की किसी घटना, आने वाले कल की चिंता या मोबाइल की अगली सूचना में उलझा रहता है। हम खाना खाते हुए स्क्रीन देखते हैं, चाय पीते हुए काम की चिंता करते हैं और चलते हुए भी मन में दस योजनाएं बनाते रहते हैं। ऐसे में माइंडफुलनेस यानी सजगता हमारे जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

क्या है माइंडफुलनेसः माइंडफुलनेस का अर्थ किसी विशेष मुद्रा में बैठना या विचारों को जबरन रोक देना नहीं है। इसका सरल अर्थ है, इस क्षण में पूरी तरह उपस्थित होना। सांस भीतर जा रही है तो उसका अनुभव करना, हाथ में चाय है तो उसकी गर्माहट महसूस करना और चलते समय अपने कदमों की गति को जानना। माइंडफुलनेस जीवन में कुछ नया जोड़ने से अधिक, पहले से मौजूद जीवन को सचमुच देखने की कला है। ठीक यही बात चलते समय भी लागू होती है। एक कदम जमीन पर पड़ता है, फिर दूसरा। शरीर आगे बढ़ता है और मन उसके साथ रहता है। कुछ मिनटों की ऐसी सजग चाल भी हमें अपने शरीर और वर्तमान से दोबारा जोड़ सकती है।




शोध से हुआ साबितः 2024 में नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित 37 अलग केंद्रों और 2,239 प्रतिभागियों वाले बड़े अध्ययन में पाया गया कि स्वयं किए जाने वाले छोटे माइंडफुलनेस अभ्यास तनाव कम करने में प्रभावी हो सकते हैं। 2024 की एक अन्य मेटा-विश्लेषण समीक्षा में 111 अध्ययनों और 9,538 प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें माइंडफुलनेस आधारित कार्यक्रमों से समग्र संज्ञानात्मक क्षमता, ध्यान, मेमोरी और निरंतर एकाग्रता जैसे कुछ क्षेत्रों में छोटे से मध्यम स्तर के सकारात्मक प्रभाव मिले। तनाव कम करने में माइंडफुलनेस का प्रभाव केवल मन की बात नहीं है। इसके पीछे तनाव से जुड़ी मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रक्रियाओं में बदलाव की भूमिका हो सकती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हालांकि इसका अर्थ यह नहीं कि माइंडफुलनेस हर समस्या का इलाज है। बल्कि यह हमारे पास उपलब्ध एक मानसिक प्रशिक्षण है, जिसे नियमित अभ्यास से मजबूत किया जा सकता है।

ऐसे करें शुरुआतः शुरुआत में दिन में केवल तीन मिनट आंखें बंद करें। सांस को बदलने की कोशिश न करें। बस महसूस करें, सांस आ रही है, सांस जा रही है। विचार आएं तो उन्हें रोकें नहीं। बस पहचानें और धीरे से ध्यान सांस पर वापस ले आएं। फिर कभी चाय पीते समय केवल चाय पीजिए। चलते समय केवल चलिए। बच्चे से बात करते समय केवल बच्चे के साथ रहिए। *



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

मॉर्निंग वॉक से जब हो आंखों में जलन की समस्या



मेरी उम्र 60 वर्ष है। सर्दियां शुरू होने के बाद जब भी मैं मॉर्निंग वॉक के लिए निकलता हूं, मेरी आंखों में जलन होने लगती है, कई बार सांस लेने में भी दिक्कत आती है। कृपया कोई उपाय बताएं?

-हरीश, रोहतक

इस समय कई शहरों में प्रदूषण काफी अधिक है। आप रोहतक में हैं। दिल्ली और हरियाणा के आस-पास के शहर भी प्रदूषण की चपेट में हैं। इसलिए आपको खास सावधानी रखनी चाहिए। सुबह के समय वॉक नहीं करना चाहिए, क्योंकि सुबह प्रदूषण का स्तर ज्यादा होता है। धूप निकलने के बाद आपको वॉक करना चाहिए। इसके साथ सबसे जरूरी बात है कि आप मास्क पहनकर ही वॉक पर जाएं। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। सर्दियां शुरू होते ही मेरे बालों में डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। बाल रूखे भी हो जाते हैं। इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?

-करण, रायपुर

सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पानी से आप नहाते हैं, वो कैसा है? वो पानी साफ होना चाहिए क्योंकि तमाम शहरों में पानी गंदा आता है। इससे भी बालों की सेहत पर फर्क पड़ता है लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बाजार में मौजूद तरह-तरह के शैंपू, कंडीशनर का इस्तेमाल बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए ना करें। आप जहां रहते हैं, अगर वहां का पानी खारा है तो इस पानी से बाल नहीं धोने चाहिए। नॉर्मल पानी से ही बालों को धोना चाहिए।

मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से बार-बार बुखार और बदन दर्द हो रहा है। कृपया बताएं कि मैं क्या करूं?

-गौतम, बिलासपुर

इस समय मौसम चेंज हो रहा है। कई बार तापमान में उतार-चढ़ाव की वजह से वायरल इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। आपको बुखार आ रहा है और शरीर में दर्द हो रहा है तो यह टाइफाइड के लक्षण भी हो सकते हैं, लेकिन बगैर जांच के कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आप फिजिशियन से संपर्क करें। वे लक्षण देखकर जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और उसी के अनुसार ट्रीटमेंट शुरू होगा।

मेरी उम्र 37 वर्ष है। मैं पिछले साल से बीपी की दवा ले रहा हूं फिर भी मुझे बहुत गुस्सा आता है। मैं क्या करूं?

-सचिन, भोपाल

बीपी की दवा ले रहे हैं लेकिन उससे बीपी कम हो रहा है या नहीं, इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि कई बार देखा गया है कि लोग दवा लेते रहते हैं लेकिन उससे बीपी कम नहीं होता या फिर दवा लंबे समय से लेने से बॉडी उसे एक्सेप्ट कर लेती है और उसका लाभ नहीं होता है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें।

मेरी उम्र 55 वर्ष है। मेरा शुगर लेवल अप-डाउन होता रहता है। कृपया बताएं कि इसे कंट्रोल करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

-राजकिशोर, दुर्ग

ऐसे मामलों में दो बातें बहुत मायने रखती हैं। पहला, दवा का रेग्युलर सेवन और दूसरा, खान-पान सही होना यानी, शुगर के अनुसार डाइट लेना। अगर ये दोनों फॉलो करने के बाद भी आपका शुगर लो-हाई हो रहा है तो जरूर एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। हो सकता है कि दवा की डोज बढ़ाने की आवश्यकता हो।

मेरी उम्र 62 वर्ष है। मैं गैस की प्रॉब्लम से परेशान रहता हूं। इस वजह से भूख भी नहीं लगती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-राजेश, महासमुंद

अगर आपको गैस की प्रॉब्लम रहती है तो आपको खान-पान में ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि आपकी पाचन क्रिया कहीं ना कहीं प्रभावित हो रही है। खान-पान में आप सुबह हल्का नाश्ता करें, साथ में फल और जूस जरूर लें। दोपहर के खाने में छाछ-दही शामिल करें। साथ ही इस बात का ख्याल रखें कि गैस बनाने वाले फूड्स ज्यादा ना खाएं और खाने के बाद थोड़ा वॉक जरूर करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

आईपीएल ट्रेडिंग : हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ की बढ़ोतरी

18 करोड़ में पंजाब के हुए हार्दिक एमआई के लिए खेलेंगे अर्शदीप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे बड़ी और बहु प्रतीक्षित अदला बदली (ट्रेडिंग) में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 18 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई कीमत पर पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं जबकि मुंबई इंडियंस ने उनकी जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अपनी टीम में लिया है। आईपीएल ने बयान में कहा की हार्दिक अपनी मौजूदा फीस 16.35 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि में मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स चले गए हैं जबकि अर्शदीप 18 करोड़ रुपए की मौजूदा कीमत पर मुंबई से जुड़ गए हैं।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इस साल (आईपीएल के पिछले सत्र से पहले) राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बदले में राजस्थान रॉयल्स ने सीएसके से रविंद्र जडेजा को 14 करोड़ और सैम कुरेन को 2.4 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। ट्रांसफर फीस दोनों फ्रेंचाइजी के बीच आपसी समझौता है और यह टीम में बनाए रखने की फीस (रिटेंशन फीस यानि फ्रेंचाइजी का खिलाड़ी को भुगतान किया जाने वाला वेतन) से अलग है।

हार्दिक का एमआई के साथ दूसरा कार्यकाल समाप्त

दोनों टीमों ने आपसी सहमति से तय किया कि हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी होगी और मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें इस बढ़ोतरी का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। बाकी रकम मुंबई इंडियंस को मिलेगी। हार्दिक का इस तरह से मुंबई इंडियंस के साथ दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। वह पहली बार 2015 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे और तब उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ चार खिताब जीते थे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम को 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुंबई की टीम के साथ सात सत्र बिताने के बाद हार्दिक 2022 में 15 करोड़ रुपए की फीस पर गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गए और उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपने पहले ही सत्र में खिताब दिलाया। गुजरात की टीम 2023 में फाइनल तक भी पहुंची थी।



एमआई के तिलक बन सकते हैं उपकप्तान

रोहित को अचानक टीम से बाहर किए जाने का मुद्दा भी विवाद का विषय बना रहा और अब कयास लगाए जा रहे हैं के फ्रेंचाइजी की तरफ से उनके संभवतः आखिरी सत्र में उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी जा सकती है। तिलक वर्मा को उप कप्तान बनाए जाने की संभावना है।

हार्दिक ने एमआई में बिताए खास पल : आकाश अंबानी

मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने कहा, 'हार्दिक ने मुंबई इंडियंस में कुछ बहुत ही खास पल बिताए हैं। हमने उन्हें एक क्रिकेटर के रूप में लगातार बेहतर होते हुए देखा है, विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए देखा है और फिर टीम का नेतृत्व करने के लिए वापसी करते हुए देखा है।' उन्होंने कहा, 'मैं उनका एक क्रिकेटर और एक इंसान के तौर पर बहुत सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'



यादों के लिए आभार अर्श : पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स ने टीम में अर्शदीप के योगदान को स्वीकार करते हुए एक बयान में कहा, 'ढेर सारी हंसी, अनगिनत यादें और ढेर सारी मस्ती। यादों के लिए आभार अर्श।" अर्शदीप आठ सत्र तक पंजाब की टीम से खेलने के बाद अब मुंबई की टीम में शामिल हो रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने 2019 में पंजाब की टीम से आईपीएल में पदार्पण किया था और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने आईपीएल के 96 मैच में 111 विकेट लिए हैं, जो पंजाब किंग्स की तरफ से रिकॉर्ड है। उन्होंने 2025 के सत्र में 21 और 2026 में 14 विकेट लिए। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारुप में भारत का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज भी है। उन्होंने 104 मैचों में 151 विकेट लिए हैं।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

महज 75 मिनट में कोको को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं नोस्कोवा

एजेंसी ▸▸ इंडियन वेल्स

लिंडा नोस्कोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। नोस्कोवा ने कोको गॉफ को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। नोस्कोवा 2011 में पेट्रा क्वितोवा के बाद अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, वह 2024 में गॉफ के बाद अपने पहले दो राउंड-रॉबिन मैच जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी हैं और 2021 में एनेट कोंटावेइट के बाद ऐसा करने वाली पहली नंबर 8 सीड हैं।

मैं अभी भी जीतना चाहती हूं : लिंडा

लिंडा नोस्कोवा ने कहा, मुझे तो यह भी नहीं पता था कि मैं सेमीफाइनल में हूं। मैच खत्म होने के ठीक बाद, मैं पहले से ही इस बात पर फोकस कर रही थी कि मैं दो दिन में जेसी (पेगुला) के साथ कैसे खेलूंगी। इसलिए मेरे लिए ज्यादा कुछ नहीं बदला है। मैं अभी भी जीतना चाहती हूं। मैं अभी भी जो भी स्कोर, जो भी जीत मुमकिन हो, हासिल करना चाहती हूं। मैं यहां असल में मैच नहीं खेल रही हूं, इसलिए यह कुछ अलग नहीं होने वाला है।



नोस्कोवा ने किया गॉफ को पांच बार ब्रेक

नोस्कोवा ने गॉफ को पांच बार ब्रेक किया, जिसमें शुरुआती सेट में चार बार शामिल हैं। उसने नौ में से पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों को कन्वर्ट किया और गॉफ की दूसरी सर्व पर 75 प्रतिशत (24 में से 18) पॉइंट जीते। रिटर्न पर नोस्कोवा ने जो दबाव डाला, उससे उन्हें दोनों सेट में 4-1 की लीड बनाने में मदद मिली। यह नोस्कोवा के लिए इस सीजन की छठी टॉप-10 जीत है, जिसने जुलाई में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था।



खबर संक्षेप



26 ऐतिहासिक बल्ले भेंट करेंगे सचिन

मुंबई। सचिन तेंदुलकर अपने करियर के 26 खास बल्ले मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय को भेंट करेंगे। इन बल्लों में वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे सचिन ने अपने 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों में से कई यादगार शतक जड़े थे। बल्लों के अलावा उनके हेलमेट, जर्सी और करियर के महत्वपूर्ण पलों से जुड़े निजी नोट्स सहित कई अन्य यादगार वस्तुएं भी संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएंगी। इन अनमोल धरोहरों की प्रदर्शनी का अनावरण 16 नवंबर को एक विशेष समारोह में किया जाएगा। 'बैटोग्राफी' नाम से आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से सचिन तेंदुलकर के शानदार क्रिकेट सफर को उनके करियर के विभिन्न दौर में इस्तेमाल किए गए बल्लों के जरिए दर्शाया जाएगा।

आईपीएल में नहीं बढ़ेंगी टीमें : सैकिया



नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने आईपीएल में फिलहाल टीम की संख्या 10 से बढ़ा कर 12 करने की किसी भी संभावना से इनकार करते हुए कहा कि ऐसे प्रस्ताव पर बोर्ड के भीतर अनौपचारिक स्तर पर भी कोई चर्चा नहीं हुई है। सैकिया ने कहा कि वैश्विक क्रिकेट बाजार में आईपीएल को लेकर बढ़ती दिलचस्पी के बावजूद फिलहाल इसके विस्तार की कोई योजना नहीं है। सैकिया ने कहा, '2028 में आईपीएल को 12 टीम का टूर्नामेंट बनाने की संभावना पर हमने औपचारिक या अनौपचारिक तौर पर कोई चर्चा की है। फिलहाल यह हमारे विचाराधीन नहीं है।'

बराड़ ने लगाई लंबी छलांग, 48वें स्थान पर पहुंचे

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : पंत और गिल शीर्ष 10 में शामिल

एजेंसी ▸▸ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विकेटकीपर ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। पंत (713 रेटिंग अंक) आठवें और गिल (697) दसवें नंबर पर हैं। ये दोनों नवीनतम सूची में एक पायदान नीचे खिसके हैं। यशस्वी जायसवाल 13वें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में पहले दो स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक और जो रूट हैं। गेंदबाज गुरनूर बराड़ लंबी छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह इससे पहले शीर्ष 100 में शामिल नहीं थे।



गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर स्टार्क

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं।

रहमत शाह ने शीर्ष 10 में बनाई जगह

इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह आईसीसी टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग की किसी भी श्रेणी में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रहमत ने शारजाह में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में 173 रन की शानदार पारी खेली थी, जिससे वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छह स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। यह रहमत के करियर का पांचवां टेस्ट शतक था, जिसके दम पर यह 33 वर्षीय खिलाड़ी गिल, दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस से ऊपर पहुंच गए हैं।

शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप

नीरज ने जीता ब्रॉन्ज, हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▸▸ दोहा

भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश के लिए पहला कोटा हासिल किया था। नीरज ने फाइनल में कुल 346.5 अंक हासिल किए। वह रजत पदक की दौड़ में भी बने हुए थे लेकिन अंतिम दौर में 9.4 अंक का निशाना लगाने के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।



पिमेनोव ने जीता रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण

व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) के रूप में हिस्सा ले रहे दिमित्री पिमेनोव ने 362.8 अंक के विश्व जूनियर रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि स्लोवाकिया के पैट्रिक जानी ने रजत पदक जीता। पिमेनोव और जानी ने भी लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कोटा हासिल किए। फाइनल में पहुंचे भारत के एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 323.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

कुमामोतो मास्टर्स : जेन को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में लक्ष्य



एजेंसी ▸▸ कुमामोतो

बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला 21-19, 21-18 से अपने नाम किया। जर्मनी में हायलो ओपन का खिताब जीतने के बाद लक्ष्य का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है। हालांकि युगल मुकाबलों में भारत को निराशा का सामना करना पड़ा। भारत के ध्रुव रावत और के. मनीषा को चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चान के खिलाफ 21-16, 14-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

अमसाकरुणन और क्रास्टो की जोड़ी हारी

वहीं, हरिहरन अमसाकरुणन और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी जियांग झेन बांग और वेई या शिन से 7-21, 9-21 से हार गई। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पिछले साल मलेशिया ओपन में ची यू जेन के खिलाफ हार मिली थी। हालांकि उसी साल ऑस्ट्रेलिया ओपन में उन्होंने इस हार का बदला ले लिया था। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और मुकाबले में हर अंक के लिए संघर्ष हुआ।

टेस्ट में रचिन रवींद्र की वापसी, लैथम संभालेंगे कप्तानी

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उस टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया था, हालांकि, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल पूरी तरह फिट होने पर ही पहले टेस्ट मैच में खेल पाएंगे। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाली इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड की 14 सदस्यीय टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। कॉनवे , रविंद्र और ब्लंडेल अभी चोटों से उबर रहे हैं लेकिन उनके टेस्ट श्रृंखला तक फिट होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के दौरे में अपनी टीम को तीन मैच की श्रृंखला में 2-1 से जीत दिलाई थी।



टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप : कार्लसन ने जीता उद्घाटन ब्लिट्ज खिताब

वैशाली की दमदार जीत, एरिगैसी ने टॉप-5 में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸ बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट में वेस्ली सो और हैंस नीमन पर प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में 9 राउंड के ब्लिट्ज स्विस टूर्नामेंट को जीता। भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वह अलीरेजा फिरोजा, फैबियानो कारुआना, नीमन और रिचर्ड रैपोर्ट के साथ 5.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर रहे।



वैशाली की यादगार जीत

महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर वैशाली ने अपने शुरुआती तीन मैचों में दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाई और इसके बाद उन्होंने दो हार और तीन ड्रॉ का सामना किया। हालांकि विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी सो और विश्व में 36वें नंबर के नीमन पर उनकी जीत यादगार रही। आर प्रज्ञाननंदा ने एंड्रयू हांग पर जीत के साथ अपना सत्र समाप्त किया और कुल 4.5 अंक हासिल किए।

तालिका में शीर्ष पर कार्लसन

कार्लसन ने अपने नौ मैचों में से पांच में जीत हासिल की जबकि चार बाजियां ड्रॉ खेली। इससे वह सात अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आर्मेनियाई ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने छह अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद अब 'फास्ट क्लासिक' होगा, जिसके लिए लॉटरी के जरिए ग्रुप तय किए गए। कागजों पर ग्रुप बी सबसे मजबूत नजर आता है है, जिसमें कारुआना, प्रज्ञाननंदा और विंसेंट कीमर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।



मातृभूमि का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में नजर आए सलमान

नई दिल्ली। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में सलमान खान एक्शन अवतार में नजर आए हैं। लगभग साढ़े चार मिनट के ट्रेलर की शुरुआत चाइनीज सैनिकों को दिखाने से होती है। वह आपस में भारतीय सेना के बारे में बात करते हैं। इसके बाद ट्रेलर में भारतीय और चाइनीज सैनिकों को लड़ते हुए दिखाया जाता है। ट्रेलर में आगे दिखाया जाता है कि कैसे सैनिक अपने परिवार से विदा लेकर बॉर्डर पर जाते हैं। ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच भी तनातनी का माहौल बनता है।

लाइफ Style

अनुष्का

'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

24 साल की अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपने फैंस को अपनी जिंदगी से जुड़ी हर अपडेट देती रहती हैं। कई बार अभिनेत्री विदेश में अपने टूर की और अपने माता-पिता के साथ तस्वीरें साझा करती हैं।

हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का सेन ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने सूरज की रोशनी में खूबसूरत पोज दिए हैं। अभिनेत्री ने ब्लैक स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना है। अभिनेत्री ने ऊपर से मरून दुपट्टा डाला है। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक सनग्लासेस से पूरा किया है। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है।' अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'अन्नू के लिए लाल रंग।' एक और यूजर ने लिखा 'चमकता हुआ खूबसूरत चेहरा।' एक और यूजर ने मजाक में लिखा 'कोई पुलिस को बुलाओ। इतना खूबसूरत दिखना अपराध है।' 4 अगस्त 2002 को जन्मीं अनुष्का सेन झारखंड के रांची से ताल्लुक रखती हैं। बचपन में ही वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई में बस गईं। वह बालवीर, झांसी की रानी, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 11, और दिल दोस्ती डिलेमा के लिए मशहूर हैं। अभिनेत्री को साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एम आई नेक्स्ट' में देखा गया था। इसमें उन्होंने हनी नाम की 14 साल की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया था, जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म हुआ और वह गर्भवती हो गई।



हॉलीवुड मसाला




थिएटर, फिल्म और टीवी में किया काम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर स्टेसी कीच का मंगलवार को 85 साल की उम्र में निधन हो गया। स्टेसी कीच 2 जून 1941 को जॉर्जिया के सवाना में पैदा हुए थे। उन्होंने थिएटर, फिल्म और टीवी तीनों में लगभग छह दशक काम किया। शेक्सपियर के नाटकों में उनकी भूमिकाओं को खास पहचान मिली। 1970 में 'इंडियंस' नाटक के लिए उन्हें टोनी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी किया गया था। टीवी पर उन्हें सबसे ज्यादा पहचान जासूस माइक हैमर के किरदार से मिली। 1980 के दशक में 'मिकी स्पिलाने'स माइक हैमर' और बाद की सीरीज में उन्होंने यह रोल निभाया।



हैरी पॉटर की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

नई दिल्ली। फिल्मों के बाद अब हैरी पॉटर टीवी सीरीज के रूप में फिर से वापसी कर रहा है। इस बार नई स्टार कास्ट हॉगवर्ट्स की दुनिया में जादू करती हुई दिखाई देगी। जब से हैरी पॉटर की टीवी सीरीज का ऐलान हुआ है, तभी से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार हैरी पॉटर टीवी सीरीज का ऐलान हो गया है। हैरी पॉटर की अनाउंसमेंट 2023 में ही हो गई थी। तीन साल से दर्शक फिर से हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को देखने के लिए बेताब थे। हैरी पॉटर टीवी सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। यह क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को ओटीटी पर एक सरप्राइज पैकेज बनकर आने वाली है। इसके अलावा हॉगवर्ट्स के प्रिंसिपल अल्बस डंबलडोर के रूप में जॉन लिथगो, प्रोफेसर मैकगोनागल के रूप में जेनेट मैकटीर, प्रोफेसर स्नेप के रूप में पापा एस्सीडू, हैग्रिड के रूप में निक फ्रॉस्ट, प्रोफेसर क्विरेल के रूप में ल्यूक थैलन, आर्गस फिल्च के रूप में पॉल व्हाइटहाउस नजर आएंगे। हैरी पॉटर टीवी सीरीज 7 सीजन में रिलीज होगी। पहला सीजन 'द सॉर्सरर्स स्टोन' पर आधारित है जिसमें 8 एपिसोड होंगे।



'गनमास्टर जी9' का दमदार ट्रेलर जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी के फैंस को उनकी फिल्म 'गनमास्टर जी9' का बेसब्री से इंतजार है। 11 नवंबर को इस फिल्म का ट्रेलर वीडियो रिलीज हो गया है, जिसमें उनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ रहे हैं।। 'गनमास्टर जी9' 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आदित्य दत्त ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है। मेकर्स ने जो ट्रेलर वीडियो जारी किया है वो 2 मिनट 41 सेकेंड का है, जिसकी शुरुआत इमरान के एक दमदार डायलॉग से होती है। वो कहते हैं, 'पुजारी अपना तिलक, मियां भाई अपना ईमान और हम अपने इश्क को सिर पर सजाकर रखते हैं। पर एक दिन किसी ने उन्हें कदमों पर गिराकर रौंद डाला। उसके बाद आगे जेनेलिया संग उनकी केमिस्ट्री दिखाई जाती है।



कंगुआ के फ्लॉप के बाद जबरदस्त कमबैक

मुंबई। साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा जब फ्लॉप हुई थी तो एक्टर को बड़ा शॉक लगा था। सीन फिल्म के साथ ही सूर्या की बैक-टू-बैक 4 फिल्में सुपरहिट साबित हुई हैं। रणबीर कपूर की रामायण के सामने भी सूर्या की सीन फिल्म ने बढ़िया कलेक्शन कर के दिखाया। इस फिल्म ने रिलीज के 5 दिन में दुनियाभर में 175 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। इसके पहले सूर्या ने कंगुवा के बाद बॉक्स ऑफिस पर जोरदार वापसी की। उनकी फिल्म रेट्रो 60 करोड़ के बजट में 250 करोड़ का कलेक्शन करने में सफल रही थी। इसके बाद सूर्या की कुरुप्पु ने भी 130 करोड़ के बजट में 360 करोड़ रुपए की कमाई की और बजट से दुगना कमाते हुए सुपरहिट साबित हुई। वहीं, साल 2026 की ही शुरुआत में आई विश्वनाथ एंड सन्स फिल्म ने भी खूब पैसे कमाए।

टीवी मसाला

एक्स हसबैंड जय का नाम घसीटने पर भड़कीं माही

नई दिल्ली। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 20' का घर एक बार फिर विवादों और पर्सनल अटैक का अखाड़ा बन गया है। हाल ही में सामने आए शो के नए प्रोमो में टेलीविजन एक्ट्रेस माही विज और उनकी साथी कंटेस्टेंट लव गिल के बीच जोरदार कहासुनी और तीखी झड़प देखने को मिली। झगड़े के दौरान जैसे ही बात माही विज की पर्सनल लाइफ, शादी और उनके पति जय भानुशाली तक पहुंची, माही अपना आपा खो बैठीं। रोते-बिलखते हुए माही ने लव गिल को सख्त चेतावनी दी और साफ कहा कि वे उनकी शादीशुदा जिंदगी और पति का नाम बीच में न लाएं। प्रोमो के मुताबिक, इस पूरे फसाद की शुरुआत माही विज द्वारा की गई एक टिप्पणी से हुई थी। दरअसल, माही विज ने घर के सदस्य काजी तौकीर और मनीष गोयल के साथ बातचीत के दौरान लव गिल के लिए 'होमब्रेकर' (घर तोड़ने वाली) शब्द का इस्तेमाल किया था। हालांकि, उस बातचीत के दौरान लव वहां मौजूद नहीं थीं। लेकिन, बाद में जब लव गिल को इस बात का पता चला, तो उन्होंने सीधे माही विज के सामने आकर सवाल दाग दिए और दोनों के बीच विवाद गरमा गया। प्रोमो में दिखाया गया है कि लव गिल द्वारा पर्सनल सवाल पूछे जाने पर माही विज काफी परेशान हो जाती हैं। माही स्पष्ट लहजे में लव से कहती हैं, मेरे डिवोर्स (तलाक) पर बात मत करो। इस पर अपना बचाव करते हुए लव गिल जवाब देती हैं, जैसे इन्होंने मेरे लिए एक वर्ड बोला 'होमब्रेकर'' लव के मुंह से अपनी पर्सनल लाइफ और शादी का जिक्र सुनते ही माही विज बेहद इमोशनल हो जाती हैं और रोते हुए वहां से हटने लगती हैं।



शो 'शांति' सब पर पड़ गया था भारी

नई दिल्ली। दूरदर्शन के कई ऐसे शो थे जिन्होंने दर्शकों का ना सिर्फ दिल जीता था, बल्कि इनके किरदारों ने घर-घर में अपनी जगह बना ली थी। अब हम आपको दूरदर्शन के ही एक ऐसे शो के बारे में बताने वाले हैं जिसने 90 के दशक में अपनी एक अलग छाप छोड़ दी थी। इतना ही नहीं इस शो ने कई बाकी शोज तक को बड़ा कॉम्पटीशन दिया था। जिस शो की हम बात कर रहे हैं वो 1994 में आया था। शो में मंदिरा बेदी लीड रोल में थीं। मंदिरा ने इसमें पत्रकार का किरदार निभाया था। यह शो दोपहर में 2.30 बजे आता था और जब ये शो आता था तो दर्शक खासकर महिलाएं इसे देखने के लिए सारा काम छोड़कर बैठ जाती थीं। इस शो को लेकर जबरदस्त क्रेज था। बच्चे भी स्कूल से घर आकर इस शो को देखते थे। जिस शो की यहां बात हो रही है उसका नाम है शांति। शांति शो को आदि पोचा ने डायरेक्ट किया था और इसमें मंदिरा के अलावा मोहिनी शर्मा, राजेश तायलांग, अमित बहल, अनूप सोनी, यतिन कार्येकर, अमर तलवार भी थे।



मराठी फिल्म गोंधल के बाद 99वें एकेडमी अवॉर्ड के लिए भेजी गई 'रामायणम'

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायणमः पार्ट 1' लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अब 99वें एकेडमी अवॉर्ड यानी ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसे ऑस्कर कमिटी के पास एंट्री के लिए भेजा है। खास बात यह है कि इसी साल मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर चुना गया है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म को ऑस्कर के विचार के लिए भेजा है, हालांकि इसकी कैटेगरी अभी साफ नहीं हैं। ऑस्कर के नियम ऐसे हैं कि भारत की ऑफिशियल एंट्री चुने जाने के बाद भी दूसरी भारतीय फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। यानी जरूरी नहीं कि किसी देश की सिर्फ एक ही फिल्म ऑस्कर तक पहुंच पाए। योग्य फिल्में एकेडमी के नियमों को पूरा करके दूसरी कैटेगरी में भी आवेदन कर सकती हैं। ऑस्कर की दूसरी मुख्य कैटेगरी में जगह बनाने के लिए फिल्मों को एकेडमी के कुछ जरूरी नियम पूरे करने होते हैं। इनमें सबसे अहम नियम है कि फिल्म को अमेरिका के किसी तय शहर के सिनेमाघरों में लगातार कम से कम 7 दिनों तक दिखाया जाना चाहिए। इन शहरों में लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास-फोर्ट वर्थ और अटलांटा शामिल हैं। इसके बाद फिल्म के मेकर्स या डिस्ट्रीब्यूटर को एकेडमी के पास जरूरी फॉर्म और फिल्म से जुड़ी जानकारी जमा करनी होती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930